सुप्रभात
रांची, शनिवार
20.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित   सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 10 | 12



आतंकी नेटवर्क और मददगारों को खत्म करें : अमित शाह

न्यूज डायरी

### रांची में शाह आज पार्टी नेताओं को देंगे मार्गदर्शन

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को रांची आ रहे हैं। वह भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करेंगे। आयोजनस्थल जगन्नाथ मैदान सज धजकर तैयार है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर अमित शाह का मार्गदर्शन हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा।

### सीएम ने मारांग बुरु से राज्य की उन्नति मांगी

**गिरिडीह।** मारांग बुरु दिशोम मांझी थान में हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पूजा-अर्चना की। पुजारी चांदोलाल टुडू ने पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना करवायी। पूजा करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य की उन्नति की कामना की। मारांग बुरु दिशोम मांझी थान के प्रति संथाल समाज की विशेष आस्था है।

### घूस लेते आपदा प्रबंधन अफसर समेत दो गिरफ्तार

**रांची।** एसीबी की रांची टीम ने लोहरदगा जिले के आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार और उनके सहयोगी डॉ अभिराज राणा को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों को शहरी क्षेत्र के वरदान हॉस्पिटल से गिरफ्तार किया गया है। किस्को थाना निवासी नीलम कुमारी से मुआवजे राशि रिलीज करने के बदले में विभाकर कुमार ने 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग रहे थे।

### जेजेएमपी के दो नक्सली गिरफ्तार

लातेहर। पुलिस ने नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो नक्सलियों को गारू थाना क्षेत्र से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के नाम मनोज उरांव और चंचल सिंह हैं।

### तीनों सेना प्रमुखों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**नयी दिल्ली।** रक्षा अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति ने तीनों सेना के प्रमुखों को सम्मानित किया। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को परम विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया।




## सीएम आवास घेरने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठी चार्ज



# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में खराबी से थमी दुनिया की रफ्तार

## उड़ानें, बैंक और रेलवे सेवा तबाह, साइबर अटैक से इनकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वैश्विक माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। भारत, यूरोप, अमेरिका, आस्टेलिया समेत दुनिया के तमाम देशों में उड़ानें, बैंकिंग और रेलवे सेवा ठप हो गयी। एयरपोर्ट पर यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस संकट के कारण हैदराबाद एयरपोर्ट पर 35 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गयी।, कोलकाता एयरपोर्ट की ओर आने वाली 11 उड़ानों को रद्द किया गया। 29 फ्लाइट डिले रही। मुंबई एयरपोर्ट की चेक-इन प्रणाली बंद रही। इस बीच खबर है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर हालात में सुधार आया। साइबर सुरक्षा कंपनी




क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉर्ज कट्र्ज ने कहा कि यह सुरक्षा से जुड़ी कोई घटना या साइबर हमला नहीं है। समस्या की पहचान कर ली गई है और उसका समाधान भी कर दिया गया है। माइक्रोसाफ्ट ने भी दावा किया कि समस्या का समाधान हो गया है।

**माइक्रोसॉफ्ट ने किया समाधान का दावा :** माइक्रोसॉफ्ट ने क्लाउड आउटेज को लेकर कहा है कि तीसरे पक्ष के सॉफ्टवेयर मंच के अपडेट की वजह से विंडोज संचालित उपकरण प्रभावित हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के एक प्रवक्ता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल लेंगे और फिर उन्होंने दावा कि समाधान निकाल लिया गया है। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आयी इस संकट के चलते दुनिया भर में कामकाज पर असर पड़ा है। अपडेशन के कारण हवाई अड्डे और एयरलाइन के परिचालन में खामी आयी। क्लाउड आउटेज के कारण इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा समेत कई एयरलाइन के नेटवर्क पर ऑनलाइन चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रियाओं में व्यवधान आया।

(शेष पेज 11 पर)

## कम बारिश से चिंतित किसानों को सीएम का भरोसा

# किसानों के हित में सभी कदम उठायेंगे



- अधिकारियों से बारिश पर शीघ्र मांगी रिपोर्ट
- सबको मिले कल्यानकारी योजनाओं का लाभ : हेमंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद, गिरिडीह ।** झारखंड में मानसून की बेरुखी से चिंतित किसानों को सीएम हेमंत सोरेन ने कहा ि वे चिंता नहीं करें। उनकी सरकार किसानों को ऐसे ही नहीं छोड़ेगी। उनके हित में जरूरी सभी कदम सरकार उठायेगी। सीएम ने उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से तीन-चार दिनों के अंदर बारिश की स्थिति पर पूरी रिपोर्ट भेजने को कहा। वे स्वयं पूरी रिपोर्ट का अध्ययन कर किसानों के हित में कदम उठायेंगे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन शुक्रवार को मधुबन स्थित परिसदन में अधिकारियों के साथ बैठक कर कर रहे थे। सीएम ने कृषि, वन, व बिजली विभाग सहित अन्य विभागों के विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हाथियों के लिए कॉरिडोर बनायें। किसी की मौत पर पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दें। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

**धरातल पर दिखे योजनाएं :** बैठक में सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की तमाम विकास योजनाएं धरातल पर दिखनी चाहिए। ये योजनाएं हर घर तक पहुंचे, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें।

(शेष पेज 11 पर)

### कम बारिश पर तीन-चार दिनों में रिपोर्ट दें

कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि अभी तक बारिश कम हुई है। ऐसी स्थिति में उन्होंने किसानों की मदद करने के लिए कृषि विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों को तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने तीन-चार दिनों के अंदर बारिश की स्थिति पर पूरी रिपोर्ट राज्य सरकार और सीएमओ में भेजने को कहा है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं पूरी रिपोर्ट का अध्ययन कर किसानों के हित में कदम उठायेंगे।

### हाथियों के लिए बनायें कॉरिडोर

वन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारी को हाथियों के लिए कॉरिडोर बनाने की दिशा में कार्य करने को कहा. उन्होंने कहा कि यदि हाथियों के कारण किसी की मौत हो जाती है, तो प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दें। हाथी यदि किसी का घर क्षतिग्रस्त करते हैं, तो उन्हें नया मकान उपलब्ध करायें।

### संथाल में घुसपैठ मुद्दा पॉलिटिकल एजेंडा

घुसपैठियों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनके विरोधियों का पॉलिटिकल एजेंडा है। मौके पर राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह आदि मौजूद थे।

### समय पर दें बिजली बिल

मुख्यमंत्री ने बिजली विभाग को आपूर्ति में सुधार लाते हुए उपभोक्ताओं को समय पर बिजली का बिल देने को कहा। बिल समय पर नहीं देने से उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरतें। राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं का दो सौ यूनिट बिजली बिल माफ किया इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए। इसका संबंधित विभाग पालन करें।

महिला एशिया कप

### भारत ने पाक को 7 विकेट से रौंदा

**नयी दिल्ली।** महिला एशिया कप 2024 के पहले मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से रौंद दिया। इस तरह टीम इंडिया ने जीत के साथ टूनार्मेंट में आगाज किया है।

दांबुला में चल रही प्रतियोगिता में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 109 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में भारत ने 14.1 ओवर में सिर्फ तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

भारत की ओर से स्मृति मंधाना(45) और शेफाली वर्मा (40) ने तेज तर्रार पारी खेली। टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की टीम 19.2 ओवर में 108 रन बनाकर सिमट गयी।

## खुलासे के बाद से सहमी-सहमी रहती थी रिम्स की छात्रा

# सुरभि तीन दिन की सीबीआइ हिरासत में

### सॉल्वर मॉड्यूल की 5वीं सदस्य है सुरभि, पंकज के संपर्क में थी

**खबर मन्त्र टीम**

रांची। नीट-यूजी पटना पेपर लीक मामले में गिरफ्तार रिम्स की प्रथम वर्ष की मेडिकल छात्रा सुरभि कुमारी को और पूछताछ के लिए तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया है। सुरभि कुमारी को सॉल्वर मॉड्यूल की पांचवीं सदस्य बताया जा रहा है, जो पंकज कुमार द्वारा चुराये गये पेपर को हल करने के लिए पांच मई की सुबह नीट-यूजी परीक्षा के दिन हजारीबाग में मौजूद थी। रिम्स के एक डॉक्टर के मुताबिक पेपर लीक की बात सामने आने के बाद से ही वह सहमी रहती है। अपने साथियों से भी ज्यादा बात नहीं करती थी। इससे पहले बुधवार को भी सीबीआई ने पटना एम्स के चार स्टूडेंट को गिरफ्तार किया था। सभी से सीबीआइ अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

नीट पेपर लीक मामला




**परीक्षा के दिन हजारीबाग में थी :** आरोप है कि सुरभि कुमारी सॉल्वर मॉड्यूल की पांचवीं सदस्य है, जो पंकज कुमार द्वारा चुराए गए पेपर को हल करने के लिए पांच मई की सुबह नीट-यूजी परीक्षा के दिन हजारीबाग में मौजूद थी। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि सीबीआई की टीम ने बुधवार को अस्पताल प्रबंधन से संपर्क किया था। वे नीट पेपर लीक के सिलसिले में छात्रा से पूछताछ करना चाहते थे। रिम्स प्रबंधन ने टीम को पूरा सहयोग दिया। गुरुवार को उन्होंने सुरभि से पूछताछ की और शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**सुरभि का रामगढ़ से कनेक्शन :** रांची रिम्स से शिकंजे में ली गयी छात्रा रामगढ़ में कुज्जु ओपी क्षेत्र में एक किराए के मकान में माता-पिता के साथ रह रही थी।

(शेष पेज 11 पर)

डेंगू रोधी माह
(जुलाई 2024)




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है

याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आसपास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

क्या करें
- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते है, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते है, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नही है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

क्या नहीं करें
- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें। शरीर को पूरी तरह न ढंकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। 104

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 330007 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 24-25

## सामाजिक सुरक्षा व न्यूनतम पारिश्रमिक पर कार्यशाला में बोले मंत्री

# गिग वर्कर्स को हक और सम्मान देना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्रम नियोजन विभाग के द्वारा गिग वर्कर्स के सामाजिक सुरक्षा व न्यूनतम पारिश्रमिक पर झारखंड में अच्छे कार्यों को बढ़ावा देने पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ श्रम नियोजन मंत्री सत्यानन्द भोगता ने दीप जला कर किया। रेडीसन ब्लू होटल आयोजित कार्यशाला में श्री भोक्ता ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य ऐसे लोगों को उनका उचित हक और सम्मान देना है। उन्होंने कहा, गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतनमान एवं सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा के माध्यम से राज्य केंद्रित नीति निर्माण को गति देना और गिग अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों के लिए उच्च स्तर पर उनके कार्य व अनुभवों पर आधारित अवसरों एवं चुनौतियों को साझा करने का अवसर प्रदान करना था।




**झारखंड सबसे आगे :** मंत्री सत्यानन्द भोगता ने कहा कि राज्य में गिग वर्कर्स के लिए उचित एवं न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक कानून लाया जा रहा है, जो सम्भवतः देश में ऐतिहासिक और पहला राज्य झारखंड होगा। इस कार्यशाला के माध्यम से गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा के माध्यम से राज्य केंद्रित नीति निर्माण को तेज गति प्रदान करना है। कार्यक्रम में भाग लेने आये गिग वर्कर्स को मंत्री ने शॉल देकर सम्मानित किया। साथ ही सीएम सारथी योजना के सफल उम्मीदवारों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया। मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृति योजना के तहत श्रमिकों के बच्चों को डायरेक्ट बेनेफिट्स ट्रांसफर के जरिये छात्रवृति प्रदान की गयी। 17,490 छात्र-छात्राओं को 10,67,46,000 करोड़ राशि का भुगतान ऑनलाइन किया गया।

(शेष पेज 11 पर)

## अमित शाह के दौरे से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फोड़ा बम

# केंद्रीय गृहमंत्री की तस्वीर जारी कर पूछा सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में शिरकत करने के लिये केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज रांची आ रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री के रांची दौरे से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जमीन घोटाले में आरोपी और फरार कमलेश कुमार की केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ मुलाकात वाली तस्वीर जारी कर एक बड़ा राजनीतिक धमाका किया। झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने पिछले मई महीने की एक तस्वीर मीडिया में जारी किया। जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और बाबूलाल मरांडी के साथ इडी के आरोपी कमलेश कुमार को दर्शाया गया है। जमीन के अवैध कारोबार में लगे कमलेश कुमार के यहां छापेमारी में 01 करोड़ रुपया और जिंदा कारतूस मिला था। इडी की ओर से पांच-पांच समन देने के बावजूद वह आज तक इडी से बचता रह रहा है।

**झामुमो का अमित शाह से सवाल** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने पूछा कि क्या शनिवार को जब केंद्रीय गृहमंत्री मंत्री अमित शाह रांची आएंगे तो उनकी मुलाकात भी अलग-अलग आरोप में फंसे लोगों से होगी। अगर बाबूलाल मरांडी ने इसकी कोई योजना बना रखी है तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए।

**झारखंड में इडी के स्पेशल डायरेक्टर बने हुए हैं बाबूलाल मरांडी** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि दरअसल राज्य में बाबूलाल मरांडी परिवर्तन निदेशालय का स्पेशल डायरेक्टर बने हुए हैं। जो यह तय करते हैं कि किसके खिलाफ इडी को कार्रवाई करनी है और किन-किन आरोपियों-भ्रष्टाचारियों से झारखंड आने वाले केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करवाना है।

सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि राज्य में जो भी लोग भाजपा की नीतियों का विरोध करते हैं उस पर इडी कार्रवाई करती है, जबकि सच्चाई नौ मई की दो तस्वीर बयां कर रही है। जब केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण से ईडी के आरोपी की बाबूलाल मरांडी निर्मला सीतारमण से मुलाकात करवाते हैं।

### भाजपा के अंदर हो रहे घुसपैठ से कैसे निपटेंगे अमित शाह : झामुमो

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रिया भप्ताचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अब अपने कार्यकताओं पर भरोसा नहीं रह गया है, इसलिए वह भ्रष्टाचारियों की मदद ले रही है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी के अंदर ही घुसपैठियों की जमात है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर नेता प्रतिपक्ष तक शामिल है। ऐसे में गृहमंत्री इन घुसपैठियों से कैसे निपटेंगे, यह बड़ा सवाल है।

### क्या शिवराज सिंह चौहान के झारखंड दौरे का खर्च भारत सरकार वहन करेगी

झारखंड दौरे पर लगातार आ रहे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड दौरे पर होने वाले खर्च को लेकर भी झामुमो ने सवाल उठाया है। असम के एक अधिकारी द्वारा झारखंड के डीजीपी को लिखे पत्र को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम में होने वाले खर्च को असम सरकार कैसे वहन करेगी। यह बड़ा सवाल है कि ऐसे में भारत सरकार को यह जवाब देना चाहिए कि क्या केंद्रीय कृषि मंत्री के झारखंड दौरे का खर्च भारत सरकार खर्च कर करेगी।

## बीजेपी सुनियोजित ढंग से बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर कर रही है तुष्टिकरण की राजनीति : संजय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद अनुशासन समिति का बैठक समिति के अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में समिति के सदस्य मंजू शाह, सुनीता चौधरी और भूतनाथ यादव मौजूद थे। बैठक के दौरान अनुशासन समिति में मिली कई लोगो की शिकायतों पर चर्चा की गई। बैठक में सदस्यों के बीच निर्णय हुआ की अगली बैठक में विचार विमर्श कर कारवाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बैठक के उपरांत प्रदेश राजद की ओर से मीडिया को जानकारी देते हुए प्रधान महासचिव संजय प्र यादव ने कहा कि बीजेपी राज्य में नफरत फैलाने का कोशिश कर रही है। केंद्रीय मंत्रियों द्वारा लगातार झारखंड को बांग्लादेशी घुसपैठी के नाम पर टारगेट कर मुस्लिम तुष्टिकरण की घिनौनी राजनीति की जा रही है।

विदित है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा द्वारा मुस्लिमो के खिलाफ निरंतर अनर्गल बयानबाजी कर आरोप लगाया जा रहा है कि देश आजादी के बाद 12 फीसदी मुस्लिम थे, लेकिन 2024 में 40 फीसदी मुसलमान हो गए है। यह ब्यान बेहद ही शर्मनाक और निंदनीय है, जबकि असम में बाढ़ के कारण 10 लाख लोग बेघर हो गए हैं और सीएम हिमंत विश्व शर्मा झारखंड में टूरिस्ट बने घूम रहे हैं।


**OFFICE OF DEPUTY DEVELOPMENT COMMISSIONER RANCHI**

Ref No: - Date: -

SUB –Short Term Expression of Interest for Supply & Installation of Sewing machines for SHG women in Ranchi District under CSR Fund 2023-24.

| NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Invitation for Supply & Installation of Sewing machines for SHG women in Ranchi District under CSR Fund 2023-24. |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 20.07.2024 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | RS 2,00,000.00 (Two Lakhs Only) in favour of DDC Ranchi, Payable at Ranchi. MSME Registered Organization to be exempted as per Jharkhand Procurement policy 2014. |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 30.07.2024 by 3.00 PM |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | DRDA Office, Vikas Bhawan, Ranchi |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 30.07.2024 by 3.30 PM |
| 07 | BID OPENING PLACE | DRDA Office, Vikas Bhawan, Ranchi |
| 08 | NAME AND OFFICE FOR INVINTING EOI | DRDA Office, Vikas Bhawan, Ranchi |
| 09 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | 0651-2202076 Drdaranchi2017@gmail.com |

NOTE: - FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT WWW.RANCHI.NiC.IN

District Administration, Ranchi reserves the right to have negotiation with any or all, accept or reject any or all the EOI Proposal and annual this process at any time without assigning any reason whatsoever be.

PR.NO.329918 Ranchi(24-25):D DEPUTY COMMISSIONER, RANCHI

**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,लोहरदगा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या–04/2024–25

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में खाद्यान्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 26.07.2024 के पूर्वाहन 11:00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 26.07.2024 के अपराह्न 11:30 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा
परियोजना निदेशक, आई०टी०डी०ए०, लोहरदगा

PR 329999 Lohardaga(24-25).D

**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

e-procurement Notice inviting RFP (2nd Call) for Engineering, Procurement & Construction (EPC)

Ref No: SHAJ/Tech/CW/Angarha-Rahe Road/2024/394 Date: 19.07.2024

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for **Construction of H.L. bridge over Gunga nala in 5th km of Angarha-Hahe-Rahe road including ROB**. The approximate cost of the work is Rs. **82.73** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **22.07.2024 (10:30 A.M.) to 14.08.2024 (upto 12:30 P.M.).**
   The complete RFP Application shall be submitted online by **14.08.2024 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **16.08.2024 (at 12:30 PM).**
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 0.83 crore (Rs. Eighty Three Lakhs) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.

Sd/-
Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand
Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR 330049 (State Highway Authority of Jharkhand) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**उद्योग विभाग**
**कार्यालय :- अग्र परियोजना केन्द्र, हाटगम्हरिया,पश्चिमी सिंहभूम**

अति–अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना– 01/2024–25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कार्यालय अग्र परियोजना केन्द्र हाटगम्हरिया पश्चिमी सिंहभूम अंतर्गत कीटपालन, बीजागार एव फार्म परियोजनार्थ कीटपालन/ उपस्करों/ सामग्री के क्रय करने हेतु इच्छुक ईकाई/प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्त्ता से सीलबंद लिफाके में अति–अल्पकालीन निविदा /कोटेशन आमंत्रण की जाती है।

1. कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.07.2024 अपराहन 03:00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान अग्र परियोजना केन्द्र, हाटगम्हरिया, पश्चिमी सिंहभूम।
3. निविदा खोलने की तिथि 29.07.2024 पूर्वाहन 11:00 बजे।
4. (EMD) की राशि रू0 में 30,000.00 (तीस हजार) मात्र।
5. सहायक उद्योग निदेशक(रेशम) चाईबासा पश्चिमी सिंहभूम की अध्यक्षता में गठित क्रय समिति के समक्ष निविदा खोला जायेगा एवं न्यूनतम दर वाले आपूर्तिकर्त्ता का चयन किया जायेगा।
6. चयनित निविदाकर्त्ता के कार्यादेश निर्गत होने के 07 (सात) दिनों के अंदर सामग्री सहित विपत्र उपलब्ध कराना होगा।
7. निविदाकर्त्ता द्वारा वित्तीय विड में अंकित किए गये जी0एस0टी0 सहित सामग्री के मूल्य के अतिरिक्त अन्य कोई कर अथवा व्यय भूगतान नही किया जायेगा और न ही कोई अग्रिम भूगतान किया जायेगा।
8. इस निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट :– निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें एवं सामग्री का विवरण कार्यालय के सूचनापट् पर देखा जा सकता/प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
अग्र परियोजना पदाधिकारी
अग्र परियोजना केन्द्र, हाटगम्हरिया,(प0 सिंहभूम)

PR 330091 West Singhbhum(24-25).D


## फोटो वॉर में राज्य सरकार ने करोड़ों का किया बंटाधार : प्रतुल शाहदेव

### सहायक पुलिस कर्मियों पर लाठी चार्ज राज्य सरकार की बर्बरता की असलियत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा है कि फिजूल खर्ची की बात करने वाले राज्य सरकार ने सिर्फ फोटो वॉर में करोड़ों रुपयों का बंटाधार कर दिया। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो को भाजपा के केंद्रीय नेताओं के दौरे पर आना फिजूल खर्ची लगता है। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा पूर्णता फंड किये जाने वाले मोबाइल वेटरिनरी क्लिनिक वैन योजना सिर्फ फोटो वॉर के कारण बबार्दी के कगार पर है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमार पड़े जानवरों का पशुपालकों के घर पर जाकर ही इलाज करने की योजना थी।

राज्य के सभी 236 ब्लॉकों में इस तरह के मोबाइल वैन को देने की योजना थी। प्रथम खेप में 70 वैन मिल भी गये थे। 10 अगस्त, 2023 को राज्य सरकार ने इन वैनों के संचालन के लिए एमओयू भी कर दिया। लेकिन, 1 वर्ष से भी ज्यादा समय से यह वैन खड़ी है। इनमें अभी भी पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्र लेख की तस्वीर लगी है। इन वैनों की खरीद में राज्य सरकार का कोई पैसा नहीं लगा है। यह उदाहरण है कि किस तरीके से राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाना और अटकाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के लिए 66 लाख थैलें बनवाये गये थे। इसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की तस्वीर लगी हुई थी।थैलों में योजनाओं का भी जिक्र था। इनमें से सिर्फ 22 लाख थैली बांटे गये। जबकि 44 लाख थैली को नहीं बांटा गया। उन्होंने कहा कि यह विशुद्ध रूप से सरकारी खजाने का दुरुपयोग है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के तस्वीर वाली बाकी बची हुई थैली को बांटने में राज्य सरकार की दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी राज्य सरकार बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियो के मुद्दे पर गुमराह करने की कोशिश कर रही है।उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि सीमावर्ती 6 जिलों के उपायुक्त ही शपथ पत्र के जरिये घुसपैठ की जानकारी देंगे और उनको निकालने के कदम भी बतायेंगे लेकिन राज्य सरकार के दबाव में जानबूझकर एलआरडीसी, एसी और एसडीओ जैसे कनीय अधिकारियों ने एफिडेविट करके गलत जानकारी दी कि कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया इन 6 जिलों में नहीं है।

उन्होंने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे सहायक पुलिसकर्मियों पर सरकार ने बर्बरता का परिचय दिया। असहाय और निहत्थे सहायक पुलिसकर्मियों को लाठियां से पीटा गया। कई के सर फट गये।दर्जनों अस्पताल में भरती हैं। यह सहायक पुलिसकर्मी सिर्फ सरकार के दिये गये पूर्व के आश्वासन को अमल में लाने की मांग के कारण आंदोलन कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार और तारीक इमरान भी उपस्थित थे।

## सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा रिजल्ट जारी करने की नहीं मिली सुप्रीम कोर्ट से अनुमति

## कहा-पेचीदा हो सकता है मामला

### मामले की सुनवाई 3 सितंबर को, करीब 26001 पदों पर होनी है सहायक आचार्य की नियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट निकालने की फिलहाल अनुमति राज्य सरकार को नहीं दी है। कोर्ट ने कहा है कि अभी रिजल्ट प्रकाशित करने से कई सफल अभ्यर्थियों को प्रतिवादी बनाकर नोटिस जारी करना पड़ेगा। इससे मामला पेचीदा हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है, इसलिए फाइनल सुनवाई के लिए 3 सितंबर की तिथि निर्धारित की जाती है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल माह में सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार और जेएससीसी को निर्देश दिया था कि वह सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना सहायक आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट प्रकाशित नहीं कर सकती है। मामले में सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से आवेदन देकर सहायक आचार्य परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दलील को नहीं सुना। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि सहायक आचार्य का रिजल्ट अभी जारी हो जाएगा तो मामला पेचीदा हो जाएगा। सफल अभ्यर्थियों को प्रतिवादी बनाकर नोटिस जारी करना होगा।

वही झारखंड सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 27 अप्रैल को सहायक आचार्य की परीक्षा हो चुकी है जिसमें कई अभ्यर्थी जिसमें प्रार्थी भी शामिल है अपनी परीक्षा दे चुके हैं। परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं होने से दिक्कत हो रही है। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण एवं झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट से कहा कि सहायक आचार्य परीक्षा का रिजल्ट जारी करने के पूर्व सुप्रीम कोर्ट से अनुमति लेने संबंधी आदेश सुप्रीम कोर्ट ने पारित किया गया था। इसके बावजूद भी जेएसएससी ने अपने वेबसाइट पर कैलेंडर जारी कर दशार्या है कि सहायक आचार्य परीक्षा का रिजल्ट सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जाएगा। जेएसएससी के वेबसाइट को देखकर ऐसा लगता है कि राज्य सरकार एवं जेएसएससी पहले से अनुमान हो गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सितंबर माह तक रिजल्ट निकालने की अनुमति प्रदान कर दी जाएगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में झारखंड टेट ( जेटेट) पास अभ्यर्थी की ओर से सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास और झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास अभ्यर्थी को शामिल करने के खिलाफ एसएलपी दाखिल की गई है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी एवं न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। यहां बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल माह में आदेश दिया था कि झारखंड सरकार और जेएससीसी सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना सहायक आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट प्रकाशित नहीं कर सकती है। क्योंकि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लंबित है इसलिए मामले के लंबित रहने तक रिजल्ट प्रकाशित नहीं की जाए। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण एवं हाई अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की।

## खबर एक नजर में

### किसी कार्य के निष्पादन में देरी आपराधिक विश्वासघात नहीं : झारखंड हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया कि सिर्फ किसी कार्य के निष्पादन में देरी को आपराधिक विश्वासघात नहीं माना जाना चाहिए। दरअसल सिमडेगा सिविल कोर्ट ने शंकर सिंह और सोरथो सिंह को दोषी करार दिया था। दोनों ने कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट मे चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। वर्ष 2006-07 में स्कूल भवन के निर्माण के लिए प्राथियों को 3 लाख 78 हजार 250 रुपये दिये गये थे। यह पैसा आरोपियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। लेकिन तय समय सीमा में स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने शंकर सिंह और सोरथो सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। ट्रायल के बाद कोर्ट ने दोनों को दोषी करार देते हुए सजा भी सुना दी। निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए हाईकोर्ट ने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि सिर्फ कार्य के निष्पादन में देरी आपराधिक विश्वासघात नहीं है, वह भी तब जब कार्य निष्पादन की समय-सीमा से जुड़ा कोई एग्रीमेंट मौजूद ना हो।

### हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए गढ़वा, पलामू और लातेहार के डीसी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के उपायुक्त सशरीर उपस्थित हुए। दरअसल पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले में 10 ग्राम सेविकाओं की नियुक्ति को 24 साल बाद अचानक रद्द कर दिया गया था। इसके बाद सभी ग्राम सेविकाओं ने नियुक्ति रद्द करने के खिलाफ और बकाया वेतन व रिटायरमेंट बेनिफिट की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2023 में इनकी याचिका स्वीकार करते हुए लंबित वेतन का भुगतान करने और रिटायरमेंट बेनिफिट देने का निर्देश तीनों जिलों के डीसी को दिया था। लेकिन अब तक इस आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। जिसपर नाराजगी जताते हुए अदालत ने उक्त जिलों के डीसी को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को तीनों जिलो के डीसी अदालत में उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को यह जानकारी दी कि दो सप्ताह में अदालत के आदेश का अनुपालन कर किया जायेगा। प्राथिर्यों की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने बहस की। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ. एस एन पाठक की कोर्ट में हुई।

### बंगाल में बन रहा निम्न दबाव क्षेत्र 22 जुलाई से बारिश की संभावना

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बन रहे लो सकुर्लेशन का असर झारखंड में 22 जुलाई से दिखने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दिन से राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश होने की संभावना है। जिससे लोगों को अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव से मानसून रफ्तार पकड़ेगा, राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर भागों में 22 जुलाई से अच्छी बारिश होने की प्रबल संभावना हैं। शुक्रवार की देर रात तक खाड़ी में निम्न दबाव के बनने की प्रक्रिया पूरी होते ही बंगाल और ओडिशा के तटीय इलाकों के साथ-साथ झारखंड में भी जमकर बारिश होगी और इसका असर 24 जुलाई तक पूरे राज्य में रहेगा। ऐसे में तीन दिन अच्छा खासी बारिश हो सकती है। ऐसे में पिछले कुछ दिनों से सुस्त पड़े मानसून को एक बार फिर से तेज होने की प्रबल संभावना है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर प꠰िम सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, रांची, लोहरदगा, लातेहार, रामगढ़ जिले में देखने को मिलेगा। वहीं, अगले 2 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, तीन दिनों के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कमी होने की संभावना है।

### टीवीएनएल के एमडी के विरुद्ध कोर्ट जाएंगे चंद्र प्रकाश चौधरी

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने ललपनिया स्थित तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीवीएनएल) के एमडी अनिल कुमार शर्मा द्वारा जारी व्याप्त भ्रष्टाचार व भारी वित्तीय अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बाद भी अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं किए जाने पर झारखंड उच्च न्यायालय जनहित याचिका दायर करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमने 14 जून को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। इस बीच किसी तरह का कोई कदम राज्य सरकार के द्वारा नहीं उठाया गया तो हमने पुनः एक जुलाई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इस पत्र में एमडी द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का बिंदु वार उल्लेख कर पद से हटाकर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने व किसी योग्य पदाधिकारी को एमडी की जवाबदेही देने की मांग की गयी है।साथ ही इस तरह का पत्र हमने राज्यपाल को भी लिखा। बावजूद इसके इस पत्र पर भी राज्य सरकार का उदासीन रवैया सामने आया है। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रशासनिक प्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। कहा है कि हमारे पत्र पर कोई सकारात्मक प्रशासनिक कार्रवाई व आदेश जारी नहीं किया गया है।

### सैनिक मार्केट की दुकानें खाली करने के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची जिला प्रशासन द्वारा मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट की दुकानों को खाली कराये जाने के आदेश पर रोक लगा दी है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। दरअसल जिला प्रशासन ने सैनिक मार्केट के कई दुकानदारों को दुकानें खाली करने का आदेश दिया था। जिला प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ राम नथुन साह और अन्य पूर्व सैनिकों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने बहस की।

### छवि रंजन समेत तीन ने दाखिल की डिस्चार्ज अर्जी

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद.फरोख्त के फजीर्वाड़े में संलिप्त रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत तीन आरोपियों ने शुक्रवार को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शनिवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में छवि रंजन के साथ जेल में बंद कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल एवं जमानत पर चल रहे न्यूक्लियस मॉल के संचालक कारोबारी विष्णु अग्रवाल याचिका दाखिल की है। शुक्रवार को मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित की थी। लेकिन आरोपियों की ओर से डिस्चार्ज याचिका दाखिल करने के कारण सुनवाई टल गई। मामले में अब तीनों की याचिका पर आदेश पारित होने के बाद आरोप गठन पर सुनवाई होगी। हालांकि कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 29 जुलाई निर्धारित की है। जानकारी हो कि छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4०55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में भी आरोपी हैं। इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में है। चेशायर होम मामले में भी कुछ दिनों बाद रिमांड पर लिया गया।

### इश्तियाक अहमद की याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले से प्राप्त राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में चार्जशीटेड मेसर्स ओम कोक इंडस्ट्रीज के साझेदार इश्तियाक अहमद की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई प꠰ात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत सुरक्षित आदेश 29 जुलाई को सुनायेगी। याचिकाकर्ता ने 9 जुलाई को याचिका दाखिल की है। इश्तियाक अहमद उक्त मामले में जेल में बंद हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी उर्फ टुन्नू मल्लिक का संबंधी है। आरोपी पर प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने में इजहार अंसारी को सहयोग करने का आरोप है।

सुप्रभात
शनिवार 20.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 92
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

## विधायक महेंद्र हत्याकांड में नूनू का बयान दर्ज

**धनबाद।** माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोप मे जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा ऊर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया । सुनवाई के दौरान सीबीआई ने नूनू महतो को बतौर गवाह पेश किया जिसे अदालत को दिए बयान में घटना का समर्थन किया हालांकि उसने किसी को पहचानने से इनकार किया ।अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है ।उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 05 को माले विधायक महेन्द्र सिंह कि हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चलाकर कर दी थी। हत्या की गुत्थी सुलझाने का जिम्मा सीबीआई के स्पेशल क्राईम ब्रांच लखनऊ को सौंपी गई थी। जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। गिरिडीह कोर्ट में पेशी के दौरान 14 नवंबर 12 को साकिम दा पुलिस बल पर हमला कर अपने साथियों के साथ भाग गया था।

## मोबाइल चोरी में सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जज हत्याकांड में उम्र कैद की सजा काट रहे आरोपी राहुल वर्मा व लखन वर्मा के विरुद्ध दर्ज मोबाइल चोरी के मामले की सुनवाई शुक्रवार को अदालत में हुई। धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे की अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सीबीआई ने दोनों के विरुद्ध हत्या के अलावे ऑटो चोरी एवं मोबाइल चोरी अलग एफआईआर 7 सितंबर 21 को दर्ज की थी । सीबीआई ने दोनों के विरुद्ध 27 अक्टूबर 21 आरोप पत्र दायर किया था। 24 नवंबर 21 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी।

## सजायाफ्ता पीएफ क्लर्क ने किया सरेंडर

**धनबाद।** रिश्वत लेते रंगे हाथ धराए सीएमपीएफ के पूर्व पीएफ क्लर्क संतोष प्रसाद ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में सरेंडर किया । धनबाद सीबीआई के विशेष न्यायधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने उसे जेल भेज दिया है । दरअसल संतोष को निचली अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में दोषी करार देते हुए 26 अगस्त 16 को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई थी। अदालतने उसे अपील के लिए औपबंधिक जमानत दी थी । निचली अदालत के आदेश को संतोष ने हाईकोर्ट में चुनौती दी हाईकोर्ट ने भी उसके अपील को खारिज कर दी थी ।लिहाजा संतोष ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी परंतु सुप्रीम कोर्ट से भी उसे राहत नहीं मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जुलाई 24 को आदेश पारित करते हुए संतोष को दो सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया था।

# बाल मजदूरी सहित बच्चों की गलत गतिविधियों पर लगाएं अंकुश

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने पदाधिकारियों को दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में बाल अधिकारों को लेकर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सख्त नजर आ रहा है। आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने बताया कि नाबालिग बच्चों का खनन क्षेत्र एवं अवैध कोयला खनन में बेजा इस्तेमाल, दुकान, होटलों में बाल मजदूरी, श्मशान, कब्रिस्तान, रेलवे स्टेशन, बस डीपो, जंगल-झाड़ियों और खुले मैदानों में नाबालिगों का जमावाड़ा तथा नशे की लत, घरों और कल-कारखानों में चोरी में बच्चों की संलिप्तता बढ़ी है। बच्चों की इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आयोग के सदस्य ने समाहरणालय में बैठक की और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे कार्यो से बच्चों को रोकने, नशे के शिकार बच्चों के पुनर्वास और उन्हें शिक्षा से जोड़ने, कक्षा एक में बीपीएल बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करने, 18 वर्ष से कम उम्र के जरूरतमंद बच्चों को स्पॉन्सरशिप से जोड़ने के लिए अभियान चलाने को कहा। सभी विभागों को नशा मुक्ति के लिए मेगा कैंप लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए सेंसर युक्त कृत्रिम अंग लगाने के लिए राज्य स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले के 18 वर्ष से कम उम्र के दिव्यांग बच्चों का डाटा भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग से जिले में संचालित प्ले स्कूलों में नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, उसकी जांच करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने जेएसएलपीएस को जरूरतमंद बच्चों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने तथा यदि माइंस में घर है और खनन के लिए बच्चों का इस्तेमाल हो रहा है तो खनन विड्डाग को तत्काल कार्रवाई करने का ड्डी निर्देश दिया। बैठक के बाद श्री तिवारी ने एसएसपी हृदीप पी जनार्दन से मुलाकात की। उन्होंने सीडब्लूसी कार्यालय में एक महिला एवं एक पुरुष गार्ड देने का अनुरोध किया। साथ ही बच्चों को बाहर भेजने के दौरान सुरक्षा प्रदान करने की बात भी कही।




### बैठक में थे मौजूद

बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सीडब्लूसी धनबाद के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, लीगल प्रोबेशन ऑफिसर विश्वंभर पोद्दार, डीएसपी मुख्यालय संदीप कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, माइनिंग इंस्पेक्टर बिनोद बिहारी प्रमाणिक के अलावा जेएसएलपीएस, श्रम व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## सरकारी शराब दुकान में नगदी सहित हजारों की हुई चोरी

**सिंदरी।** सिंदरी के डोमगढ़ हटिया के नजदीक सरकारी विदेशी शराब दुकान में चोरों द्वारा नकदी समेत विदेशी शराब की चोरी की है। सूचना मिलने पर आबकारी विभाग और सिक्योरिटी एजेंसी ने घटनास्थल का जायजा लिया। शराब दुकान के प्रभारी विनोद पासवान ने बताया कि शुक्रवार की सुबह दुकान खोलने पर देखा कि ऊपर लगा एस्बेस्टस शीट हटा हुआ था और विदेशी शराब की बोतलें बिखरी दिखाई दीं। तत्काल आबकारी विभाग को सूचना दी गई। आबकारी विभाग के एसआई कुलदीप कुमार ने बताया कि चोरों ने लगभग 25 हजार रुपये नकद और 35 हजार रुपये की विदेशी शराब की चोरी की है। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी एजेंसी मामले की जांच कर रही है।

## एडीएम ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश



### सभी वार्डों में जाकर किया गया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एडीएम ला एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद ने आज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कालेज अस्पताल के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जन्म-मृत्यु रिकार्ड के दुरुस्त नहीं रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसे अपडेट करने का निदेश दिया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, लावारिस वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, पोइजन वार्ड, वाह्य विभाग, शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी विभाग, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष, किचन, लॉन्ड्री समेत विभिन्न विभाग एवं सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित पंजियों की जांच की । लांड्री की स्थिति को देखकर असंतोष व्यक्त करते हुए सुधार करने हेतु एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल सह अधीक्षक डॉक्टर ज्योति रंजन को निर्देशित किया। साफ सफाई में और बेहतर सुधार लाने हेतु संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया गया।

श्रीमती प्रसाद ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। साथ ही उन्होंने मरीज से बातचीत कर राउंड पर डॉक्टर के आने, नर्स द्वारा समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराने, साफ सफाई की व्यवस्था, चादर बदलने, साफ सफाई समेत दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, प्राचार्य सह अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन समेत कई वरीय डॉक्टर मौजूद रहें।

## एनएसयूआई ने अव्यवस्था दूर करने को आरएसपी कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आरएसपी कॉलेज की अव्यवस्था को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई के प्रतिनिधियों नेकॉलेज के प्रचार्य का घेराव किया। प्रतिनिधियों ने बताया कि कॉलेज के बेलगड़िया टाउनशिप में शिफ्ट होंने के बाद लगातार अव्यवस्था बढ़ रही है। छात्र-छात्राएं यहां अपना एडममिशन नहीं कराना चाहते हैं। यही स्थिति रही तो जिले के सबसे पुराने इस कॉलेज का आस्तित्व समाप्त हो जायेगा। साथ ही प्रिंसिपल को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में कॉलेज ड्रेस कोड लागू करने, जर्जर भवनों की तत्काल मरम्मत, कॉलेज में बाउंड्री वॉल कराने, कॉलेज में कक्षाओं का नियमित संचालन, कक्षाएं और शौचालय की नियमित साफ सफाई की मांग शामिल है। उक्त सभी समस्याओं का शीघ्र निदान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई।



### प्रतिनिधिमंडल में थे शामिल

प्रतिनिधि मंडल में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, झरिया नगर अध्यक्ष देवेंद्र पासवान,धनबाद नगर अध्यक्ष सन्नी सिंह, आरएसपी कॉलेज अध्यक्ष सुधीर सिंह आदि शामिल थे।

## कॉलेज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

कतरास। शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान सह फ्रेशर्स वेलकम समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एसएसपी एच पी जनार्दनन,अति विशिष्ट विकास कुमार चीफ सिजुआ ग्रुप टाटा स्टील झरिया डिविजन, विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार ठाकुर उपस्थित थे। अध्यक्षता विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की। वर्ष 2024 के इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं एवं उनके माता-पिता को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र, प्रोत्साहन राशि व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वरीय आरक्षी अधीक्षक एचपी जनार्दनन ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत ही महत्व है। बिना अनुशासन के कोई आगे नहीं बढ़ सकता है ना अपने जीवन को बेहतर कर सकता है। छात्र छात्राएं अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें तथा सफलता प्राप्त करें। मौके बसंत महतो, परितोष महतो, सुमित कुमार महतो, रामेश्वर महतो, रंजीत महतो, दुर्गा महतो, कीर्तिवास महतो, उत्तम कुमार महतो, दिनेश कुमार महतो आदि मौजूद थे।



एक नजर में

## सिंदरी में घर के पीछे मिला भाजपा नेता के रिश्तेदार का शव



■ पिता सहित परिवार के लोग गए हैं पैतृक गांव, पुलिस कर रही है इंतजार

**सिंदरी।** सिंदरी में 42 वर्षीय विवाहित नन्हे पांडेय का शव शुक्रवार को उसके घर के के पीछे मिला। खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सिंदरी पुलिस युवक के शव को उसके घर में ही सुरक्षित रखकर परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। युवक भाजपा नेता रामदेव पांडेय का रिश्तेदार बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद भाजपा नेता ने बताया कि घटना की सूचना नन्हे के पिता के क्वार्टर नं 2 18 निवासी पूर्व एफसीआईएल कर्मी वैद्यनाथ पांडेय ने दूरभाष पर दी। वे सभी रिश्तेदार के निधन पर अपने गांव बिहार के सिवान गए हुए हैं। वैद्यनाथ पांडेय ने बताया कि उन्हें पड़ोसियों ने सुबह को सूचना दी है। पूरा घर खुला हुआ है। नन्हे का शव घर के पिछले दरवाजे के पास गंजी और जांघिया पहने हुई अवस्था में पड़ा पाया गया है। शव के सिर से खून का रिसाव हो रहा है और मक्खियां भिनभिना रही हैं। शव के करीब दो थालियां और खाने से भरी एक कटोरी रखी दिखाई दे रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शव देखकर प्रतीत हो रहा है कि घटना एक दो दिन पहले की है।

## भौंरा और लोदान क्षेत्र में आज से निषेधाज्ञा

**धनबाद।** 22 जुलाई को स्थानीय ग्रामीणों एवं श्रमिक संगठनों के प्रस्तावित आंदोलन को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने 4 ए पैच भौंरा दक्षिण कोलियरी तथा लोदना एरिया 10 क्षेत्रिय कार्यालय के 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में निषेधाज्ञा लगाया है। इसे तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रखने की बात कही गई है। इस दौरान उस क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का आंदोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना, किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, रैली, सभा, लाउडस्पीकर का उपयोग करना, हरवे हथियार एवं अग्नेयास्त्र चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बलों, कंपनी के पदाधिकारियों, कर्मियों, प्रतिष्ठान के कार्य से आने-जाने वाले छोटे एवं बड़े वाहनों पर लागू नहीं होगा। साथ ही विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थान में आने जाने या अन्य व्यक्तियों के क्षेत्र से होकर अन्य काम से आने-जाने अथवा क्षेत्र से शोभायात्रा, वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से जाने वाले लोगों पर प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसी प्रकार यह प्रतिबंध सिखों के कृपाण धारण, नेपालियों के खुखरी धारण करने पर भी लागू नहीं होगा।

## बीएसएल में रु-ब-रु संवाद का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल कार्मिकों का निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित रुबरु नामक संवाद कार्यक्रम में बीएसएल के लगभग पचास अनाधिशासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी की अगुवाई में सभी ने सुरक्षा शपथ ली। एजीएम सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं कुमार रजनीश ने ₹सुरक्षा संस्कृति परिवर्तन - आगे का रास्ता की थीम पर एक प्रस्तुतीकरण किया। वरीय प्रबंधक सुरक्षा प्रमोद कुमार सिंह ने कवच पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

## एसएनएमएमसीएच में परिवार नियोजन पर कार्यशाला

### परिवार नियोजन सेवा के संबंध में दी गई पूरी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच ( शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल ) में शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पीएसआई इंडिया, नई दिल्ली के सलाहकार डॉ. बुलबुल सूद ने परिवार नियोजन सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं एनएचएम से परिवार नियोजन नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा एवं राज्य परिवार नियोजन समन्वयक गुंजन खलखो वर्चुअल रूप से जुडी रही और अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता स्त्री प्रसव रोग एचओडी डॉ. राजलक्ष्मी तुबिद ने की।



### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर डॉ सूद, सभी फैकल्टी मेंबर, लेबर रूम व ओटी के इंचार्ज सिस्टर, अंतिम बर्ष के एमबीबीएस छात्र, पीएसआई इंडिया टीम के जनरल मैनेजर नीलेश कुमार, मैनेजर प्रेम कुमार, पूजा गुप्ता मौजूद थे।

## पांडरपाला झड़प मामले में 57 नामजद और 500 अज्ञात पर एफआईआर

**धनबाद।** पांडरपाला में मोहर्रम के दौरान दो गुटों के बीच झड़प के बाद प्रशासन की तरफ से 57 नाजद और 500 अज्ञात पर एफआईआर की गई है। वही एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि कारवाई की जाएगी। बता दें कि पांडरपाला में बुधवार को मुहर्रम पर्व की रात्रि में ताजिया के रूट बदलने के बाद दो गुटों के बीच जमकर झड़प हो गई थी, जिसमें कई लोग घायल भी हो गए थे। उसके बाद पुलिस प्रशासन की तरफ से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी।

# आधी-अधूरी तैयारियों के बीच शुरू होगी कांवर यात्रा

### शिव भक्त कांवरियों का सुल्तानगंज आगमन शुरू

गणेश झा

**कांवरिया मार्ग से।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के शुरू होने में मात्र तीन दिन बचे हैं। लेकिन देश के विभिन्न भागों से शिव भक्त कांवरियों का आवागमन शुरू हो गया है। कांवरिया मार्ग बोल बम के जयकारे से हू जने लगा है। प्रतिदिन कांवरियों की संख्या में वृद्धि होती भी देखी जा रही है। इस कांवर यात्रा के उद्गमस्थल सुल्तानगंज में फोरलेन राजमार्ग सड़क के निर्माण का काम बारिश की वजह से बीच में ही रुक जाने की वजह से शहर में अभी से भयंकर जाम की स्थिति बन गई है। कांवरियों का हुजूम उमड़ने से हालात और भी बदतर और बेकाबू हो जाने के आसार हैं।

अधिकारियों ने अपनी कमजोरी छिपाने के लिए और समय से काम पूरा न कर पाने की वजह से श्रावणी मेले की तैयारियों को पूरा करने की डेडलाइन आगे बढ़ाई 1 है। पहले यह तारीख 15 जुलाई रखी गई थी। मेला 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। कांवरिया मार्ग पर पड़ने वाले तमाम शौचालयों में बिना किसी रिपेयर वर्क और सफाई के चूने और रंग की पुताई कर दी गई है। शौचालयों में पानी का इंतजाम भी अभी तक नहीं हुआ है।प्रशासनिक अधिकारियों ने 15 जुलाई तक सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश संबंधित सभी विभागों के अभियंताओं अधिकारियों को दिया है। पर ग्राउंड रिपोर्ट देखने पर पता चलता है की कार्य प्रारंभ तो है, पर बुनियादी सुविधाएं अभी तक भी पूरी तरह से किसी भी जगह पर बहाल नहीं की जा सकी हैं। पूछे जाने पर संबंधित अधिकारियों का एक ही रटा रटाया जवाब होता है की कार्य प्रगति पर है, समय से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान कार्य शैली को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि आधी-अधूरी तैयारियों के साथ ही श्रावणी मेला प्रारंभ हो जाएगा।

### कच्ची और टूटी हुई सड़कों की नहीं हुई है सफाई

कांवरिया मार्ग में पड़ने वाले तारापुर के अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार के स्तर से नियमित अनुश्रवण के लिए अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कुमार रमन ने तैयारी के बाबत जायजा लिया। कई जगहों पर कच्ची सड़क टूटी हुई थी और कीचड़ से भी सनी हुई थी और इसके फ्लैंक में गंदगी, घास और कचरों की सफाई नहीं हुई थी। शौचालयों में रंग रोगन तो हो गया, परंतु उनकी सफाई और उनमें पानी की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। चापाकलों में रंग रोगन हो चुका है पर उन पर इबारत लिखने और चबूतरों की मरम्मती का काम अधूरा पड़ा हुआ है। कई जगहों पर शौचालयों की मरमती का काम अभी चल ही रहा है। तारापुर प्रखंड क्षेत्र में कच्ची कांवरिया पथ पर बालू बिछाने का काम शुरू ही नहीं हो पाया है। आरसीडी बांका संपूर्ण कांवरिया मार्ग में काम कर रहा है। मुंगेर जिला अंतर्गत 26 किलोमीटर के हिस्से में कुमरसार नहर से 10 किलोमीटर तक बालू बिछाने का काम किया गया है, जबकि कमरांय से चाफा तक काम किया गया है। इस काम में लगी एजेंसी के केयरटेकर का कहना है कि शीघ्र पूरा काम कर लिया जाएगा। धर्मशालाओं में रंगरोगन और सफाई का काम किया गया है। कच्ची पथ और मुख्य मार्ग से कच्ची पथ को जगह-जगह जोड़नेवाली लिंक रोड पर अतिक्रमणकारियों का अस्थाई कब्जा अभी तक बरकरार है। इसे हटाने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। इसबीच, तारापुर के विधायक राजीव कुमार सिंह अधिकारियों के साथ मिलकर अब तक की इन तैयारियों की गति को देखने आनेवाले हैं। फिर डीएम मुंगेर का एक और निरीक्षण दौरा होने की संभावना भी बताई जा रही है।

## डीडीसी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का किया निरीक्षण



**राजमहल।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यक्रम को लेकर डीडीसी सतीश चंद्रा ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया गया। सीएम हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर डीडीसी सतीश चंद्रा ने शुक्रवार को राजमहल बालू प्लॉट एवं मटियाल स्थित न्यू बस स्टैंड का स्थल निरीक्षण किया हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल में उपलब्ध सुविधाओं एवं कार्यक्रम के लिए तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का साहिबगंज आगमन होना है इस क्रम में राजमहल स्थित बालू प्लॉट में कार्यक्रम प्रस्तावित है तथा इस दौरान राजमहल क्षेत्र की कई योजनाओं का उनके द्वारा शिलान्यास किया जाना है मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार ,उप-समाहर्ता विमल सोरेन आदि मौजूद थे।

# एसएसपी ने दिया भगोड़े अपराधियों को दबोचने का निर्देश

## मासिक समीक्षा बैठक में दी गई हर अपराध पर पैनी नजर रखने की हिदायत

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** एसएसपी हृदिप पी जनार्दनन ने भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने संगठित अपराध से जुड़े अपराधियों व गैंग्स से जुड़े गैंगस्टर की गिरफ़्तारी के भी निर्देश दिये। बैठक में न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट व कुर्की के आदेश को यथाशीघ्र तमिल करने को कहा। उन्होंने थानों में लंबित मामले कम करने सहित मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

एसएसपी ने समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की। दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले की जांच निर्धारित अवधि में पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने को कहा।

एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को लॉटरी, जुआ, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थो की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत बताई। नशे के कारोबार पर लगाम कसने को कहा।

पुलिस अधिकारियो को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्कूल कॉलेज से सौ मीटर की दूरी पर किसी भी दुकान व पान गुमटी में बेचे जा रहे तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाया जाना चाहिए।

बैठक में खनिज सम्पदा के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ विशेष मुहिम चलाने का निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने को कहा गया, ताकि चोरी व लूट जैसी वारदतों को रोका जा सके। समीक्षा बैठक में एसपी सिटी अजीत कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार, डीएसपी मुख्यालय 2 संदीप गुप्ता, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मणिक बाखला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी भूपेंद्र राउत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा आनंद ज्योति मिंज, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत पुलिस निरीक्षक मौजूद थे।



समीक्षा करते एसएसपी

एसएसपी हृदिप पी जनार्दनन ने सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी को पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेज समेत सामाजिक स्तर पर निरंतर जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश भी दिया।

# तोपचांची के पांडेयडीह गांव में बंद पड़े घर से लाखों की चोरी

## भुक्तभोगी ने थाने में नहीं की है लिखित शिकायत



**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र के सिंहदाहा पंचायत स्थित पाण्डेयडीह गांव में गुरुवार देर रात बंद पड़े टिंकू पांडेय के घर से चोर लगभग 5 लाख की संपत्ति लेकर उड़न छू हो गए। टिंकू पांडेय बिहार के नवादा जिला में पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत हैं।

उनके तीन भाई पप्पू पांडेय, बेनीचंद पांडेय और मनोरंजन पांडेय घर में सो रहे थे। चोरों ने बाहर से सभी कमरों की किल्ली बंद कर घटना को अंजाम दिया। भुक्तभोगी के भाई बेनीचंद पांडेय ने बताया कि जिस घर में हुई है, उसकी बगल के कमरे में उनका भतीजा सोया हुआ था। देर रात लगभग 12 बजे उसने कुछ आवाज सुनी। इसके बाद फोन कर सबको जगाया। जब दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो बंद पाया गया। भतीजा किसी तरह अपने कमरे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकला और फिर उसने दूसरे घरों का दरवाजा खोला। उन्होंने बताया कि चोरों ने भाई के घर में आलमारी तथा बक्से को तोड़कर उसमें रखे सोने तथा चांदी के आभूषण की चोरी की, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये है।

स्पीड न्यूज

### नीतीश कुमार से मिला झाखंड जदयू का प्रतिनिधिमंडल

**धनबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को जदयू का प्रतिनिधिमंडल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिला और एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने को लेकर विचार विमर्श किया। नीतीश कुमार ने मजबूती के साथ झारखंड में चुनाव लड़ने का आश्वासन दिया तथा तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड के प्रभारी अशोक चौधरी, मधुकर सिंह, धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, प्रदेश महासचिव राजकुमार सोनी आदि मौजूद थे।

### एडीएम ने कुजामा क्षेत्र में गोलीबारी स्थल का लिया जायजा

धनबाद। कुजामा कोलियरी अंतर्गत एटी देवप्रड्ढा आउटसोर्सिंग की परियोजना में कोयला चोर और सीआइएसएफ की टीम के बीच ड्ढिड़ंत एवं गोलीबारी के बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों व सीआईएसएफ से वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि अब स्थिति समान्य हो गई है। किसी प्रकार की लॉ एंड आर्डर की समस्या अब नही है। दोषियों को चिन्हित कर एफआईआर की प्रक्रिया चल रही है। कानून हाथ में लेने वाले किसी ड्ढी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जायेगा। मौके पर झरिया अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### भूमिहीन आदिवासी पर सरकारी शोषण अति चिंतनीय : बसपा

**धनबाद।** बहुजन समाज पार्टी ने भूमिहीन आदिवासी के सरकारी शोषण पर रोष प्रकट किया है। शुक्रवार को पार्टी ने लिखित मांग पत्र उपायुक्त धनबाद को देते हुए इस मामले में उचित हस्तक्षेप की मांग की है।

कहा गया है कि पूर्वी टुंडी अंचल अंतर्गत पिपराटांड़ निवासी बाबूराम मांझी के घर का रास्ता के साथ वहां बने सामुदायिक भवन का रास्ता को स्थानीय प्रशासन द्वारा बंद किया जा रहा है, जिससे स्थानीय आदिवासी समाज व ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बसपा की टीम ने स्थानीय बाबूराम मांझी का घर व सामुदायिक ड्ढवन जाकर मुआयना किया। देखा कि वहां स्थानीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपराटांड़ का चहारदीवारी निर्माण हेतु सीमांकन जैसे तैसे किया गया है। उससे रास्ता पूरी तरह बंद हो जाएगा।

# मुहर्रम में दो गुटों की झड़प के बाद विधायक ने ली इलाके की सुध

## पांडरपाला में लागू है निषेधाज्ञा, पुलिस कर रही है कैंप

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद।** पांडरपाला में बुधवार को मुहर्रम के अवसर पर ताजिया का रूट बदलने के सवाल पर दो गुटों की झड़प के बाद पुलिस प्रशासन की तरफ से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पुलिस वहां कैंप कर रही है। शुक्रवार को स्थिति का जायजा लेने धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना को निंदनीय बताया। कहा कि ताजिया निकालने का रूट तय था तो दूसरा रास्ता बनाने की जरूरत क्या थी। लोगों का कहना है कि जिस रूट पर ताजिया निकालना था, वहां एक टूटा हुआ नाला था। उस रूट से ताजिया नहीं जा सकता था। इसलिए रूट बदलना पड़ा। विधायक ने कहा कि जब शांति समिति के लोगों को यह बात पहले से मालूम थी तो थाना प्रभारी को क्यों नहीं अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि ताजिया निकालने वालों ने गरीबों का घर तोड़ा है। मंदिर में गंदगी फैलाई है। उन्होंने कहा कि शांति दोनों तरफ से होनी चाहिए। विधायक राज सिन्हा धनबाद शांत इलाका है पिछले 35 सालों से इस तरह की घटना नहीं घटी है विधायक ने कहा कि उस दिन की घटना में फोन पर जायजा ले रहा था लेकिन शुक्रवार को जब यहां पहुंचा तो विधायक ने कहा कि जो ताजिया का रूट बदलकर दूसरे रूट पर ले जा रहे थे उन लोगों के द्वारा बिल्कुल नंगा नाच किया गया ह दोषी व्यक्तियों पर इस तरह के करतूत पर

# कांग्रेस की बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान



**कतरास।** कोयला उद्योग में कार्यरत असंगठित मजदूरों के वेतनमान एवं अन्य मांगों को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक से उनके कार्यालय में वार्ता की। यूनियन समर्थकों ने एएम कोलियरी में खेमका कैरियर प्राइवेट लिमिटेड के अधीन कार्यरत सेल पीकर मजदूरों के एचपीसी वेतन सहित 4 सूत्री मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने पर जोर दिया। वार्ता के बाद प्रबांधन, यूनियन एवं संवेदक के बीच सहमति बनी कि कंपनी के नियमानुसार सेल पीकिंग का बेस रेट संवेदक को भुगतान करना होगा। वार्ता में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संतोष चंद्र गोराई, बरोरा मुखिया प्रतिनिधि देवानंद साव, क्षेत्रीय अध्यक्ष एन डी पांडे, मुकुट धारी गोराई, राजीव प्रसाद महतो, जगदीश रवानी थे।

## एक नजर में

### बोकारो की महिला टीम ने सीरीज पर कब्जा जमाया, भूमिका कुमारी को मैन ऑफ द मैच



**मैथन।** मुगमा एरिया के प्रभात स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए महिला क्रिकेट मैच सीरीज के तीसरे व आखिरी मैच में इलेवन स्टार बोकारो ने 7 विकेट से रामनारायण सिंह मेमोरियल क्रिकेट अकादमी मुगमा को हराकर सीरीज 3-0 से जीत लिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए राम नारायण की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 107 रन बनाये। इस टीम की ओर से प्रगति 43, अंकिता 17 व श्रेयांशी ने 12 रनों का योगदान दिया। बोकारो टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रांजलि 4 व संजना ने एक विकेट चटकाए। जवाबी पारी खेलते हुए बोकारो की टीम ने 17.3 ओवर में ही 3 विकेट पर आवश्यक 108 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया। अपनी टीम के लिए साक्षी ने 32 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। भूमिका 37 व आभा ने 13 नाबाद रन बनाए। मुगमा की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकिता ने 3 विकेट चटकाए। मनोज कुमार सिंह ने भूमिका कुमारी को मैन ऑफ द मैच व संजय पहरी ने प्रगति कुमारी को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया।

### व्यापारी व जनता ने आग से बचने के उपाय सीखे : दीपू



**सिंदरी।** सिंदरी के शहरपुरा बाजार के विद्यापति परिषद के सामने शुक्रवार की शाम में झारखंड फायर सर्विसेज सिंदरी शाखा और सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त प्रयास से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें सिंदरी के दुकानदारों सहित जनता ने आग से बचाव की जानकारी ली। सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने बताया कि बिल्डिंग, बाजार, दुकान घर में गैस सिलेंडर से आग लगने से खुद को सुरक्षित रखते हुए आग पर काबू पाए जाने के तरीके मॉकड्रिल में बताए गए। मॉकड्रिल का संचालन दिलीप रिटोलिया और धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार दीपू ने किया। मॉकड्रिल में सिंदरी फायर सर्विसेज के फायर ऑफिसर सुमंत कुमार सिंह चौहान, दैनिक प्रभारी सह लीडिंग फायरमैन मो फरीद, फायरमैन दिनेश कुमार गुप्ता, फायरमैन माधो गोप, सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, राजीव सिंह उर्फ मुन्ना, पवन शर्मा, दीपू शर्मा, दीपक चौरसिया उपस्थित थी।

### पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर 2 सूत्री मांगों को लेकर पंचायत सचिवों ने धरना दिया। धरना पर बैठे पंचायत सचिवों ने संघ जिंदाबाद एवं मेरी मांगें पूरी करो के नारे लगाए। सभी ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, इसी तरह चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। धरना में पंचायत सचिव रामसागर राम, प्रेम प्रकाश सोरेन, सुधीर टुडु, आशा सोरेन आदि शामिल थे।

### महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण

**भूली।** सांसद ढुल्लू महतो एवं सावित्री देवी के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को मदर एनजीओ चास बोकारो के अंतर्गत कार्य रत सामाजिक संस्था नव भारत और सद्भावना सामाजिक संस्था के संयुक्त प्रयास से भूली वार्ड 15 में दो स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यालय खोला गया। ई ब्लॉक और भूली डी ब्लॉक मार्केट मैदान के सामुदायिक भवन में क्रमशः सचिव महेश प्रसाद एवं पूर्व पार्षद सह सचिव रंजीत कुमार का उद्घटान किया।

# वरीय बुनियादी विद्यालय मैथन में बच्चों के बीच बांटी गई किताब

## एसडीपीओ ने बच्चों को पढ़ाई करने की सलाह दी



**मैथन।** वरीय बुनियादी विद्यालय बच्चों के बीच शुक्रवार को निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने पुस्तक व एफएलएन किट का वितरण किया। पुस्तक पा कर बच्चे में काफी खुश दिखे। बच्चों ने कहा कि वे पढ़ाई लिखाई कर अधिकारी बनेंगे। एसडीपीओ श्री बाखला ने अपने छात्र जीवन की कठिनाइयों और मेहनत के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता मध्यम वर्ग परिवार से थे और उन्होंने जितना हो सका, उतनी मेहनत कर उन्हें पढ़ाया। आगे वह खुद मेहनत कर आज इस मुकाम पर हैं। उन्होंने खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा कि वर्तमान समय में सरकार छात्रों को काफी कुछ सुविधाएं दे रही है, जो हमारे समय में नहीं था। एसडीपीओ ने स्कूल के विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण किया। फिलहाल वह स्कूल को दरी दे रहे हैं, ताकि बच्चे नीचे फर्श पर न बैठे। मौके पर प्रड्ढारी प्रधानाध्यापक उत्तम घाटी, सीआरपी पंकज कुमार सिंह, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ब्यूटी राय, उर्मिला कुमारी, श्वेता ड्ढारती, सुड्ढाष साव, अनूप मिर्धा, पुष्पकांत कर्ण रसोइया मौजूद थी।

# मनरेगा कर्मियों ने एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में दिया धरना

खबर मन्त्र सवाददाता



**मैथन।** वादा निभाओ स्थायी करो नारे के साथ मनरेगा कर्मियों ने शनिवार को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में धरना दिया। मनरेगा कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बताया कि झारखंड राज्य कर्मचारी संघ द्वारा मनरेगा कर्मियों के स्थायीकरण की मांग की गई थी।

मुख्यमंत्री ने चुनाव के समय स्थायी करने का वादा भी किया गया था। परंतु 4 साल के बाद भी स्थायी नहीं किया गया। 2 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव, 8 जुलाई को रांची स्थित झामुमो कार्यालय का घेराव व 10 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला में धरना एवं मांग पत्र समर्पित किया गया। बावजूद सरकार ने कोई पहल नहीं की है। सरकार के नकारात्मक रवैये के कारण अब हड़ताल पर जाने का मन बना लिए हैं।

इस निमित्त पूरे राज्य में 18, 19 व 20 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जा रही है। बावजूद मांगें नहीं मानी गई तो विवश होकर 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। मौके पर श्रीकांत मंडल, रोजगार सेवक अनवर अंसारी, रशीद अहमद, राकेश सिन्हा, राजू कुमार रजक आदि मौजूद थे।

# हर किसी के दिल में जिंदा हैं शहीद सुशांतो सेन: अपर्णा

## जन्मदिन पर समर्थकों ने काटा केक, त्याग एवं बलिदान को किया याद

खबर मन्त्र सवाददाता



**मैथन।** निरसा पाण्ड्रा मोड़ पर भाजपा पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को शहीद सुशांतो सेनगुप्ता का 68 वां जन्म दिवस मनाया गया। विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं केक काटा।

विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि सुशांतो जी निरसा पोद्दारडीह गांव के बेटा थे। किंतु उनका परिवार पूरे निरसा विधानसभा क्षेत्र के आमजन थे।

उन्होंने कभी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया। अन्याय के विरोध में उन्होंने हमेशा आंदोलन किया और गरीबों की लड़ाई लड़ी। यहां की माटी के लिए उन्होंने बलिदान दिया। आज वह हम लोगों के बीच नहीं हैं, किंतु उनकी सोच और अपनापन हर किसी के दिल में जिंदा है। इस अवसर पर चिरकुंडा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, जिप सदस्य संजय सिंह, रानी कराई, सुरजीत चंद्र, संजय महतो, प्रदीप बाउरी, बृहस्पति पासवान, रंजीत मोदी, बप्पी दे, बापी सेनगुप्ता, गोपाल भारती, जयशंकर सिंह, दुर्गा देवी, रूम मुखर्जी, साजन पांडे, सजल दास, अमर सिंह राजीव सिंह, अरविंद सिन्हा, सदानंद गोराई, बिशु राय, सिमांत लोहार, अजय रवानी, विश्वजीत मंडल, विजय महतो सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चिकित्सकों के साथ यूनियन प्रतिनिधियों ने की वार्ता

**बोकारो।** बोकारो जनता इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं बीजीएच के पदाधिकारियों के बीच अस्पताल की विभिन्न समस्याओं पर वार्ता हुई। वार्ता में बीजीएच के डॉ विभूति भूषण करुणामय डॉ जॉनसन मनोरंजन कुमार एवं वर्षा रानी मौजूद रहे। जबकि संघ के पदाधिकारियों में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष तारकेश्वर महतो संयुक्त महामंत्री आशा देवी कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक पुरुषोत्तम सुरेश कुमार राजकुमार आदि शामिल थे। वार्ता में विगत 04 मार्च को संघ की ओर से दिए गए मांग पत्र के आलोक में लगभग सभी मुद्दों पर सहमति बनी। वार्ता सफल होने के लिए संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## तालझारी प्रखंड कार्यालय के समक्ष पंचायत सचिवों का धरना

**तालझारी।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर शुक्रवार को तालझारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कार्यरत पंचायत सचिवों ने तालझारी प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। एकदिवसीय धरना प्रदर्शन पंचायत सचिव सह झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के कोषाध्यक्ष अशोक रजक की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान पंचायत सचिवों ने बीडीओ के नाम दो सूत्री ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर पंचायत सचिवों ने कहा कि दो सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है।

## जारंगडीह कोलियरी में सुरक्षाकर्मियों की छापेमारी

**बेरमो /कथारा।** शुक्रवार को सुबह लगभग 5:15 बजे ,महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार ,क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी नेतृत्व में, जरांगडीह कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी किया गया। छापामारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इसके उपरांत कोयला से लदा 04 मोटरसाइकिल को जप्त कर गस्ती दल के द्वारा मौके पर ही उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा कच्चा कोयला से भरा बोरा लगभग 30 से 35 बोरा को पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया साथ ही बरामद कोयला को जारंगडीह कोलियरी कोल स्टॉक में गिरा दिया गया।

## एमबीए-एमसीए का परीक्षाफल जारी

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को एमबीए/एमसीए का शुक्रवार को परीक्षाफल घोषित किया। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने बताया कि एमबीए-एमसीए के सेमेस्टर -1 परीक्षा 2023, सत्र 2023-25 एवं सेमेस्टर -3 परीक्षा 2023, सत्र 2022-24 का परीक्षाफल घोषित किया है। एमबीए सेमेस्टर-1 के 94.12 प्रतिशत, एमसीए सेमेस्टर-1 के 96.30 प्रतिशत, एमबीए सेमेस्टर-3 के 87.50 प्रतिशत एवं एमसीए सेमेस्टर-3 के 100 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल ने कहा उक्त परिणाम को शनिवार से विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन देखा जा सकता है।

## अस्त्र-शस्त्र चालन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत

**बेरमो /फुसरो।** मोहर्रम पर करगली बाजार केंद्रीय अखाड़ा कमेटी को ओर से बुधवार की देर शाम को अखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय अखाड़ा ने बेहतर खेल दिखाने पर सभी अखाड़ा कमेटी के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसमें प्रथम पुरस्कार अमलो बस्ती, द्वितीय पुरस्कार कौमी एक्ता कमिटी खानकाह सुभाषनगर, तृतीय पुरस्कार रजा नगर पुराना बीडीओ ऑफिस व चतुर्थ पुरस्कार सदर व न्यू इमामबाड़ा करगली बाजार के खिलाड़ी को दिया गया। साथ ही मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय द्वारा 1000-1000 रूपए नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर छेदी नोनिया, योगेश तिवारी आदि मौजूद थे।

# रिया-रमण लाइन होटल में रंगदारी मांगने और तोड़फोड़ में एक गिरफ्तार

- देर शाम तक मुफस्सिल थाना में दोनों पक्ष के लोग रहे डटे
- सुरक्षा को लेकर काफी संख्या में पुलिस बल की हुई तैनाती

### पशु को लेकर हुआ विवाद होटल पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

### मालिक से हुई मारपीट, आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम



**दुमका।** लाइन होटल में आदिवासी युवकों ने शुक्रवार को जमकर तोड़फोड़ करते हुए होटल के मालिक एवं कर्मियों की पिटाई कर दी। घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट घटना शुक्रवार को रिया-रमण नामक होटल में सुबह के करीब 9 बजे घटी। आदिवासी युवकों ने तोड़फोड़ करने के बाद लाइन होटल के काउंटर से रुपए निकाल लिया। विरोध करने पर होटल मालिक के गले से सोने के चेन को छीन कर भाग गए। युवकों ने जाते-जाते चाय की दुकान में भी जमकर तोड़फोड़ की। जिसमें हजारों की संपति को नष्ट कर दिया। युवकों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी भी दिया। युवकों ने कोल्डड्रिंक के कई कैरट खाली बोतलों को सड़क पर तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरी घटना होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना से नाराज होटल के मालिक व कर्मियों ने मुख्य पथ को जाम कर दिया। सड़क जाम का स्थानीय लोगों ने भी समर्थन किया। होटल मालिक के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में लोग जुट दुमका-रामपुरहाट मार्ग एनएच 114 ए को जाम कर दिया। नाराज लोग दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जाम की वजह से काफी संख्या में छोटी बड़ी वाहन फंस गई। इधर, जाम को हटाने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल पहुंच काफी समझा बुझाकर शांत कराया। करीब ढाई घंटा सड़क जाम रहा। सड़क जाम के बाद सभी लोग मुफस्सिल थाना पहुंच गए और थाना का घेराव किया। लोग दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं दूसरी ओर आरोपी के समर्थन में आदिवासी युवक भी थाना पहुंच गए और थाना का घेराव कर दिया। आदिवासी युवकों का कहना है कि किसी की गिरफ्तारी होती है, तो आंदोलन शुरू करने का चेतावनी दिया। शाम तक दोनों पक्षों के लोग थाना में जमे रहे। तनावपुर्ण महौल देखकर थाना में भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती हुई। एसडीपीओ सहित नगर थाना प्रभारी के अलावे अन्य जगहों के पुलिस पदाधिकारी भी मुफस्सिल थाना पहुंचे थे। मामले में पुलिस ने शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी निखिल मुर्मू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी।

### ऐसे बढ़ा विवाद और हो गई मारपीट

शहर से सटे कुसुमडीह गांव के समीप रिया-रमण होटल मालिक संतोष मंडल का एक भगिना अपने कुछ मवेशियों को सड़क पार करा रहा था। इसी बीच में सुमो वाहन से तीन आदिवासी युवक आ धमके और युवक से उलझ गए। तीनों ने कहा कि पशु से रोड जाम करवा दिया है। दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर सुमो से तीनों आदिवासी युवक उतरे और उसके साथ मारपीट की। होटल मालिक ने जब उसका प्रतिकार किया तो वे लोग काफी उग्र हो गए। तीनों युवक ने लाठी-डंडा से लैश 25 से 30 आदिवासी साथियों को बुलाया। सभी एकजुट होकर होटल में तोड़फोड़ शुरू कर दिया। होटल मालिक संतोष कुमार मंडल के साथ भी मारपीट की गई। यह जानकारी जब आस-पास के लोगों को हुई तो वे काफी संख्या में जुट गए और दोषियों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। इसमें बासुकीनाथ से तारापीठ जा रहे काफी श्रद्धालु भी जाम में फंसे रहे।

एक नजर में

## डीपीएस बोकारो की प्राइमरी इकाई में अलंकरण समारोह संपन्न



**बोकारो।** विद्यार्थियों में बचपन से ही नेतृत्व-कौशल का विकास करने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो की प्राइमरी इकाई में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र परिषद के नवचयनित पदधारियों को शपथ दिलाई गई तथा उन्हें सेस व बैज पहनाकर अलंकृत किया गया। छात्र परिषद में पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी अनिकेत सिंह और प्रत्यूष कुमार ने हेड बॉय तो छात्रा अन्विता नंदन एवं भाव्या हजारी ने हेड गर्ल पद की शपथ ली। कक्षा 4 की छात्रा अलीना हसन वाइस हेड गर्ल तो रेयांश सिंह वाइस हेड बॉय बनाए गए। इसी प्रकार, कक्षा 5 के विद्यार्थियों में आराध्या सांस्कृतिक सचिव आन्या प्रियदर्शनी साहित्यिक सचिव तथा विराज हांसदा खेल सचिव बनाए गए। इसके अलावा सभी सदनों के लिए कैप्टन,वाइस कैप्टन और पांच प्रिफेक्ट का भी चयन किया गया। मार्चपास्ट कर पहुंचे परिषद के सदस्यों को प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने सैश और बैज प्रदान कर उन्हें विद्यालय की तरफ से जिम्मेदारी सौंपी।

## एसपी कॉलेज के बीएड एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

**दुमका।** एसपी कॉलेज के बीएड के एनएसएस स्वयंवेक छात्रों ने वन महोत्सव का आयोजन कर शुक्रवार को पौध रोपण किया। स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार दुबे राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेने वाले प्राध्यापक प्रतिभा टुडू, बसंती सोरेन, अनिल कुमार सिंह, विनोद मरांडी एवं ज्ञानंद पत्रलेख, सरोज मनी सोरेन एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में एक पेड़ भविष्य का एक जीवन है, इसे बचाएं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का अपील किया।

# जमीन विवाद में मारपीट, 40 गिरफ्तार

### विरोध में लोगों ने किया दुमका-भागलपुर सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार को जमकर मारपीट हुई। घटना जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के पटराबांध नोनीहाट हाई स्कूल के समीप घटी। जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष के मनोज भंडारी के अनुसार द्वितीय पक्ष के अनिमेष दास ने किराए पर गुंडा मंगा कर प्रथम के ऊपर गोली-बारी एवं हॉकी स्टिक से मारपीट किया कराया गया। जिसमें चार व्यक्ति समेत एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रथम पक्ष के अनुसार द्वितीय पक्ष के अनिमेष दास के द्वारा भाड़े पर गुंडा मंगवा कर जमीन पर निर्मित घर को तुड़वा दिया एवं जमीन पर जबरन कब्जा करवाया जा रहा है। लगभग एक घंटे तक मारपीट दोनों तरफ से किया गया। उस दरमियां आठ राउंड फायरिंग किया गया। जिसमें एक व्यक्ति को कान गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होगा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि द्वितीय पक्ष के तरफ से 100 के तादाद में किराए के गुंडे के द्वारा प्रथम पक्ष के ऊपर लाठी हॉकी स्टिक एवं गोली चलाया जा रहा था। मौके हंसडीहा थाना पुलिस अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर अपराधियों का मोबाइल हॉकी स्टिक छह बाईक एवं एक चार पहिया वाहन जब्द किया। मामले 40 अभियुक्त को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। करीब 2 घंटे तक दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे जाम रहा। जाम लगने से सड़क के दोनों और गाड़ी की लंबी कतारे लग गई। पुलिस प्रशासन के काफी समझाने-बुझाने के बाद सड़क को जाम मुक्त दो घंटे के बाद कराया गया। मौके पर जरमुंडी एसडीपीओ संतोष कुमार, हंसडीहा थाना प्रभारी संजय कुमार, सरैयाहाट थाना प्रभारी निरंजन कुमार, रामगढ़ पुलिस जामा पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस की सक्रियता से नोनीहाट में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया।

## एसवीएम में पौधरोपण कर मनाया जन्मोत्सव



**बोकारो।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अनिल चौधरी जी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश भर में उनके जन्मोत्सव मनाया गया इसके अंतर्गत बोकारो जिला में सरस्वती विद्या मंदिर थर्ड सी में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय सहसंयोजक कौशल किशोर राय प्रदेश के उपाध्यक्ष अशोक जगनानी प्रदेश महिला मोर्चा की सचिव साध्वी झा बोकारो जिला अध्यक्ष संजय कुमार मोदक उपाध्यक्ष मनोज कुमार एवं गौरी शंकर सिंह सचिन गोपाल साह मौजूद थे।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(खनन शाखा)**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक 862/एम0, दिनांक 12.06.2024 द्वारा रांची जिला के बुण्डू अंचल अन्तर्गत मौजा बुढ़ाडीह (Lat-N 23°8'51.678", Long- E 85°40'52.802"), खाता संख्या-130, प्लौट संख्या- 919 में अवैध रुप से भण्डारित 150000 (एक लाख पच्चास हजार) घनफीट, खान निरीक्षक द्वारा मौजा सिंघपूर चर्च के सामने (Lat-23. 267085N, Long- 85.229215E) 30000 घनफीट एवं मौजा सिंघपूर के पास (Lat-23.265454N, Long- 85. 221922E) 15000 घनफीट, अंचल अधिकारी, बुढ़मू, रांची के पत्रांक 238(ii) दिनांक 14.06.2024 द्वारा मौजा छापर, थाना बुढ़मू, खाता संख्या 54, प्लौट संख्या 1000, काली मंदिर के आसपास क्षेत्र में (Lat-23. 691906N, Long- 85.219727E) 200000 घनफीट एवं अंचल अधिकारी, सिल्ली, रांची के पत्रांक 438(ii) दिनांक 07.06.2024 द्वारा मौजा झाबरी, थाना सिल्ली, खाता संख्या 05, प्लौट संख्या 878, (Lat-23. 2674884N, Long- 85.8091376E) 10000 घनफीट बालू खनिज को जप्त करने के फलस्वरुप झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमवली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत जो जहाँ है उसी स्थिति में आम निलामी दिनांक 31.07.2024 को समय 03:30 बजे अपराहन में अपर समाहर्त्ता (नक्सल), राँची की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लौक 'ए', कमरा नं0 207 में सम्पन्न की जाएगी। आवेदन सहित अन्य वांछित कागजात दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.07.2024 के 05:00 बजे अपराहन् तक है। भण्डारण की विवरणी, लोक निलामी की प्रक्रिया की शर्त्तें website www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

अपर समाहर्त्ता (नक्सल),
विधि व्यवस्था, राँची।

PR.NO.329981 District(24-25):D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**आम सूचना**
**इच्छा की अभियुक्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत मानसून एवं आने वाले विभिन्न त्योहरों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वार्डो में निर्मित नाली एवं सड़क की वृहद् स्तर पर साफ-सफाई हेतु अगले छः माह के लिए नगर पंचायत, लातेहार में सफाई कर्मी के पद पर संविदा आधारित सेवा के तहत कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में कार्य दिवस में जमा कर सकते है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें। संविदा आधारित सफाई कर्मियों से नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत नाली, सड़क, शौचालय, मृत जानवर का निस्तारण एवं विभिन्न स्थानों पर जमा कचरों की सफाई के साथ-साथ अन्य सफाई संबंधित सभी प्रकार के कार्य कराये जायेंगे।

1. आवेदन प्राप्ति की तिथि - 20.07.2024 से 27.07.2024 (अपराहन् 05:00 बजे) तक
2. आवेदन की स्कूटनी की तिथि - 29.07.2024
3. चयनित आवेदकों के मेधा सूची का प्रकाशन - 31.07.2024

संविदा की नियम एवं शर्त -

1. नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में सफाई कर्मी के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदकों को आवेदन के साथ आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (जहाँ तक शिक्षा ग्रहण किये हो) बैंक पास बुक की छाया प्रति, संबंधित पद पर पूर्व में किये गये कार्य का प्रमाण पत्र यदि हो तो, दो अदद फोटोग्राफ आवेदन के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।
2. सफाई कर्मी का पद संविदा आधारित होगा। जिसे किसी भी समय समाप्त करते हुए एक माह पूर्व सूचना देकर कार्य से मुक्त कर दिया जायेगा। इस पद पर सरकारी सेवा हेतु कोइ भी दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु वाले आवेदक के द्वारा श्रमिक के रूप में कार्य करने हेतु किया गया आवेदन अमान्य होगा।
3. नगर पंचायत, लातेहार में कुल 15 अदद सफाई कर्मियों का चयन किया जायेगा एवं मानदेय के रूप में प्रतिमाह 9816.57 (नौ हजार आठ सौ सोलह रू0 सतावन पैसे) भुगतान किया जायेगा। संविदा की अवधि छः माह की होगी, किये गये कार्य के मुल्यांकन एवं आवश्यकतानुसार सेवा विस्तारित की जा सकती है या कार्य से मुक्त किया जा सकता है।
4. सफाई कर्मियों का चयन नगर पंचायत, लातेहार द्वारा गठित समिति के द्वारा किया जायेगा। चयनित कर्मियों की मेधा सूची का प्रकाशन नगर पंचायत, लातेहार के सूचना पट्ट पर किया जायेगा एवं बाद में अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता पड़ने पर तैयार किये गये मेधा सूची अनुसार कर्मियों को संविदा पर रखा जायेगा।
5. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
6. उपरोक्त प्रकाशित किये गये सूचना को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 329951 Urban Development(24-25).D



**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

**NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/04/2024-25**

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or Any Department, Government of Jharkhand and similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Tender Ref.no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money @ 2% of Estimated cost (approx) (Rs.) | Cost of tender fee (Non refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | JIIDCO/01/Bhandariya Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Bhandariya Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 02 | JIIDCO/01/Bhandariya Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Bhandariya Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 03 | JIIDCO/01/Ramkanda Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Ramkanda Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 04 | JIIDCO/01/Ramkanda Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Ramkanda Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 05 | JIIDCO/01/Dandai Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dandai Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 06 | JIIDCO/01/Dandai Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dandai Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 07 | JIIDCO/01/Dhurki Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dhurki Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 08 | JIIDCO/01/Dhurki Police Station/2024-25 | Construction of watch tower at Dhurki Police station, Dist-Garhwa. | 20,58,658.00 | 41,200.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 09 | JIIDCO/01/Majhiaon Police Station/2024-25 | Construction of 05 nos. toilet & bathroom (16'0"x36'0") at Majhiaon Police Station, Dist-Garhwa. | 15,43,779.00 | 31,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 10 | JIIDCO/01/Danda Police Station/2024-25 | Construction of 05 nos. toilet & bathroom (16'0"x36'0") at Danda Police Station, Dist-Garhwa. | 15,43,779.00 | 31,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 11 | JIIDCO/01/Bardiha Police Station/2024-25 | Construction of 05 nos. toilet & bathroom (16'0"x36'0") at Bardiha Police Station, Dist-Garhwa. | 15,43,779.00 | 31,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 12 | JIIDCO/01/Garhwa Police Line/2024-25 | Construction of Breifing hall at Police Line, Dist-Garhwa. | 26,43,424.00 | 53,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 13 | JIIDCO/01/Garhwa Police Line/2024-25 | Construction of Breifing hall at Police Line, Dist-Garhwa. | 26,43,424.00 | 53,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 24.07.2024 To 05.08.2024
b. Tender will be received on 06.08.2024 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 06.08.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be contacted.**

Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi



**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी**

**आम सूचना**
**मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर के संबंध में सूचना**
**दिनांक 28.07.2024**
**स्थानः- बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम, खूंटी**
**निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नयी दिल्ली के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की संरक्षकता में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी द्वारा दिनांक-28.07.2023 को समय 10:00 बजे सुबहः- बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम, खूंटी में मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों जैसे-श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं की सहायता लाभुकों में वितरित की जायेगी।

| | |
|---|---|
| समाजकल्याण विभाग से संबंधित मामले जैसे-कन्या दान, सुकन्या समृद्धि योजना, व्हील चेयर, ट्राईसाईकिल, वैशाखी आदि। | श्रम विभाग से संबंधित मामले जैसे-प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, श्रमिक और सहायता योजना, साईकिल सह यात्रा योजना, सिलाई मशीन सहायता योजना, मेधावी पुत्र-पुत्री सहायता योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, परिवार पेंशन योजना। |
| प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, | |
| आपूर्ति विभाग के मामले जैसे-अंत्योदय राशन कार्ड, जनवितरण प्रणाली, पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना। | ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित मामले जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों का वितरण तथा मनरेगा के तहत जॉब कार्ड का वितरण। |
| शिक्षा विभाग से संबंधित मामले जैसे-मानव व्यापार से बरामद बच्चों का स्कूलों में प्रवेश इत्यादि। | कृषि विभाग से संबंधित मामले जैसे-फसल बीमा योजना, स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि उपकरणों का वितरण। |
| सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मामले जैसे आयुष्मान कार्ड योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशनइत्यादि। | स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले जैसे-विकलांगता एवं दिव्यांगता के प्रमाण पत्रों का वितरण। |
| मत्स्य विभाग से संबंधित मामले | असंगठित क्षेत्र मे मजदूरों को दिये जाने वाले लाभ। |

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त लाभकारी योजनाओं के लाभुक अपने संबंधित विभाग से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अपने मामलों का निस्तारण कराकर उसका लाभ दिनांक-28.07.2024 को सुबह 10:00 बजे से बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम, खूंटी में प्राप्त कर सकते हैं।

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 10:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 -8789697778 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अमन कुमार, पुलिस अधीक्षक, खूंटी-सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी
लोकेश मिश्रा, उपायुक्त,खूंटी-सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी
रसिकेस कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

PR.NO. 329962 Law(24-25):D

खबर मन्त्र
रांची. शनिवार.20 जुलाई 2024



# प्रकृति का रौद्र रूप

देश के कई राज्यों में बाढ़ के पानी में डूबे तमाम गांव-शहर इस त्रासदी की बानगी दिखा रहे हैं। कहीं बाढ़, कहीं भूस्खलन तो कहीं हिमस्खलन की घटनाएं लोगों को आतंकित कर रही हैं। लगातार होने वाली बादल फटने की घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। पहाड़ों के दरकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं तो वहीं आकाशीय बिजली से मरने वालों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रकृति का यह रौद्र रूप क्यों सामने आने लगा है? महाराष्ट्र गुजरात,कर्नाटक और मध्य प्रदेश सहित हिमाचल, उतराखंड भारी बरसात का कहर झेल रहें हैं वहीं उत्तर भारत के कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां भरपूर बारिश न होने से लोग परेशान हैं। प्रकृति विरोधी राजनीतिक व आर्थिक फैसलों ने उन कारकों को बढ़ावा दिया है जो ग्लोबल वार्मिंग के कारक बने। हमने विकास के जिस मॉडल को चुना है उसमें प्रदूषण उगलते कारखाने, सड़कों पर वाहनों का सैलाब, वातानुकूलन की संस्कृति, जंगलों के कटान व पहाड़ों से निर्मम व्यवहार ने तापमान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उसके चलते हमारे मौसम के चक्र में ग्लोबल वार्मिंग का घातक असर नजर आ रहा है। दरअसल, कथित विकास के नाम पर हमने प्रकृति के साथ पिछली कुछ शताब्दियों में जो क्रूरता दिखाई है उसका खमियाजा इस पीढ़ी को भुगतना पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या ने भी प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ाया है। जिसके चलते प्राकृतिक संसाधनों का अवैज्ञानिक तरीके से दोहन बढ़ा है। जिसने जलवायु परिवर्तन के कारकों में वृद्धि ही की है। कुल मिलाकर जल, जंगल व जमीन के साथ क्रूरता बरती गई है। प्रकृति के सहचर बनने के बजाय हमने शासक बनने की कोशिश की है। जब-जब इंसान इस लक्ष्मण रेखा को लांघता है प्रकृति उसका प्रतिकार करती है।

# स्तरीय व्यवस्था से दूर

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करें तो मध्य, पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत के कुछ हिस्से अभी आकांक्षी स्तर पर हैं। इन सभी बातों से संकेत मिलता है कि भोजन अथवा स्कूलों तथा शैक्षणिक संस्थाओं तक पहुंच का अर्थ आवश्यक रूप से संतोषजनक नतीजों वाला नहीं है। इन दोनों मानकों का देश की भविष्य की आबादी की गुणवत्ता पर सीधा असर होना है। कुछ आंकड़े ऐसे हैं जो वास्तविक हकीकत से मेल खाते नहीं नजर आते हैं। टिकाऊ शहरों और समुदायों के मामले में भारत को 2018 के 29 की तुलना में इस बार 83 अंक मिले हैं। देश के शहरों में अधिकांश लोग जिन खराब परिस्थितियों में रह रहे हैं उन्हें देखते हुए इसे हजम करना मुश्किल है। इसी प्रकार किफायती और स्वच्छ ऊर्जा के मामले में भारी उछाल दर्ज की गई। देश के अधिकांश राज्यों को 100 फीसदी अंक दिए गए हैं जबकि भारत दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में भी आगे है। बिजली उत्पादन में कोयले की काफी अहम भूमिका है। नीति आयोग की एसडीजी रिपोर्ट निस्संदेह सहकारी संघवाद की दिशा में एक अनमोल कवायद है और बहुआयामी गरीबी में कमी आने के प्रमाण सुखद हैं। परंतु यह कवायद अनिवार्य तौर पर अंदर की ओर झांकने वाली है और देश के भीतर की सामाजिक और विकास संबंधी प्रगति की तुलनात्मक तस्वीर पेश करती है। संयुक्त राष्ट्र की टिकाऊ विकास संबंधी ताजा रिपोर्ट में भारत को 193 देशों में 109वां स्थान दिया गया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल 30 फीसदी एसडीजी लक्ष्य ही हासिल हुए हैं या पटरी पर हैं, 40 फीसदी में सीमित प्रगति हुई है जबकि शेष 30 फीसदी के मामले में हालात बेहद खराब हैं। इन हालात को बदलने के लिए उन मानकों में बदलाव लाना होगा जिनके आधार पर राज्यों का आकलन किया जाता है। उन्हें हकीकत के और करीब लाना होगा।


# फुटपाथ के दुकानदारों की चिंता किसे है?



आज देश की सौ करोड़ लोग बदत्तर जीवन जीने के मजबूर है वहां सरकारें सिर्फ घोषणा तक सीमित रह गयी है। आजादी के बाद की चौथी और पांचवीं पीढ़ी सड़क पर रोटी के लिये खड़ी है। पुलिस, स्थानीय गुंडे,नगर निगम के दलाल और यूनियन के लोग भी वसूली लेते हैं। राजधानी रांची सहित देश के शहरों में इनकी हालत लगातार बदत्तर होती जा रही है। बीच-बीच में रूटीन वर्क में यातायात पुलिस उन्हें हटाती है कुछ दिनों के लिये फिर वहीं कहानी। निम्न और मध्यम वर्ग की जरूरत बने ये सड़क बिक्रेता आखिर क्यों उदासीन है अपने अधिकारों से? चुनाव सर पर है और ऐसी कई योजना आम लोगों के बीच आ रही है। पूरे देश में वेंडर मन्यूशिपल एक्ट 1949 लागू था और समय-समय पर इसमें संसोधन भी किया गया था। मुम्बई महानगर पालिका ने 1882 में वेंडरों के लिये नियम पास किया।

वर्तमान दौर में भारत दुनियां के सबसे तेज शहरी करण वाला देश है। गुजरात की सबसे ज्यादा आबादी 50 प्रतिशत शहरों में रह रही हैं वहीं बिहार की 11 प्रतिशत आबादी शहर में है। इस स्थिति में निम्न और मध्यम वर्ग का बड़ा रोजगार इन सड़कों के किनारे है। इस कारण इस नये पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय का विनियमन) विधेयक, 2012 पथ विक्रेता हाल ही में संपन्न हुए संसद के सत्र में पारित किया गया इसके बारे में विस्तार से जानने की आवश्यकता है।

विधेयक में पथ विक्रेताओं की जीविका केअधिकारों के संरक्षण, उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, देश के शहरों में रेहड़ी-पटरी परसामान बेचने के विनियिमन और अन्य सम्बद्ध मामलों का प्रावधान है। विधेयक का लक्ष्य स्ट्रीटवेंडरों के लिए अनुकूल माहौल पैदा करना है ताकि वे गरिमापूर्वक अपना कार्य कर सकें।प्रस्तावित कानून से करीब एक करोड़ परिवारों को आजीविका संरक्षण प्रदान करने में मदद मिलने की संभावना है। आखिर जीने का अधिकार, रोजी रोटी से ही तो जुड़ा है। इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति के पंजीकरण, उसे विक्रेता प्रमाणपत्र जारी करने और स्ट्रीटवेंडर का पहचानपत्र प्रदान करने, उन्हें कुछ अधिकार देने, दायित्व सौंपने और प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण के अंतर्गत नगर विक्रय समिति की स्थापना करने जैसे प्रावधान शामिल हैं।



- मुरलीधर

> सभी वर्तमान स्ट्रीट वेंडरों के सर्वेक्षण और प्रत्येक पांच वर्ष में पुनः सर्वेक्षणकी व्यवस्था है, और यह प्रावधान है कि सर्वेक्षण पूरा होने तक किसी भी रेहड़ी पटरी-विक्रेताको हटाया या पुनः स्थापित नहीं किया जाएगा और सभी स्ट्रीट वेंडरों को सामान बेचने का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार स्ट्रीट वेंडरों को तंग किए जाने के प्रति संरक्षण प्रदान करने और उनकी जीविका को बढ़ावा देने के सार्वभौम उपाय किए जाएंगे।

सभी वर्तमान स्ट्रीट वेंडरों के सर्वेक्षण और प्रत्येक पांच वर्ष में पुनः सर्वेक्षणकी व्यवस्था है, और यह प्रावधान है कि सर्वेक्षण पूरा होने तक किसी भी रेहड़ी पटरी-विक्रेताको हटाया या पुनः स्थापित नहीं किया जाएगा और सभी स्ट्रीट वेंडरों को सामान बेचने का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार स्ट्रीट वेंडरों को तंग किए जाने के प्रति संरक्षण प्रदान करने और उनकी जीविका को बढ़ावा देने के सार्वभौम उपाय किए जाएंगे। सर्वेक्षण में पहचान किए गए सभी वर्तमान स्ट्रीट वेंडरों को वेंडिंग क्षेत्र में जगह दी जाएगी परंतु, शर्त यह है कि वार्ड या शहर क्षेत्र का 25 प्रतिशत वेंडिंग जोन रखा जाएगा। टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) में अधिकारियों, गैर-अधिकारियों, महिला वेंडर सहितवेंडरों के प्रतिनिधि शामिल किए जाएंगे, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्यपिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और अशक्त लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

विधेयक में व्यवस्था है कि टीवीसी के 40 प्रतिशत सदस्य चुनाव के जरिए स्ट्रीट वेंडरों में से ही होंगे, जिनमें एक तिहाई महिलाएं होंगी।जहां कहीं पहचान किए गए स्ट्रीट वेंडरों की संख्या वेंडिंग जोन की क्षमता से अधिक होगी, वहां टीवीसी लाटरी निकाल कर उस वेंडिंग जोन के लिए प्रमाणपत्र जारी करेगी। शेष बचे लोगों को पड़ोस के वेंडिंग जोन में समायोजित किया जाएगा ताकि किसी को भी विस्थापित न हो। जिन स्ट्रीट वेंडरों को इस अधिनियम के लागू होने से पहले स्ट्रीट वेंडिंगप्रमाणपत्र/लाइसेंस आदि जारी किया गया हो, उन्हें सम्बद्ध श्रेणी के लिए उतनी अवधि हेतु स्ट्रीट वेंडर समझा जाएगा, जितनी अवधि के लिए वेंडिंग प्रमाणपत्र/लाइसेंस जारी किया गया हो। यदि किसी रेहड़ी-पटरी और खोमचे वाले को प्रमाणपत्र जारी किया गया है औरउसका निधन हो जाता है या वह स्थायी रूप से अशक्त हो जाता है तो उसके परिवार केसदस्य यानी उसकी पत्नी या निर्भर संतान को रेहड़ी-पटरी और खोमचे चलाने का अधिकारहोगा। यह अधिकार तब तक होगा जब तक प्रमाणपत्र की वैधता है।विधेयक में प्रावधान है कि स्ट्रीट वेंडरों को पुनर्स्थापित करने का विकल्प अंतिम उपाय के रूप में अपनाया जाएगा। 'पुनर्स्थापन' के लिए निम्नांकित सिद्धांत प्रस्तावित किए गए हैं - (क) विस्थापन जहां तक संभव हो टाला जाना चाहिए, विस्थापन की नौबत तब तकनहीं आनी चाहिए जब तक कि विवादित भूमि की स्पष्ट और तात्कालिक आवश्यकता न हो।(ख) पुनर्वास परियोजना तैयार करने और उसके कार्यान्वयन में प्रभावित वेंडरों या उनकेप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। (ग) प्रभावित वेंडरों को पुनः स्थापित इस तरह कियाजाएगा, जिससे उनकी जीविका और जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके अथवा वास्तविकअर्थों में उन्हें विस्थापन से पहले की स्थिति में लाया जा सके। (घ) जिस बाजार मेंरेहडी-पटरी वाले 50 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना कारोबार कर रहे हैं? उस स्थान को स्थानीय अधिकारियों द्वारा इस रूप में निर्धारित किया गया हो, उसे प्राकृतिकबाजार समझा जाएगा।

विधेयक में प्रावधान है कि पूरी योजना इस बात को सुनिश्चित करे किस्ट्रीट वेंडर के लिए जगह या क्षेत्र की व्यवस्था उचित हो, और प्राकृतिक बाजार के स्वभाव केअनुरूप हो।यह विधेयक जब्त की गई खराब होने वाली और खराब न होने वाली वस्तुओं कोछुड़ाने के लिए निश्चित अवधि निर्धारित करता है। खराब न होने वाली वस्तुओं के मामले मेंस्थानीय अधिकारियों को दो कामकाजी दिनों में माल को छोड़ना होगा और खराब होने वालीचीजों के मामले में माल को उसी दिन छोड़ना होगा जिस दिन दावा किया गया है। देश के विकास में गिग ईकोनॉमी का उभरना सबसे खतरनाक संकेत है जो देश को अधर में लटका देगा।

(लेखक खबर मन्त्र से जुड़ें हैं।)

## खास बात

### नजरे इनायत

**सहीराम**

वज्रपात करने के लिए सरकार क्या कम थी जी, जो रामजी भी वज्रपात करने लगे। वैसे तो जी, सरकार भी भगवान ही होती है, लेकिन भगवानजी को तो सरकार नहीं होना चाहिए। बेशक वो भी माई-बाप हैं, ये भी माई-बाप हैं। पर फर्क है जी, सरकार का डंडा धमाधम चलता है, जबकि ऊपर वाले की लाठी कहते हैं बड़ी खामोशी से चलती है और सरकार के डंडे की तरह अंधाधुंध तो नहीं ही चलती। इसीलिए सरकार पर तो चाहे भरोसा टूटता रहता हो, पर भगवान पर भरोसा हमेशा कायम रहता है। बल्कि जब सरकार की आलोचना करनी होती है, तब भी लोग यही कहते हैं कि वह भगवान भरोसे ही चल रही है।

लेकिन समझ नहीं आता कि भगवानजी अब यह फर्क मिटाते क्यों जा रहे हैं। अब देखिए, सरकार तो महंगाई का वज्रपात कर ही रही है। रोज तेल के दाम बढ़ रहे हैं और ज्ञानीजन कहते हैं कि तेल के दाम बढ़ेंगे तो सब चीजों के दाम बढ़ेंगे। अर्थात महंगाई की जड़ तेल ही है। सरकार भी अगर यह मान ले तो वह भी महंगाई बढ़ाने के आरोप से बच सकती है। खैर, यह सरकार की मर्जी है। लेकिन यह भगवान की तो मर्जी नहीं होनी चाहिए कि वह भी सरकार की तरह ही जनता पर वज्रपात करने लगे। मतलब उसे थोड़ा तो सरकार से अलग दिखना ही चाहिए।

अब देखिए, सरकार ने ऑक्सीजन नहीं दी, लेकिन भगवानजी ने नहीं रोकी। तो यह फर्क अब क्यों नहीं। अब सरकार की तो चाहे जनता पर नजरे इनायत न हो, चाहे वह नौकरी न दे, चाहे वह महंगाई बढ़ती रहे, पर भगवानजी को तो झमाझम बारिश कर देनी चाहिए न। यार, मॉनसून का मौसम है आखिर तो। पर जैसे सरकार आंदोलनकारी किसानों को कुछ नहीं दे रही, वैसे भी भगवान भी किसानों को बारिश नहीं दे रहे हैं। हालांकि, बारिश कोई किसान को अकेले थोड़े ही चाहिए। गर्मी से तो सभी बेहाल हैं। पानी तो दिल्ली वालों को भी नहीं मिल रहा। भगवानजी को गर्मी से बिलबिलाते लोगों पर जरा भी दया नहीं आ रही, जैसे सरकार को महंगाई से त्रस्त जनता पर दया नहीं आ रही। ऊपर से भगवानजी भी अब बिजली ज्यादा गिराने लगे हैं,

**उत्तरप्रदेश** के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के डिरेल होने से कई यात्रियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र से शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।
**–राहुल गांधी, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

17, 18, 19 सितंबर को रांची में सांसद खेल महोत्सव होना तय हुआ है। इसकी तैयारी को लेकर आज मेरे केंद्रीय कार्यालय में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जल्द ही इससे संबंधित पोस्टर और ब्रोचर लॉन्च किए जाएंगे। **– संजय सेठ**





राष्ट्ररक्षा अब सिर्फ सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बहुत व्यापक है। इसलिए हर नागरिक को इसके लिए जागरूक करना, भी उतना ही आवश्यक है।
**– नरेन्द्र मोदी**

# आमंत्रण

## धर्म-प्रवाह

**अभिजीत**

**प्राचीन** होकर भी सदा यौवन से भरपूर रहनेवालीं उषा ने ऋग्वेद के 24वें सूक्त में अक्षर रूप धारण किया। रात्रि को खत्म कर दिन की शुरूआत करनेवाली उषा का गान ऋषियों ने काफी उत्साह से किया है। सूक्त में उनका वर्णन कुछ यों है : विलक्षण प्रभा और मधुरवाणी की प्रेरक सुंदरी ने द्वार खोले हैं। उषा को रात्रि अपना घर खोलकर निमंत्रण देती हैं। उषा अश्वरथ पर सवार होकर सारे जग को जगाती हैं। 7. पृथिवी

बलित्था पर्वतानां खिद्रं विभर्षि पृथिवी। प्र या भूमिं प्रवत्वति मह्ना जिनोषि महिनि।।

प्रकृति में ईश्वर देखने वाले ऋषियों ने पृथिवी में देवत्व देखा और पृथ्वी को देवी माना। सभी जीवों को आश्रय देने वाली, पानी के प्रवाहों से तृष्णा शांत करनेवाली, वृक्ष-लताओं को फलने-फूलने देनेवाली, समस्त विश्व का पोषण करनेवाली पृथिवी देवी न होतीं, तो आश्चर्य था। ऋग्वेद और अथर्ववेद में पृथिवी के लिए अनेक ऋचाएं हैं। मसलन, पृथिवी विचरणशील मेघों को बरसने के लिए प्रेरित करती हैं। अपने सामर्थ्य के जरिए वनस्पतियों को धारण करती हैं। हे गुणवती, महिमावती पृथिवी देवी, अपने सामर्थ्य से हमारा संरक्षण करें। 8. विद्युत

नमस्ते अस्तु विद्युते नमस्ते स्तनयित्नवे। नमस्ते अस्त्यश्मने येना दूडाशे अस्यसि।।

आसमान में बिजली और उसके बाद की गरज... बरसात का रौद्र रूप कुछ अलग-सा होता है। बिजली जब धरती पर गिरती है, तब उसका रूप ज्यादा उग्र होता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

बरसात में वायरस...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### अंकुश लगे

**वर्तमान** समय में जब तकनीक का युग है, जहां आज हर कार्यक्रम की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही हो तो ऐसे में नेताओं द्वारा अपने भाषण में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वजह से राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि मयार्दा पसंद लोग राजनीति में कदम रखने से पहले कतराने लगे हैं। इस पर जल्द से जल्द अंकुश लगना चाहिए।

**–विजय महाजन, हजारीबाग**

### शिक्षा का संकट

**कोरोना** की वजह से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा का सहारा लेना पड़ रहा है। इसका बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। शहरी बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा से पढ़ पा रहे हैं लेकिन ग्रामीण बच्चों की हालत ठीक नहीं है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा से अभिभावकों और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**–राघव जैन, रांची**

# वैश्विक जनसंख्या को लेकर यूएनओ को चिंता

**प्रशांत झा**

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की जनसंख्या शाखा के एक अनुमान के मुताबिक हमारा देश अगले वर्ष तक आबादी के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश बन जाएगा। इसके मुताबिक चालू वर्ष के दौरान भारत की आबादी चीन की आबादी के बराबर हो जाएगी। इनमें से प्रत्येक देश की जनसंख्या 1.4 अरब से कुछ अधिक होगी। बहरहाल ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अगर दोनों देशों की प्रजनन दर में ढांचागत बदलाव नहीं आया तो भारत की आबादी का बढ़ना जारी रहेगा जबकि चीन की आबादी कम होने लगेगी। इसी अनुमान के मुताबिक सन 2050 तक भारत की आबादी करीब 1.7 अरब होगी जबकि चीन की 1.3 अरब। हालांकि ये आंकड़े कुछ अन्य वैश्विक अनुमानों (मसलन द लान्सेट में गत वर्ष प्रकाशित अध्ययन समेत) से मेल नहीं खाते लेकिन इनकी दिशा मेल खाती है।

एक समय था जब बढ़ती आबादी को देश के जनांकीय लाभ के रूप में देखा जाता था। आज यह बात सुनने को नहीं मिलती। इसकी एक वजह यह भी है कि अब यह माना जाने लगा है कि जहां तक वृद्धि लाभांश के प्रतिनिधित्व की बात है तो भारत ने कामगारों की यह पीढ़ी बहुत खराब तरीके से तैयार की है। शैक्षणिक दक्षता भी उपयुक्त स्तर की नहीं हैं। कागज पर देखा जाए तो स्कूली शिक्षा हासिल करने वालों की तादाद बढ़ी है। स्कूलों की गुणवत्ता पर ध्यान न दिए जाने

## सामयिक

से बच्चों में वे बुनियादी कौशल भी नहीं आ पा रहे हैं जो हाई स्कूल के बच्चों में होने चाहिए। दिल्ली के शहरी और आसपास के इलाकों के स्कूलों पर किया गया अध्ययन बताता है कि हाई स्कूल में पढ़ने वाले एक तिहाई बच्चों के पास बुनियादी गणितीय और भाषाई कौशल नहीं है। कई बच्चों का स्तर तो प्राथमिक विद्यालय के स्तर का है। इस तरह की श्रम श?क्ति रोजगार बाजार के लिए शायद ही तैयार हो, और यह जनांकीय लाभ का प्रतिनिधित्व करती नहीं दिखती।

ऐसा कोई श्रम बाजार भी नहीं है जिसके लिए वे तैयारी कर सकें। यह सही है कि जून 2020 से जून 2021 के साव?धिक श्रम श?क्ति सर्वे से पता चलता है कि इस अवधि में बेरोजगारी पिछले वर्ष से कम रही और इसका स्तर केवल 4.2 प्रतिशत रहा। बहरहाल, जैसा कि हम पहले भी कह चुके हैं, शीर्ष आंकड़े वास्तविक स्थिति दशार्ते हैं। यह बड़ी तादाद में स्वरोजगार वाले लोगों, काम की तलाश न करने वाले लोगों और कृषि कार्यों की ओर वापस लौट चुके लोगों को छिपा लेता है। श्रमिक आबादी अनुपात 40 फीसदी से कम है। जो रोजगार युवा भारतीय श्रमिकों से जनांकीय लाभांश तैयार कर सकते हैं वे न तो

कृषि क्षेत्र में हैं और न ही स्वरोजगार में। जब तक बच्चों की बुनियाद मजबूत नहीं की जाएगी तब तक शायद व्यावसायिक शिक्षा देने के प्रयासों को भी अपेक्षित सफलता प्राप्त न हो सके।

अगर हम दुनिया में सबसे कम रोजगार अनुपात के साथ दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाले देश बन जाते हैं तो यह एक बहुत बड़ी समस्या होने वाली है और भारत शायद इस आकस्मिकता को समझने और इससे निपटने में तत्परता दिखाने में पिछड़ रहा है।

जब तक हम दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी की मानव पूंजी नहीं बढ़ाते, भारत को समस्याओं का सामना करना होगा। ये समस्याएं केवल रोजगार और वृद्धि की आर्थिक समस्याएं नहीं होंगी बल्कि हमें सामाजिक समस्याओं का भी सामना करना होगा। हाल ही में सरकारी और सैन्य नौकरियों को लेकर दंगों जैसे जो हालात बने, उन्हें इसकी बानगी माना जा सकता है।

# भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्टअप का बढ़ता जादू

**अन्नू अंबालिका**

**बहुत** कम अंतराल में छह इंटरनेट आधारित कंपनियों ने यूनिकॉर्न का दर्जा प्राप्त किया। यानी इन कंपनियों का मूल्यांकन एक अरब डॉलर का स्तर पार कर गया। इस बात का जोरशोर से जश्न भी मनाया गया। इसमें यही संदेश निहित था कि आखिरकार भारत उस स्थिति में आ गया है जहां किसी निजी स्टार्टअप का एक अरब डॉलर का स्तर हासिल करना यदाकदा होने वाली घटना नहीं रह गई। अमेरिकी एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म सीबी इनसाइट्स के डेटाबेस के मुताबिक अप्रैल दुनिया भर की 642 यूनिकॉर्न में से 29 भारत में स्थित हैं। वेंचर इंटेलिजेंस का एक और डेटा बताता है कि भारतीय यूनिकॉर्न की तादाद 47 है और इनमें इजाफा हो रहा है। आंकड़ों में यह अंतर यूनिकॉर्न की गणना के तरीके की वजह से है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर यूनिकॉर्न, 10 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर डेकाक्रॉन और 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर हेक्टोकॉर्न मानी जाती है और निर्धारण इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सी स्टार्टअप सूची में कब किस स्थान पर थी।

वैश्विक रैंकिंग की बात करें तो किसी स्टार्टअप का यूनिकॉर्न बनना यकीनन उसकी विकास गाथा की पुष्टि करता है लेकिन वहां यह बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। कारण यह कि वहां स्टार्टअप का मूल्यांकन कोई विशिष्ट बात नहीं है। यह किसी स्टार्टअप का सांकेतिक मूल्य है जो नकदी प्रवाह की उपलब्धता, महत्त्वाकांक्षा और फंडिंग के अहम संकेतकों के आकलन पर निर्भर है। चूंकि मूल्यांकन का राजस्व, मुनाफे या किसी अन्य पारंपरिक कारोबारी मानक से कोई लेनादेना नहीं इसलिए यह निवेशकों की भावना से अधिक संचालित है। स्टार्टअप जगत में निवेशक कई बार कंपनियों के सामने कड़े प्रदर्शन लक्ष्य भी रखते हैं। वहीं अन्य अवसरों पर वे चाहते हैं कि आंकड़े चाहे कुछ भी हों लेकिन ग्राहक कंपनी से जुड़े रहें।

कई ऐसे मामले सामने आए जहां उच्च मूल्यांकन के बावजूद स्टार्टअप नाकाम होती देखी गईं। सितारा संस्थापकों वाले संस्थान भी डूबने से नहीं बच पाए। फ्लिपकार्ट, हाउसिंग डॉट कॉम, स्नैपडील जैसी तमाम स्टार्टअप के बारे में सोचिए। चमकदार नाम वाले निवेशक जो स्टार्टअप को शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने में मदद करते हैं, वे पूरे सफर के दौरान पूरी तरह नियंत्रण कायम रखते हैं। आमतौर पर संस्थापक निवेशक उस समय सार्वजनिक तौर पर चर्चा में आता है जब किसी स्टार्टअप की बिक्री होती है या उसे बेचने का प्रयास किया जाता है। फ्लिपकार्ट के मामले में कंपनी के सह-संस्थापक और देश में ई-कॉमर्स के पोस्टर बॉय आईआईटी से पढ़े सचिन बंसल को 2018 में अपना पद छोडना पड़ा जब टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट के ली फिक्सेल समेत निवेशकों के एक समूह ने बेंगलूरु की इस कंपनी की बहुलांश हिस्सेदारी 16 अरब डॉलर में वॉलमार्ट को बेचने का सौदा किया। सचिन बंसल ने बिन्नी बंसल के साथ मिलकर करीब 10 वर्ष पहले जिस कंपनी की स्थापना की थी, उस कंपनी की बोर्ड रूम वार्ता में सचिन बंसल के पास ज्यादा कुछ कहने का अधिकार ही नहीं था। सचिन अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते थे लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके।

इसके सह-संस्थापक और सीईओ राहुल यादव ने 2015 में प्रमुख निवेशक सिकोया कैपिटल के शैलेंद्र सिंह को ई-मेल भेजा। सार्वजनिक हुए इस मेल में तब 25 वर्ष के यादव (जिन्होंने आईआईटी की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी), ने कहा कि अगर निवेशकों ने उनसे उलझना नहीं छोड़ा तो वह कंपनी छोड़ देंगे।

लेकिन उन्होंने एक ऐसी पंक्ति लिखी जिसने उनका कंपनी से बाहर जाना सुनिश्चित कर दिया- यादव ने लिखा कि इसके साथ ही देश में सिकोया कैप के अंत की शुरूआत हो जाएगी। इसके बाद काफी कुछ घटा। यादव ने निवेशकों और बोर्ड सदस्यों के चर्चा के लिए नाकाबिल बताकर बोर्ड से इस्तीफा दिया, बाद में उन्होंने इस्तीफा वापस लिया और आखिरकार उन्हें कंपनी छोडनी पड़ी।देश में यूनिकॉर्न की तेजी से बढ़ती होड़ के बीच दो लोगों के उद्धरण ध्यान देने लायक हैं। फ्लिपकार्ट के बाद नवी टेक्रॉलजीज नामक फिनटेक कंपनी शुरू करने वाले सचिन बंसल और क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान प्लेटफॉर्म क्रेड (जो हाल ही में यूनिकॉर्न बनी) के संस्थापक कुणाल शाह।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में वैश्य सम्मेलन नौ अगस्त को



भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर स्थित मुकेशलाल सिंदूरिया के आवास में वैश्य क्रांति सम्मेलन को ले शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया एवं संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु उपस्थित थे। क्रांति दिवस पर 9 अगस्त को भुरकुंडा में वैश्य क्रांति सम्मेलन होगा। महेश्वर साहु ने कहा कि भुरकुंडा वैश्य आंदोलन की जन्मभूमि है। वैश्यों के हक–अधिकार, मान–सम्मान और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन सहित अन्य मुद्दों की लड़ाई की बुनियाद भुरकुंडा की धरती पर ही पड़ी है। इसलिए 9 अगस्त को क्रांति दिवस पर वैश्य क्रांति सम्मेलन भुरकुंडा में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पूरे प्रदेश से वैश्य मोर्चा के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में मद्धेश्वर केशरी, ओमप्रकाश साव,भरत केशरी, शत्रुघ्नलाल, गोपाल केशरी, गीता देवी राणा, मिथिलेश लाल, संजूलाल, नरेश प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक संपन्न



कुजू। मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगावार में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जागेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने की। बैठक में फाउंडेशन की मजबूती समेत आवश्यक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रजापति ने फाउंडेशन के प्रति सदैव समर्पित रहने एवं बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल रहने का विशेष अनुरोध किया है। फाउंडेशन का उद्देश्य कुछ ही दिनों में आप लोगों को देखने को मिलेगा। उन्होंने सदस्यों से किसी के बहकावे में नहीं रहने की अपील की है। मौके पर जनक प्रसाद, प्रकाश केसरी, सुखदेव सोनी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, गीता देवी, पिंकी, नीलम, निराशो, सोनी, सुनीता, दुलाली, उपासी, ललिता, नेमो, यशोदा, ममता, रूबी, सरस्वती, नीमा, मुनकी, सीता शामिल रहे।

### कोरिया घाटी से हटा अतिक्रमण



कुजू। नयामोड़ कोरिया घाटी में वन विभाग ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। घाटी के पास सड़क के दोनों और लगाए गए दुकानों को जेसीबी के माध्यम से तोड़कर हटाया गया। अतिक्रमण हटाने को लेकर 10 दिन पूर्व दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। विभाग ने दुकानों को जेसीबी से हटाकर अतिक्रमण मुक्त किया। रेंजर ने दुकानदारों को उक्त स्थल में दोबारा दुकान नहीं लगाने का निर्देश दिया। घाटी के पास दुकान लगाकर लोग अपने जीविकोपार्जन करते थे। लेकिन वन विभाग के द्वारा दुकान हटा दिए जाने से अब उनके बीच रोजी–रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इधर अतिक्रमण की सूचना पाकर कई नेता व जनप्रतिनिधि वहां पहुंचकर दुकानदारों के पक्ष में विभाग से उनका दुकान नहीं हटाने का आग्रह किया। रंजीत कुशवाहा, पवन कुमार, देवेंद्र धार, रितेश कुमार, अजित कुमार, सुनील कुमार, कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार सहित कुजू व मांडू क्षेत्र के वनकर्मी शामिल थे।

### सीएचओ व नर्स को दी गयी ट्रेनिंग



रामगढ़। 19 से 22 जुलाई तक जिला स्तरीय एनपी–एनसीडी माडयूल (सीएचओ एंड स्टाफ नर्स) तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने किया। प्रशिक्षण डॉ. रेशमी रोमिला सांगा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मांडू एवं डॉ. पल्लवी कौशल डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ द्वारा दिया गया। डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद सिविल सर्जन द्वारा इससे संबंधित जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में सीएचओ एंड स्टाफ नर्स को 30 वर्ष के उपर वाले व्यक्तियों को रक्तचाप, मधुमेह एवं कैंसर की जांच का प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में शामिल डॉ. आदित्य कुमार रामा अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़, डॉ. अजय कुमार चौधरी, भीबीडी पदाधिकारी रामगढ़, देवेन्द्र भुषण श्रीवास्तव जिला कार्यक्रम प्रबंधक रामगढ़, सावन कुमार ठाकुर काय चिकित्सक, आमोद कुमार जिला कार्यक्रम सहायक रामगढ़ एवं सभी कर्मचारी शामिल हुए।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय में आतिथि भोजन

टाटीझरिया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया में शुक्रवार को भारत सरकार के मध्याह्न भोजन कार्यक्रम अंतर्गत अतिथि भोजन हुआ। टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव ने विद्यालय के 370 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के लिए पौष्टिक दोपहर के भोजन का आयोजन किया। टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीओ नीलू टुडू, थाना प्रभारी सुजीत कुमार, बीईईओ राकेश कुमार सिंह रूप से शामिल हुए। सभी ने कहा कि बच्चों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी की जानकारी के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा यह बहुत ही रोचक एवं लाभकारी योजना है, जो धीरे–धीरे और अधिक व्यापक एवं इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुधीर राय, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ज्योति रानी, रामचंद्र मणिलाल, होपन सिंह, गंगाधर मिश्रा, शशि कुमार समेत कई लोग शामिल मौजूद थे।

### डीसी ने दिव्यांगों को दिये ट्राई साइकिल

हजारीबाग। उपायुक्त के साप्ताहिक जनता दरबार में शुक्रवार को समाहरणालय भवन परिसर में दस दिव्यांगजनों को डीएमएफटी मद से बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साईकिल का वितरण किया गया। साथ ही यातायात के नियमों के पालन और सुरक्षा की दृष्टिकोण से लाभुकों के बीच हेलमेट का भी वितरण किया गया। साईकिल पाकर लाभुकों ने उपायुक्त को धन्यवाद दिया और खुशी जाहिर की।

# कटकमसांडी में सांसद ने दो सड़कों का किया शिलान्यास

- 18.15 करोड़ रुपए लागत से 18.5 किमी पथों का होगा सुदृढ़ीकरण
- सड़क किनारे की जमीन के दामो में भी वृद्धि होती है : जायसवाल



खबर मन्त्र संवाददाता

कटकमसांडी। शुक्रवार को सांसद मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत कटकमसांडी में ग्रामीण कार्य विभाग के 18.15 करोड़ रुपए की लागत से करीब 18.5 किमी की दो प्रमुख सड़कों का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इन दो पथों में बसंतपुर से लखनू तक पथ का विशेष मरामति निर्माण कार्य लंबाई (2.5 किलोमीटर)दूसरा बांझीय ढौठवा तक विशेष मरामत्ति निर्माण कार्य (16 किलोमीटर) शामिल है। इन दोनों पथों के निर्माण में पुलिया और गार्डवाल का भी निर्माण होगा। इन दोनों ग्रामीण पथों की गुणवत्ता पीडब्ल्यूडी सड़क के अनुरूप ही होगी। सड़क शिलान्यास से पूर्व सांसद का कटकमसांडी प्रखंड वासियों ने गाजे-बाजे और ढोल-ताशे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। ग्राम वासियों ने स्वागत में खूब नारे-जयकारे भी लगाए। ग्राम वासियों ने अपने अपने समस्या से भी संसद मनीष जायसवाल को अवगत कराया। सड़कों के शिलान्यास के बाद सांसद मनीष जायसवाल का कटकमसांडी ग्राम वासियों ने स्वागत और अभिनंदन किया। ग्रामीणों की ओर से सांसद को अंग-वस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। जायसवाल ने कहा कि वर्तमान वर्ष विशेष मरम्मती कार्य का निर्माण हुआ है। इस बार भी मेरे द्वारा कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के सड़क के अनुशंसा किया गया है। जिसमें कई पंचायतों का मुख्य पथ भी शामिल है। उम्मीद है जल्द ही इसपर स्वीकृति भी मिलेगा और कार्य भी आरंभ हो जायेगा। और उन्होंने कहा कि पथों का शिलान्यास हुआ है वह ग्रामीणों की चिरलंबित मांग रही है।सांसद ने कहा कि सड़क निर्माण से न सिर्फ सड़कों का नेटवर्क मजबूत होता है बल्कि सड़क किनारे और आसपास के जमीन के दामों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक तौर पर हम क्षेत्र के सभी वर्ग और समाज के उत्थान को लेकर लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी रहेंगे। जायसवाल ने कहा कि आपकी हर एक छोटे बड़े कार्यों में हमारी सहभागिता रहती है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि आप अपनी जायज समस्या या कामों को लेकर हमें अवगत कराएं, हम समाधान के प्रति निश्चित रूप से कदम बढ़ाएंगे। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, कटकमसांडी, आरईओ के एसडीओ, महामंत्री अरविंद यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, लेखराज यादव, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित दर्जनों गणमान्य लोग और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## चिंतपूर्णी स्टील स्पंज आयरन प्लांट में मजदूरों के शोषण व प्रदूषण को लेकर भाजपा ने दिया धरना



चरही। पंचायत इंद्रा के टोला 15 माइल में स्थापित चिन्तपूर्णी स्टील स्पंज आयरन प्रा.लि.के प्रबंधन के द्वारा अनियमितता, मजदूरों का शोषण और प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को भाजपा ने दिया धरना। इसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह और संचालन मंडल महामंत्री रोहित महतो कर रहे थे। कंपनी के प्रबंधक को मांग-पत्र दिया। जिसमें लिखा है कि समस्याओं का समाधान जल्द किया जाय।अगर समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया,तो भाजपा के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसका खामियाजा प्रबंधन को भुगतना पड़ेगा।

मौके पर भाजपा के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,वरिष्ठ नेता द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह,वीणा मिश्रा,रौशनी देवी,आशा राय,शक्ति देवी,सुनीता देवी,मीरा देवी,फुलेश्वर महतो, अजीत सिंह,शशि कुमार, संजय साव, आशुतोष वर्मा,भुमपाल ठाकुर, प्रवीण पांडेय, टिकेश्वर महतो,हरेंद्र ठाकुर,प्रकाश प्रजापति सहित कई लोग थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद
eemidhus-cemr-jhr@nic.in

ई0 निविदा रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-46/2023-24 (रबदा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला– पलामू ) जिसका PR No.-321731 ( Water Resource ) (23-24) D है, इस निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 329974 Minor Irrigation(24-25).D

## हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलने से श्रद्धालुओं को होगी सहूलियतः शेफाली

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता इन दिनों एक्टिव हैं। वे लगातार जनसंपर्क के माध्यम से लोगों के साथ जुड़ रहीं हैं। हर दिन सदर विधान सभा क्षेत्र में उनका कार्यक्रम हो रहा है। शुक्रवार को हजारीबाग के कैनरी हिल होटल में उन्होंने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी। जिससे की लोगों को भोले बाबा के दर्शन में सहूलियत हो सके। ज्ञात हो कि लगभग एक महीने से सावन महीने में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए हजारीबाग वासी हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग कर रहे थे। शेफाली गुप्ता ने सावन महीने में स्पेशल ट्रेन ट्रेन चलाने को लेकर संज्ञान लिया। सांसद मनीष जायसवाल एवं डीआरएम के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सावन महीने में शिवभक्तों की जनभावनाओं को ख्याल रखकर हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग रखी। जिसकी स्वीकृति मिल गई।

उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेन से जाने के लिए रविवार एवं मंगलवार को रांची से शाम 4:25 बजे आरंभ होगी। रविवार एवं मंगलवार को हजारीबाग से रात 7:55 बजे आरंभ होगी। जिसका रूट चार्ट रांची, बरकाकाना. हजारीबाग, कोडरमा, गया एवं भागलपुर है। भागलपुर में पहुंचने का समय सुबह 5:25 बजे है। उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेन से लौटने के लिए सोमवार तथा बुधवार को भागलपुर में सुबह 6:40 बजे से आरंभ होगी। लौटने के लिए सोमवार तथा बुधवार को देवघर से सुबह 9:25 बजे से आरंभ होगी। हजारीबाग दोपहर समय 1:51 बजे पहुंचेगी। जिसका रूट चार्ट भागलपुर, देवघर, जसीडीह, मधुपुर, धनबाद, हजारीबाग, बडकाकाना तथा रांची है।

गुप्ता ने कहा कि सावन महीने में हजारीबाग, राँची, बड़काकाना एवं कोडरमा के श्रद्धालुओं व कांवरिया के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। मेरी आगे प्रयास रहेगाा कि यहाँ के लिए स्थायी रूप से हजारीबाग से जाने आने के ट्रेन मिले। लोगों को सुलभता उपलब्ध करना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में वैभव बने हेड ब्वॉय और रोहिणी हेड गर्ल



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को छात्र परिषद गठन को लेकर हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड ब्वॉय और डिप्टी हेड गर्ल के लिए आम चुनाव की तर्ज पर मतदान हुआ। विद्यालय में बनाये गए कुल चार मतदान केंद्र पर क्लास 6 से 12 तक के 674 विद्यार्थियों ने वोट डाला। मतदान के लिए कंप्यूटर पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। सभी वोटरों को मतदान पर्ची दी गई थी। कतारबद्ध वोटरों ने वोटर लिस्ट में नाम मिलान के बाद बारी-बारी मतदान किया। वोट देने वाले विद्यार्थियों की अंगुली पर आम चुनाव की तरह स्याही भी लगाई गई। मतदान के उपरांत परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें वैभव कश्यप साव हेड ब्वॉय और रोहिणी कौशल हेड गर्ल निर्वाचित हुए। स्मृति टोप्पो डिप्टी हेड गर्ल और अनिक अश डिप्टी हेड ब्वॉय बने। वोटिंग के दिन से पहले चुनाव में खड़े विद्यार्थियों को चुनाव प्रचार का अवसर भी दिया गया। प्रत्याशियों ने पूरे विद्यालय में जनसंपर्क कर अपने एजेंडे से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। पूरी चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक मुख्तार सिंह व साधना सिन्हा की देखरेख में संपन्न हुआ।

### दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष बने त्रिलोकीनाथ सिंह

भुरकुंडा। दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के तत्वावधान में शुक्रवार को क्षेत्रीय कार्यालय सौंदा डी में एक दिवसीय सम्मेलन हुआ। इसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रवीर चटर्जी और संचालन सचिव अनिल कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से सयाल डी कोलियरी, केके व जीएम यूनिट तीनों मिलाकर एक कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ सिंह, उपाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह व मो. यूसुफ खान, सचिव संजय सिंह, सहसचिव जनक प्रसाद व प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार सह कोषाध्यक्ष राकेश मुर्मू चुने गये। कार्यकारिणी सदस्यों में सुरेंद्र बेदिया, शकुंतला देवी, जयप्रकाश, वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार व कृष्णा कुमार शामिल हैं।

## लायंस क्लब का 17वां पदस्थापना समारोह मना

- अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी व कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद को सौंपा गया पदभार



खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। उत्सव मैरेज हॉल में शुक्रवार रात लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा का 17वां पद स्थापना सह शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया। मंच संचालन लायन विजयंत कुमार ने किया। समारोह का उद्घाटन पीएमजेएफ लायन सीमा वाजपेयी, पूर्व जिलापाल कमल जैन, पदस्थापित पदाधिकारी पीएमजेएफ राहुल वर्मा, विशिष्ट अतिथि उप जिलापाल पीएमजेएफ संजय कुमार व शुभ्रा मजूंमदार, रीजन चेयरपर्सन लायन विजेंद्र शर्मा, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ राजेंद्र महतो, सत्र 2024-25 की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सिद्धार्थ मजूमदार, बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा शाखा प्रबंधक माधुरी कुमारी आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में सत्र 2023-24 की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने क्लब के कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही नए सत्र 2024-25 के पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा और क्लब का बैच लगाया। रेखा वर्णवाल ने सत्र 2023-24 का रिर्पोट प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लायन सीमा वाजपेयी ने कहा की लायंस क्लब पूरे विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्थाओं में से एक है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि नये पदाधिकारियों के नेतृत्व में क्लब नयी ऊंचाइयों को छुवेगा। उन्होंने लायन परिवार को हमेशा सामाजिक गतिविधियों में योगदान देने की बात कही। वहीं नये सत्र की लायन अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी व कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार के क्षेत्र में क्लब कई प्रोजेक्ट चलायेगी। साथ ही जरूरतमंदों की सेवा के लिए क्लब हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। स्टौलिंग ऑफिसर पीएमजेएफ राहुल वर्मा ने नये सत्र के लिए समाज व क्लबहित में कार्य करते हुए इसे और बुंलदियों पर ले जाने का शपथ दिलाया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL DIVISION, RANCHI

Very Short Tender No.-01 of 2024-25 ( 2nd Call )

Pr No :- 327953 Drinking Water & Sanitation (24-25)#D

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 3 | Last date of sale of B.O.Q. | 29.07.2024 up to 5.00 P.M. |
| 4 | Date and time of receipt of tender | 30.07.2024 up to 3.00 P.M |
| 5 | Date and time of opening of tender | 30.07.2024 at 3.30 PM. in Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 6 | Place of sale of B.O.Q. | • Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi • Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi. |
| 7 | Name of Office where receipt of tender | • Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 8 | Contact No | Contact :- 0651-3577997, 9431161242 e-mail :- dwsdmechranchi@gmail.com |

| Group | Name of work | Estimated Cost (in Rs) | Earnest money (In Rs) | Cost of Tender Document. Non-Refundable. (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| B | Making arrangement for providing 2 nos. pump operator (Semi -Skilled) through outsourcing agency for operating pump set at T.B. Sanatorium Itki Ranchi under D.W. & S. Mechanical Division Ranchi. | 342508.00 | 6900.00 | 750.00 | up to 31st March 2025 |

नोट – 1. उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।
2. ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, से संवेदक–निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।
3. निविदा की सूचना तथा नियम शर्तें की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल,राँची।

PR 330030 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

निजी अस्पताल/नर्सिंग होम/एलोपैथी क्लिनिक/डेन्टल क्लिनिक/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉंच घर/एक्स–रे संस्थान/अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक आदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना

Clinical Establishment Act.2010 के तहत् खूँटी जिला अन्तर्गत संचालित सभी अस्पताल/क्लीनिक/नर्सिंग होम/आयुष क्लीनिक/पैथेलॉजी जॉंच घर/एक्स–रे संस्थान आदि का पंजीकृत होना आनिवार्य है। अतएव खूँटी जिला अन्तर्गत सभी अस्पताल/क्लीनिक/नर्सिंग होम/आयुष क्लीनिक/पैथेलॉजी जॉंच घर/एक्स–रे संस्थान आदि के पंजीकरण हेतु दिनांक–31.07.2024 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन Online (www.clinicalestablishments.gov.in) पर आवेदित करने क साथ ही उसकी एक प्रति सिविल सर्जन कार्यालय, खूँटी में समर्पित कर दें। दिनांक–31.07.2024 के पश्चात् बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ Clinical Establishment Act.2010 के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिसकी सारी जवाबदही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।

दण्ड प्रावधान

अपंजीकृत निजी संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41 (1) के तहत् आर्थिक दण्ड निम्नवत् प्रावधान है :–

प्रथम बार – 50000/– रू0 तक
द्वितीय बार – 200000/– रू0 तक
उत्तरवर्ती बार – 500000/– रू0 तक

सभी अस्पताल/क्लीनिक/नर्सिंग होम/आयुश क्लीनिक/पैथेलॉजी जॉंच घर/ एक्स–रे संस्थान आदि में पूछ–ताछ केन्द्र, समीप चिकित्सक का नाम, उसकी योग्यता, मेडिकल रजिस्ट्रेशन एवं प्रदत्त सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित होना अनिवार्य है।

नोट :– सभी आम–जनता/मरीजों से अनुरोध है कि अपना ईलाज पंजीकृत संस्थानों से ही करायें।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी।

PR.NO.330004 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 01/2024-25/RWD/RAMGARH दिनांक :- 18.07.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/01/2024-25/MMGSY | माण्डू | करमा पश्चिमी पंचायत में साम वागी से हरवे तक पथ निर्माण कार्य। (2.600 कि0मी0) | 232.077 | 12 माह |
| 2 | RWD/RAMGARH/02/2024-25/MMGSY | पतरातू | ग्राम लोवाडीह रेलवे ओवरब्रिज से लखन बेदिया के घर होते हुए विरमोहन करमाली के घर तक पथ निर्माण कार्य। (2.300 कि0मी0) | 219.683 | 12 माह |
| 3 | RWD/RAMGARH/03/2024-25/MMGSY | माण्डू | बड़गाँव पंचायत में विकास पासवान के घर से भुईयाडीह तक पथ निर्माण कार्य। (2.500 कि0मी0) | 177.557 | 12 माह |
| 4 | RWD/RAMGARH/04/2024-25/MMGSY | माण्डू | मंझला चुम्बा पंचायत अन्तर्गत बरगद पेड़ से हरि महतो के घर होते हुए उचरीगा ग्राम तक पथ निर्माण कार्य। (1.400 कि0मी0) | 148.998 | 09 माह |
| 5 | RWD/RAMGARH/05/2024-25/MMGSY | पतरातु | बिचा पंचायत में लालु करमाली के घर से नारायण बेदिया के घर तक भाया कृष्णा बेदिया के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.450 कि0मी0) | 148.099 | 09 माह |
| 6 | RWD/RAMGARH/06/2024-25/MMGSY | माण्डू | करमा पंचायत के बरमसिया से कोचरा डहर तक पथ निर्माण कार्य। (1.200 कि0मी0) | 128.347 | 09 माह |
| 7 | RWD/RAMGARH/07/2024-25/MMGSY | माण्डू | गरगली ग्राम के भुनेश्वर महतो के घर से बैद्यनाथ साव के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.450 कि0मी0) | 125.485 | 09 माह |
| 8 | RWD/RAMGARH/08/2024-25/MMGSY | माण्डू | नवाडीह पंचायत में जमीनदाहा मुख्य पथ से जमीनदाहा बस्ती तक पथ निर्माण कार्य। (1.350 कि0मी0) | 117.786 | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 24.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 20.08.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 329971 Rural Work Department (24-25)_D

स्पीड न्यूज

## शोहदा-ए- कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर शोहदाए कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन ग्राम डुमरी में गुरुवार बीती रात को किया गया। जिसमें वक्ता गुलजारी नूरानी हसनैन राजा शाही सहित अन्य उलेमाओं ने कर्बला की किस्से बयां किये। वहीं मौलाना मुफ्ती अमीरुद्दीन ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन मुल्क या हुकूमत के लिए जंग नहीं की, बल्कि इंसानियत के लिए ही खुद को कुर्बान कर दिया। इस जलसे का सफल आयोजन कमेटी के सदर समसुल अंसारी और सेक्रेटरी असलम अंसारी ने किया। मौके पर मिनहाज अंसारी, हाफिज अनवर, असगर अंसारी, गुलाम जिलानी, कलीम अंसारी, आजाद अंसारी, इस्लाम अंसारी, रिजवान आदि लोग मौजूद थे।

## एथलीट प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन खेल गर्मजोशी से भरा रहा



**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा 2024-25 के दूसरे दिन खेल गर्मजोशी से भरा रहा। बादलों की धूप-छांव और अठखेलियों के बीच वार्षिक एथलीट स्पर्धा भी गुनगुनाती रही। कुशल एवं अनुभवी सैन्य अधिकारियों तथा प्रशासकों की अभिनव उपस्थिति में ट्रैक स्पर्धा, शॉट पुट और लंबी कूद का था जो कि सभी बारह गृहों के बीच हीट स्पर्धा और डायरेक्ट स्पर्धा के रूप में खेला गया। वरिष्ठ-कनिष्ठ, बालक-बालिकाओं के विभिन्न वर्ग में दूसरे दिन 400 मीटर, 4X100 मीटर, 4X400 मीटर की हीट स्पर्धा संपन्न हुई। वहीं समाचार लिखे जाने तक ऊंची कूद की डायरेक्ट स्पर्धा का सीधा परिणाम अंकपट्ट पर दिखाई देने लगा, जिसमे कनिष्ठ बालक वर्ग में करण कुमार दास, मगध गृह तथा वरिष्ठ बालक वर्ग में आयुष कुमार, राजगीर गृह ने अपने गृह का नाम स्थिर कर लिया। समाचार लिखे जाने तक विभिन्न वर्गों में 200 मीटर, 400 मीटर 1500 मीटर व भाला क्षेपण का निर्णय आना शेष था।

## ट्रैक्टर व एम्बुलेंस टक्कर में दो घायल



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियारबर में शुक्रवार की अहले सुबह एक एंबुलेंस (ओमनी कार बीआर26के-7760) और बालू लदे ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गए। इस टक्कर के होने से एंबुलेंस सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों की पहचान बिहार के औरंगाबाद निवासी 40 वर्षीय टिंकू सिंह और 38 वर्षीय अशोक कुमार सिंह दोनों पिता भीम सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के औरंगाबाद से एंबुलेंस लेकर दोनों श्रावणी मेला में एंबुलेंस सेवा के लिए देवघर जा रहे थे। इसी दौरान एंबुलेंस के ड्राइवर को झपकी आने के बाद बालू लदे ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एंबुलेंस सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर डोमचांच थाना पुलिस घटनास्थल पर पंहुचकर घायलों को सदर अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी को डीडीसी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**कोडरमा।** रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल को डीडीसी ऋतुराज द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह प्रशस्ति पत्र लोकसभा चुनाव 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया। वहीं डीडीसी ने कहा कि लोकसभा मतदाता जागरूकता अभियान में रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। सोसाइटी की इस उपलब्धि पर रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया, दिनेश कुशवाहा, गणेश स्वर्णकार, अरविंद सेठ, अरुणोदय, अरुण ओझा, गौतम पाल, डॉ. आरके दीपक, डॉ. रामसागर सिंह आदि ने बधाई दिया।

## छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साईकिल वितरण



**कोडरमा।** कल्याण विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सभी सरकारी विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की महवाकांक्षी योजना निःशुल्क साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कोडरमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोचनपुर के छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। मौके पर मो इंतखाब आलम, प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी, शिक्षिका अनिता कुमारी, उपेन्द्र कुमार एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# बाल अधिकार महोत्सव सह वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## हरियाणा, पंजाब के ठगी से विवाह करने वाले को खदेड़ें : डॉ. नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान कोडरमा द्वारा मरकच्चो प्रखंड के चोपनाडीह एवं सिमरिया पंचायत के 10 गांव में बच्चों का सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से सघन रूप से कार्य प्रारम्भ किया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बाल अधिकार महोत्सव सह वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर विधायक डॉ. नीरा यादव, थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, प्रमुख विजय कुमार, सचिव मनोज दांगी, मुखिया पूनम देवी संयुक्त रूप से किया। ग्रामीण बच्चों का साइंस मॉडल लोगों को आकर्षित किया, क्ले मोडलिंग, ग्राम समाचार, नजरिया नक्सा बना, चित्रांकन कर अपने हुनर का लोहा मनवाया। वहीं बालिकाओं ने कबड्डी में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के साथ बाल मंच चोपनाडीह प्रथम और बांसडीह द्वितीय स्थान पर रही, रस्सी कूद प्रतियोगिता में लक्ष्मी कुमारी, चोपनाडीह प्रथम, अंजलि कुमारी नारियाही द्वितीय, सहान खातूना कोंडराडीह तृतीय। वहीं क्रिकेट बालक वर्ग में बाल मंच बेलाडीह प्रथम, बाल मंच नारियाही द्वितीय नंदनी कुमारी जामु ने अपनी कहानी से उपस्थित जन मानस को रुला दिया वहीं रिया कुमारी ने बाल विवाह के खिलाफ हुंकार भरते हुए कहा की ना ही बाल विवाह करेंगे, ना ह होने देंगे। कार्यक्रम में नृत्य में प्रथम बासंडीह, द्वितीय झलकडीह, तृतीय सिमरिया रहा। वहीं नुक्कड़ नाटक में प्रथम झलकडीह, द्वितीय नारियाही एवं तृतीय जगदीशपुर रहा। वहीं चरित्र चित्रण में प्रथम चोपनाडीह, द्वितीय कोनारडीह एवं तृतीय नरयाही रहा। वहीं ग्राम समाचार में प्रथम कोनारडीह, द्वितीय डूमरडीहा एवं तृतीय सिमरिया रहा। वहीं साइंस मोडल में प्रथम नारियाही, द्वितीय चोपनाडीह एवं तृतीय डूमरडीहा रहा। वहीं क्ले मोडलिंग में प्रथम सिमरिया, द्वितीय झलकडीह एवं तृतीय नारियाही रहा। वहीं हैण्ड क्राफ्ट में प्रथम कोनराडीह, द्वितीय चोपनाडीह एवं तृतीय जगदीशपुर रहा। वहीं रस्सी कूद में प्रथम लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय अंजली कुमारी एवं तृतीय सहाना खातून स्थान पर रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने कहा कि राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के द्वारा पिछले 25 वर्षों से कोडरमा जिला में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता और प्रिवेंशन का काम किया जा रहा है जो सराहनीय है। संस्थान द्वारा बाल मंच का गठन करना और और बच्चों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उनके अधिकार और सर्वांगीण विकास के लिए जो काम किया जा रहा है सराहनीय है। सैकड़ो बाल विवाह रुकवाने के साथ सैकड़ो बच्चों को नया जीवन देने में संस्थान सफल रही है, मैं इसका साक्षी हूं। संस्थान को जहां सहयोग की जरूरत है मैं उसके लिए सदैव तत्पर रही हूं और आगे भी रहूंगी। वहीं अतिथि प्रमुख विजय सिंह ने आरजेएसएस सैकड़ो बाल विवाह को रुकवाने का कार्य किया है, इस तरह के कार्यक्रम से जागरूकता बढेगा। वहीं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संतोष कुमार ने संस्थान का कार्य एवं कार्यक्रम की सराहना करते हुए बाल अधिकार पर विस्तार से जानकारी दिया। सभी लोगों ने बाल विवाह मुक्त, बाल शोषण मुक्त का संकल्प लिया। मौके पर गगन, काजल, करिश्मा, संतोष कुमार यादव, रंजू कुमारी, राजेस कुमार, मधु कुमारी, निर्भय कुल, शिव पण्डे, सुमंत कुमार, सुनीत कुमारी, राजेन्द्र राम, सूरज कुमार, संगीता कुमारी, सरिता कुमारी, सरिता कुमारी, रामशरण यादव, पंकज कुमार, सुनील कुमार यादव, जीन्नत परवीन, रूबी, गायत्री, करिश्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अमृत सरोवर , बागवानी योजना का सचिव ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** संयुक्त सचिव श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार रूपेश कुमार ठाकुर के द्वारा जल शक्ति अभियान 2024 कैच द रैन अंतर्गत जयनगर प्रखंड के पिपचो और मरकच्चो प्रखंड के अर्कोसा गांव स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया। इसके साथ साथ मनरेगा पार्क का भी अवलोकन किया। जयनगर प्रखंड के पिपचो स्थित अमृत सरोवर के निरीक्षण के क्रम में संयुक्त सचिव ने कहा कि अमृत सरोवर के स्लोव पर घास और पौधा लगायें। अमृत सरोवर की संरचना, पानी की उपलब्धता और जल संरक्षण हेतु किये गये कार्य की प्रशंसा की। इसके साथ ही संयुक्त सचिव रूपेश कुमार ठाकुर एवं उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा पौधरोपण किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि जितने भी पौधा लगाएं गये हैं, उन पौधों का संरक्षण करने की सबकी जिम्मेदारी है, इसलिए पौधा का संरक्षण करें। इसके अतिरिक्त संयुक्त सचिव द्वारा हाई मास्क लाईट एवं ओपन जिम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, तत्पश्चात संयुक्त सचिव ने मरकच्चो प्रखंड के आर्कोसा गांव का भ्रमण कर मनरेगा पार्क का मुआयना किया। उन्होंने मनरेगा पार्क में बागवानी योजना को देखा, पंचखैरो जलाशय में मछली पालन, बत्तख पालन समेत योजना को देखा और जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण कि दिशा में किये गये कार्य को सराहा, साथ ही पंचखैरो डैम में जल जीवन मिशन अंतर्गत तेलोडीह जलापूर्ति योजना से हर घर नल जल यानि पानी सप्लाई की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीटीओ विजय कुमार सोनी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग, बीडीओ गौतम, हुलास महतो व अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

## तंबाकू से बने उत्पादों के सेवन करने से लीवर केंसर होने की संभावना होती है : डॉ अनिल

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय एएनएम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार ने कहा कि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में सभी स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अहम है, यह चिंता की बात है कि खुद को आधुनिक दिखाने के चक्कर में आज के युवा तंबाकू या इससे बने अन्य उत्पादों का सेवन धड़ल्ले से कर रहे हैं, जबकि ये युवा देश के भविष्य हैं। वहीं उन्होंने कहा कि तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पादों के सेवन से फेफड़े का केंसर, डायबिटीज, लिवर केंसर, हृदय रोग समेत अन्य गम्भीर रोग होने की प्रबल संभावनाएं होती है, ऐसे में हमसबों को मिलजुल कर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। वहीं नोडल पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने कहा कि तम्बाकू मुक्त समाज बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों को आगे आने की जरूरत है, ताकि युवा पीढ़ी को इसके लत से बचाया जा सके। वहीं जिला परामर्शी दीपेश कुमार ने कोटपा एक्ट 2003 की विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही सदर अस्पताल में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं के बाबत विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर डॉ.नीलमणि, गणेश दास, इंदिरा कुमारी, रेमिश हेम्ब्रम, सिद्धांत ओहदार, मुकेश राणा, शोभा कुमारी, मंजू कुमारी, प्रिया सिंह, रेखा कुमारी, अंजली तिर्की, फुलमनी होरो, उर्मिला सिन्हा समेत भारी संख्या में एएनएम आदि मौजूद थे।

## ट्रक वाहन मालिकों ने आम्रपाली जीएम ऑफिस का किया घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार आम्रपाली विस्थापित -प्रभावित ट्रक मालिकों ने जीएम कार्यालय का किया घेराव। जानकारी के अनुसार सप्ताह पूर्व में ही वाहन मालिकों ने परियोजना क्षेत्र में शोषण के विरुद्ध सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। वहीं वाहन मालिकों ने ट्रांसपोर्टरों द्वारा पेपर व अनलोडिंग के नाम पर भारी कटौती के गंभीर आरोप लगाये थे। जबकि डीएमओ चालान की समय सीमा वैधता काफी कम कर दिये जाने से काफी परेशानी की सामना कर पड़ रहा है। जिसमें कुछ वाहनों एवं वाहन मालिकों के खिलाप खनन व परिवहन विभाग द्वारा कठोर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों की मानें तो वाहन मालिकों को उक्त मांगों के प्रति विभागीय उदासीनता से अब भारी असंतोष पनप चुका है। जिसको लेकर जीएम ऑफिस का घेराव किया गया। इस मौके पर संघ के पूर्व संयोजक आशुतोष मिश्रा, महेश गंझू, सुजीत कुमार, बद्री साहु, गुरुदयाल साव, मुकेश यादव, इंद्रदेव साहु समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## निर्वाचन साक्षरता क्लब गठन को लेकर प्रशिक्षण संपन्न



**कोडरमा।** जिले के विद्यालयों और महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब गठन को लेकर डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन साक्षरता क्लब गठन के बाबत विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही क्लब गठन के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अलावे विद्यार्थियों को लोकतंत्र में चुनाव एवं मतदान की अवधारणा से अवगत कराते हुए मतदान के मूल्यों की जानकारी दी गयी। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब में वर्ग नवम से 12वीं वर्ग के सभी विार्थी क्लब के सदस्य होंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैम्पस एम्बेसडर व अन्य को डीडीसी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गॉडविन कुजूर, डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा, डीईओ अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## हरिओम प्रेस के द्वारा गलत प्रिंटिंग से कंपनी को लाखों का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

पुलिस से कार्रवाई की मांग

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के संकट मोचन नगर निवासी विकास कुमार मिश्रा के द्वारा थाना में आवेदन देकर अड्डी बांग्ला रोड में स्थित हरि ओम प्रेस के संचालक पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि वह के. एम मेडिसिन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं, उनकी कंपनी आयुर्वेदिक दर्द की दवा कोहिनूर हर्बल तेल तैयार करती है। उन्होंने पैकिंग के लिए हरिओम प्रेस को 100 एमएल और 30 एमएल की दवा बॉक्स के डब्बे स्टिकर और लीफलेट पर्ची प्रिंट करने का आर्डर दिया था। प्रिंटिंग के लिए उन्होंने हरिओम प्रेस को 21700 रूपये का ऑनलाइन भुगतान भी किया। हालांकि इस दौरान हरिओम प्रेस के संचालक संदीप विश्वास के द्वारा 100 एमएल और 30 एमएल के बॉक्स में एक ही मूल्य और एक ही बैच नंबर प्रिंट कर दिया गया। जबकि उन्होंने दोनों डब्बों के लिए अलग-अलग रेट और बैच नंबर संचालक को उपलब कराया गया था। उन्होंने बताया कि गलत प्रिंटिंग को लेकर जब उन्होंने इसकी शिकायत की तो संचालक के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने बताया कि हरिओम प्रेस की इस गलती से उनको लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। उनके व्यापारिक छवि भी धूमिल हुई है। वहीं व्यापार कारोबार में भी रुकावट पैदा हो गई है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## जनता के प्राप्त शिकायतों का करें निष्पादन: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जनता दरबार में जिले के किशुनपुर के रहने वाले सोनू राणा ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं दाहिने पैर से दिव्यांग हूं मुझे पहले दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा था लेकिन विगत दो वर्षो से मुझे पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी से जानकारी लिया तो उनके द्वारा बताया गया कि इस लाभुक का केवाईसी नहीं होने के कारण लाभुक के खाते में पेंशन की राशि भेजी तो जा रही है लेकिन वह राशि वापस हो जा रहा है। अगर इनके द्वारा केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाता है तो इनके समस्याओं का निष्पादन हो जाएगा। इसी प्रकार वशिष्ट नगर जोरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुरीद के रहने वाले चंचल यादव ने बताया कि मैं दोनो आंख से दिव्यांग हूं इसके कारण मैं कहीं आना जाना भी नहीं कर पाता हूं और कोई कार्य करने में भी असमर्थ हूं इस कारण मुझे जीविकोपार्जन में समस्या हो रही है। अबूआ आवास के लिए मेरा नाम सूची में है इसके वावजूद भी मुझे अबूआ आवास मुहैया नहीं कराया जा रहा है। मेरा घर टूटा हुआ है और उसपर किसी भी तरह तिरपाल रखकर गुजरबसर कर रहे हैं जो कि बरसात के समय काफी समस्या होती है। इसपर उपायुक्त ने आवेदन का अवलोकन कर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल को निर्देशित करते हुए कहा आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द इन्हे लाभान्वित करें, साथ ही कहा अबूआ आवास योजना का लाभ नियम संगत योग्यता रखने वाले सभी जरूरतमंदों को मिले यह सुनिश्चित किया जाय। जनता दरबार का आयोजना समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने एक एक कर जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त के अलावे जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, सड़क, दिव्यांग उपकरण, अनुकंपा से संबंधित समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बताते चले की मंगलवार और शुक्रवार को 11 बजे से 1 बजे तक उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुन निष्पादन किया जाता है।

## पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सतगावां (कोडरमा)।** कांड संख्या 96/20 उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी अभियुक्त के वारंटी कैरी निवासी शशिकांत कुमार उर्फ बब्लू पिता रामलखन प्रसाद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच के पश्चात् न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज दिया गया।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



गिद्धौर। थाना के समीप शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान दोपहिया और चार पहिया दर्जनों वाहनों की जांच की गई, जिसमें लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट, प्रदूषण कागजात, इंश्योरेंस कागजात आदि की जांच की गई। जांच के दौरान थाना से एसआई के साथ सशस्त्र बल के लोग भी उपस्थित थे।

# कर्तव्य पथ के निरंतर पथिक : सरिता पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** कर्तव्य पथ के निरंतर पथिक स्पष्ट और पारदर्शी प्रतिबद्धता से परिवर्तन के प्रेरक बनते हैं। सशक्त समाज बनाने की कठिन पगडंडियों में शूलों को फूल की भांति महसूस करना और अपने लक्ष्य को हासिल करना ही समाज सुधारकों की पहचान होती है। एक ऐसा ही नाम झारखंड की सरिता पांडेय का है, जिनमें जुनून है कुछ कर गुजरने का और जज्बात की लौ है समाज को बदलने की। भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष सरिता पांडेय ने अपनी निरंतर सामाजिक गतिविधियों से सबका ध्यान खींचा है। बात चाहे सामुदायिक विकास की हो, बात आपदा में सेवा भाव की हो या फिर बाल कल्याण और कानूनी जागरूकता की हो, हर क्षेत्र में सेवा भाव को लेकर उनकी उपलब्धता देखी जाती है। आपको जानकार हैरानी होगी कि वह एक प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव हैं जो रांची झारखंड की हैं। 8 वर्षो के अनुभव लिए सरिता पांडे का मुख्य फोकस क्षेत्रों में कंपनी का गठन/पंजीकरण शामिल है, चाहे वह एकमात्र स्वामित्व, निजी लिमिटेड कंपनी, सीमित देयता साझेदारी, साझेदारी फर्म, धारा 8 कंपनियाँ, निदेशकों की नियुक्ति/त्यागपत्र और वार्षिक फाइलिंग जैसे बैलेंस शीट, वार्षिक रिटर्न, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल मामलों, उद्यम पंजीकरण, नीति आयोग पंजीकरण, जीएसटी, आयकर, एफएसएसएआई, ट्रेडमार्क, व्यापार लाइसेंस, वेबसाइट डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग हैं। एक कंपनी सचिव के रूप में इनकी भूमिका या काम केवल इन तक ही सीमित नहीं है बल्कि अन्य को उद्यमी बनाने में भी मदद करना है, जैसे उद्यम पंजीकरण फाइल करना, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, उन्हें बैंकों द्वारा स्वीकृत सब्सिडी वाले ऋण के लिए आवेदन करने में मदद करना, उचित अनुपालन द्वारा नए उद्यमियों के लिए मदद करना भी है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार एमएसएमई की योजना पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और नए उद्यमियों को उचित प्रशिक्षण और मंच दे रही हैं ताकि, वे लाभान्वित हो सकें और उन्नति कर सकें। उनका दृष्टिकोण और मिशन केवल अन्य को सफल उद्यमी बनाना है और एमएसएमई इसमें एक रीढ़ की हड्डी है। उनसे मिलने पर ये एहसास होता है कि उनके पास योग्यता है और उनमें सफल उद्यमी बनाने की क्षमता है।

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पर ड्रॉप मोर क्रॉप की बैठक

## कार्य में रुचि नहीं लेने वाले कंपनी को करें ब्लैक लिस्टेडः उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पर ड्रॉप मोर क्रॉप (पीडीएमसी) कि बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा वर्तमान वर्ष में पीडीएमसी के क्रियान्वयन हेतु सभी ग्रामों में पहुंचाना और लाभुकों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। जानकारी दी गई की चतरा जिला पिछले तीन वर्षो से सुखाड़ की चपेट में है। उपायुक्त द्वारा इस परिस्थिति से निपटने हेतु सूक्ष्म सिंचाई के लक्ष्य को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा प्रत्येक पंचायत के दो ग्रामों में लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। तीन कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का निर्देश अरिहंत, कैप्टन एवं प्रीमियर कंपनी के द्वारा गत वर्षो में जिले में किए गए कार्यों में रुचि नहीं दिखाने के स्थिति में अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीनो कम्पनियों को ब्लैकलिस्टेड करने हेतु विभाग को पत्र निर्गत करने के लिए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार,अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सूचीबद्ध कार्यकारी कंपनी के पदाधिकारी तथा लाभुक उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## महिलाओं ने राजस्थानी गीतों पर की खूब मस्ती

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन जमशेदपुर शाखा का बिष्टुपुर स्थित एक होटल में सावन सिंधारा और मीटिंग का आयोजन हुआ। मौके पर अतिथि के रूप में झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष मंजू बगड़िया, सचिव साधना देवरालिया और कोषाध्यक्ष किरण गोयनका उपस्थित थी। प्रांतीय अध्यक्ष और सचिव ने महिलाओं को सशक्त बनाने, हरित गठन करने, अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने और शाखाओं के गठन पर जोर दिया। प्रांतीय अध्यक्ष ने जमशेदपुर शाखा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## शहीद पंडित मंगल की जयंती मनी

**जमशेदपुर।** गुरुवार को भास्कर भवन सिदगोड़ा जमशेदपुर मे भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति द्वारा शहीद मंगल पाण्डेय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित चंद्रशेखर मिश्रा जी ने कहा की ब्राह्मणो की एकजुटता और सभ्यत्ता के साथ साथ सनातनी संस्कृति की रक्षा के लिए सर्व प्रथम बलिदानी देने का कार्य ब्राह्मण करते है और इसका उदाहरण देश के आजादी के प्रथम स्वतंत्रता की सपना सजोने वाले शहीद पंडित मंगल पाण्डेय जी थे लेकिन आज भी उन्हें जो भरत सरकार द्वारा सम्मान मिलना चाहिए नहीं मिला है।

## सरकार अब घर तोड़ने पर आमादा : सांसद

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा अंतर्गत भुइयांडीह क्षेत्र के कल्याण नगर एवं इंद्रा नगर के करीब डेढ़ सौ घरों को तोड़ने के नोटिस दिए जाने पर भाजपा गंभीर है। इस निमित्त, शुक्रवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव समेत पार्टी के कई वरीय नेतागण मौजूद रहे। जिला उपायुक्त से इस मुलाकात में सांसद विद्युत महतो ने उपायुक्त को जनता की भावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने बड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद अपना घर बनाया है।

## चौका : एमआर एलॉय कंपनी में काम के दौरान करंट से वेल्डर की मौत

**चांडिल।** शुक्रवार को चौका थाना क्षेत्र में स्थित एमआर एलॉय स्पोंज कंपनी में करंट लगने से चौका के पालना निवासी 32 वर्षीय मजदूर उत्तम लायेक की मौत हो गई। उत्तम कंपनी में वेल्डर का कार्य करता था। काम करने के दौरान उसे करंट लगा और वह बुरी तरह से झुलस गया। आनन-फानन में चांडिल अनुमंडल अस्पताल लाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मिली जानकारी के अनुसार उत्तम अपने पिछे पत्नी और तिन बेटी को छोड़ गए हैं। मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को कंपनी गेट के समक्ष रख कर कंपनी प्रबंधन से मुआवजा की मांग कर रहे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में डुरंड कप का उद्घाटन मैच 28 को

## शहर को पहली बार मिली है इस कप की मेजबानी, डुरंड कप ट्रॉफियों को जमशेदपुर में घुमाया गया, हर्ष

### डुरंड कप की मेजबानी जमशेदपुर के लिए गर्व की बात : चाणक्य चौधरी

श्री. टाटा स्टील के कॉपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने कहा, जमशेदपुर में इस तरह के प्रतिष्ठित टूनामेंट की मेजबानी करके हमें खुशी और गर्व है। टाटा स्टील में खेल जीवन का एक तरीका है और हमने हमेशा खेल और खिलाड़ियों का समर्थन किया है। हम डूरंड कप में भाग लेने वाली टीमों को शुभकामनाएं देते हैं।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 'भारत का इस्पात (स्टील) शहर' और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम जमशेदपुर एफसी (जेएफसी) का घर, जमशेदपुर ने 133वें इंडियनऑयल डूरंड कप का बड़े औपचारिक उत्साह के साथ स्वागत किया। तीन चमचमाती डूरंड कप ट्रॉफियों को पहली बार एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण और पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामलों के मंत्री श्री हफीजुल हसन की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदर्शित किया गया जो कि इसकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे । डूरंड कप आयोजन समिति के अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल आरसी श्रीकांत, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय पूर्वी कमान एवं टाटा स्टील के कॉपोरेट सर्विसेजके उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरीभी उपस्थित थे, जो किसम्मानित अतिथि थे।

**उद्घाटन मैच 28 को जेएफसी और बंग्लादेश सशस्त्र बल की टीम भिडेगी :** यह खेल परिसर जमशेदपुर एफसी का घर भी है और उनके प्रशंसकों द्वारा इसे 'द फर्नेस' के नाम से भी जाना जाता है। यह ग्रुप डी की मेजबानी करेगा, जिसमें रेड माइनर्स, साथी आईएसएल टीम चेन्नईयिन एफसी, भारतीय सेना फुटबॉल टीम और बांग्लादेश सशस्त्र बल फुटबॉल टीम शामिल है, जो टूनामेंट में विदेशी टीमों में से एक है। उद्घाटन मैच 28 जुलाई को खेला जाएगा जिसमें जमशेदपुर एफसी का सामना बांग्लादेश सशस्त्र बल एफटी से होगा। मैच शाम 4 बजे निर्धारित है।







डुरंड कप ट्रॉफी का एक्सएलआरआई सभागार में अनावरण करते मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री बन्ना गुप्ता, टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी व सेना के वरिष्ठ अधिकारीगण। ट्रॉफी अनावरण समारोह में रंगारंग कार्यक्रम पेश करते कलाकार।

### जमशेदपुर में फुटबॉल की गौरवशाली परंपरा है : हफीजुल हसन

इस अवसर पर दर्शकों को संबोधित करते हुए, मंत्री हफीजुल हसन ने कहा, खेल राज्य की संस्कृति से जुड़ा है और फुटबॉल के साथ जमशेदपुर की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा है। आधुनिक युग के भारतीय फुटबॉल के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने यहां की प्रतिष्ठित टाटा फुटबॉल अकादमी से अपनी कला सीखी। पहली बार प्रसिद्ध डूरंड कप की मेजबानी करना एक सम्मान की बात है और इससे शहर और राज्य में कुल मिलाकर खेल की लोकप्रियता बढ़ेगी। हम जमशेदपुर को यह विशेषाधिकार देने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देते हैं। मैं राज्य के सभी फुटबॉल प्रेमी लोगों से आग्रह करता हूं कि वे हमेशा की तरह बड़ी संख्या में आएं और मैच देखें। हम आने वाले दिनों में कुछ प्रतिस्पर्धी और रोमांचक फुटबॉल मैचों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और सभी मेहमान टीमों और मेहमानों को जमशेदपुर में शानदार समय बिताने की शुभकामनाएं देते हैं।"

**शहर के कई जगहों पर ट्रॉफी प्रदर्शित की गईं :** स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स वह जगह भी थी जहां ट्रॉफी को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम से मानगो बस स्टैंड, साकची सर्कल और जुस्को सर्कल के माध्यम से ले जाने के बाद प्रदर्शित किया गया था। इसके बाद इसे स्थानीय पीएंडएम मॉल में भी प्रदर्शित किया गया।

इंडियनऑयल डूरंड कप के सभी मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे और सोनी लाइव ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी लाइवस्ट्रीम किए जा सकते हैं।

**डुरंगड कप में कुल 24 टीमें दिखायेंगी दम :** तीन सर्विसेज की टीमों और नेपाल और बांग्लादेश की दो सेवाओं की टीमों सहित कुल 24 टीमें 43 मैचों में एक्शन में नजर आएंगी, जो चार मेजबान शहरों कोकराझार, शिलांग, जमशेदपुर (अंतिम दो नाम मेजबान शहरों के रूप में पदार्पण करेंगे) और कोलकाता में खेले जाएंगे, जो 31 अगस्त को प्रतिष्ठित विवेकानंद युवा भारती क्रीरांगन (वीवाईबीके) में ग्रैंड फाइनल की भी मेजबानी करेगा। चांदी के बर्तनों की तीन चमचमाती हुई ट्रॉफियाँ, मूल पुरस्कार और दूसरी शिमला इस अवसर पर वीएसएम के लेफ्टिनेंट जनरल आरसी श्रीकांत ने कहा, जमशेदपुर में इस प्रतिष्ठित टूनामेंट की मेजबानी करने पर भारतीय सेना को गर्व है। यह एक ऐसा शहर है जो टाटा फुटबॉल अकादमी का घर है, जो खेल के जमीनी स्तर के विकास में एक प्रकाशस्तंभ है। जैसे-जैसे हम इन क्षेत्रों में डूरंड की पहुंच फैलाना जारी रखते हैं, हमारा मानना है कि यह न केवल मजबूत नागरिक-सैन्य संबंधों के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि युवाओं को एक उज्जवल, फिटर और उत्पादक भविष्य के लिए भी प्रेरित करेगा।

आशा और सकारात्मकता की इसी भावना के साथ हम शानदार 133वें इंडियनऑयल डूरंड कप संस्करण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, जीओसी-इन-सी पूर्वी कमान और संरक्षक, डूरंड कप आयोजन समिति की ओर से, मैं आयोजन समिति, खिलाड़ियों और इस साल के टूनामेंट में शामिल सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।

## टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन की कमेटी मीटिंग में ग्रेड रिवीजन से लेकर बोनस तक की उठी मांग



बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की एक सभा यूनियन के अध्यक्ष श्री राकेशवर पांडे की अध्यक्षता में यूनियन हाल में हुई इस अवसर पर यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की पिछली बैठक में हुई कार्यवाही एवं यूनियन के वित्तीय स्थिति पर विचार हुआ एवं इसे सर्व सम्मति से हाउस में पास किया गया इसके उपरांत कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा जो बाते हुई वह इस प्रकार थीं। एक अप्रैल 2024 से टिन प्लेट के कर्मचारियों का ग्रेड डिवीजन लंबित हो गया है इसे जल्द से जल्द एक सम्मानजनक समझौता किया जाए एवं साथ ही साथ एन एस ग्रेड एवं ओल्ड ग्रेड के कर्मचारियों के ग्रेड को समायोजित किया जाए। टाटा स्टील में समायोजित होने के बाद टाटा स्टील के द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं एवं सारे नियम जैसे ग्रेड स्ट्रक्चर, स्कॉलरशिप, कैंटीन की सुविधा, अस्पताल की सुविधा, टाउन मेंटेनेंस की सुविधा, प्रमोशन, आदि अन्य सभी सुविधाएं टिन प्लेट डिवीजन के कर्मचारियों पर लागू किया जाए। टाटा स्टील में टिनप्लेट डिवीजन के समायोजन होने के उपरांत सैलरी स्लिप में हो रही असुविधाएं, इलेक्ट्रिसिटी यूनिट, स्पेशल लीव, सैप फ्यूरी ऐप, कैंटीन ऐप, ऑफ चेंज, आदि कई अन्य असुविधाओं को जल्द से जल्द ठीक किया जाए एवं साथ ही साथ एक हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जाए।

# सरयू राय 21-22 को करेंगे रामार्चा पूजा, तैयारियां अंतिम चरण में

### 21 जुलाई को प्रातः 8 बजे से पूजा, 22 जुलाई को दोपहर 12.30 से महाप्रसाद





विधायक सरयू राय। महाप्रसाद के लिए बारीडीह में सज रहा पंडाल।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय 24वें वर्ष भी रामार्चा पूजा का आयोजन कर रहे हैं। 21 जुलाई की सुबह 8 बजे से रामार्चा पूजा प्रारंभ हो जाएगी। इसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

विधायक कार्यालय के निकट वाला मैदान, जिसे अब रामार्चा मैदान भी कहा जाने लगा है, वहां पंडाल लग रहा है। 22 जुलाई को इसी मैदान में महाप्रसाद का वितरण होगा। पिछले कई वर्षों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण यहीं प्रसाद पाते रहे हैं। रामार्चा पूजा बेगूसराय के नामचीन पंडित श्री गौरीकांत ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न होगा। सर्वश्री विनोद पांडेय, धनजी पांडेय, घनश्याम मिश्रा समेत आधा दर्जन पंडित पूजन कार्य में शामिल होंगे।

मुख्य यजमान विधायक श्री सरयू राय होंगे। श्री विनोद पांडेय ने बताया कि 20 जुलाई को विधायक कार्यालय परिसर,बारीडीह में वेदी का निर्माण होगा। वेदी को आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा। इसके साथ ही पूजन की समस्त तैयारियां 20 तारीख को पूर्ण हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को प्रातः 8 बजे से रामार्चा पूजा प्रारंभ की जाएगी। पहले चरण में पवित्रिकरण के उपरांत शांतिपाठ किया जाएगा। इसके बाद संकल्पपूर्व गौरी-गणेश, वरुण देवता का पूजन होगा। फिर रक्षा विधान, ब्राह्मण वरण होगा। इसके बाद वेदी पर चार आवरण में भगवान श्रीराम सहित उनके पूरे परिवार, वीर बजरंग बली, नवग्रह, दस दिगपाल, भगवान शिव, सप्तऋषि, अष्ट वसु, वास्तु, शक्तियों की पूजा और पवित्र नदियों की पूजा इत्यादि की जाएगी।

एक नजर में

## बैंक कर्मियों ने मनाया 56वां बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज 56 वां बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मियों ने जगह-जगह प्रदर्शन किया और बैंकों को बचाने के लिए आम लोगों से बैंकों के निजीकरण का विरोध करने का आह्वान किया। उनका कहना था की बैंकों को बचा करके ही देश को बचाया जा सकता है।

## एशियन पेंट्स के पूर्व सीएचआरओ विवेक पटवर्द्धन पहुंचे टीडब्ल्यूयू

**जमशेदपुर।** श्री विवेक एस पटवर्धन, पूर्व सीएचआरओ, एशियन पेंट्स ने आज, 19/07/2024 को यूनियन कार्यालय का दौरा किया और टाटा वर्कर्स यूनियन के शीर्ष 3 अधिकारियों से मुलाकात की। उनके साथ श्री जुबिन पालिया, चीफ ग्रुप एचआर एंड आईआर, टाटा स्टील, जमशेदपुर और श्री राजेश चिंतक, चीफ एचआरबीपी रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील, जमशेदपुर भी थे। श्री संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, श्री शैलेश कुमार, उप-सभापति, एवं महासचिव श्री सतीश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। श्री संजीव कुमार चौधरी एवं श्री शैलेश कुमार सिंह ने अतिथि को शॉल एवं गुलदस्ता भेंट किया।

## केरला पब्लिक स्कूल, कदमा में वार्षिक प्रदर्शनी संपन्न

**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल कदमा ने शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024 को अपनी वार्षिक स्कूल प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें उच्च जाति के छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता का जश्न मनाया गया। सतत विकास पर आधारित इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक प्रोजेक्ट और मनमोहक कलाकृतियाँ शामिल थीं। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण मुख्य अतिथि डॉ अभिलाष सहायक प्रोफेसर, राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला थे।

## शांति वैली में महादेव शिवशंकर धाम का प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से संपन्न

**जमशेदपुर।** महादेव शिव शंकर धाम का निर्माण कार्य का आरंभ शान्ति देवी एवम् बैजनाथ साह जी के द्वारा किया गया था जिसका पूर्ण निर्माण उनके पुत्रों के द्वारा सम्पन्न हुआ है जो की टेल्को स्थित शान्ति वैली के प्रवेश द्वार पर है। महादेव शिव शंकर धाम में प्राण प्रतिष्ठा भगवान शिव शंकर परिवार के साथ साथ श्री राम जी, श्री लक्ष्मण जी, सीता जी, श्री कृष्ण जी, श्री राधे जी, भगवती मां दुर्गा जी एवं महाबली पंचमुखी हनुमान जी का भी हुआ है।

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के बालवाटिका के बच्चों ने मनाया रेड-डे

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के बालवाटिका के छात्रों ने 'रेड डे' मनाया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं समस्त नन्हे-मुन्ने बच्चे लाल पोशाक में सुसज्जित हो कर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित हुए। लाल रंग के अलग-अलग साग, सब्जी, फल, फूल एवं पशु- पक्षियों के चित्र लिये खड़े बच्चे बहुत ही सुशोभित हो रहे थे। बच्चों को लाल रंग के अलग-अलग विशेषताएँ शिक्षको द्वारा बताया गया जैसे लाल रंग ऊर्जा, प्रेम, उल्लास, खुशी एवं सावधानी बरतने का प्रतीक होता है। बाल बाटिका की शिक्षका श्रीमती सारिका सिंह, नेहा कुमार, कुमारी बेबी, मधु पांडे , श्रीमती सुषमा अग्रवाल, श्वेतास्मी ने अथक मेहनत कर बच्चों के रेड डे को सफल बनाया। प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार सिंह ने बच्चों को शुभकामना एवं शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापन की।

## सतवाहिनी मोड़ की सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**गम्हरिया।** टाटा-कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया के सतवाहिनी मोड़ स्थित एमटीसी मॉल के समीप शुक्रवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया है। शुक्रवार को दोपहर हुई इस दुर्घटना में तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आदित्यपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। मृतक युवक की पहचान सतवाहिनी, जमालपुर निवासी रंजीत ठाकुर के पुत्र मनीष ठाकुर के रूप में हुई है जबकि घायलों में मंगलम सिटी के पीछे स्थित प्रेम नगर निवासी मन्नू पांडे और शुभ सीट नामक युवक के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि एक ही स्कूटी पर सवार तीन युवक गम्हरिया की ओर से जा रहे थे।

# आदित्यपुर में प्रवीण सेवा संस्थान की ओर से दुर्गा पूजा पर बन रहा है म्यांमार का स्वर्ण मंदिर

### पूर्व विधायक एवं संरक्षक अरविंद सिंह ने किया भूमि पूजन



प्रस्तावित पंडाल का प्रारुप।



भूमि पूजन के दौरान ध्वजा गाड़ते पूर्व विधायक अरविंद सिंह व साथीगण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर में प्रवीण सेवा संस्थान श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से इस बार दुर्गा पूजा के अवसर पर म्यांमार का स्वर्ण मंदिर नजर आएगा। पूजा पंडाल का भूमि पूजन शुक्रवार को संस्थान के संरक्षक सह ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह की ओर से किया गया। भूमि पूजन समारोह पर धनंजय कुमार, संजीव त्रिपाठी, वैभन सिंह, राधा मोहन शर्मा, विवेक सिंह, सौरभ राय, सोनू सिंह, इंद्रजीत पांडेय, प्रदीप पांडेय, अनुराग आदि मौजूद थे।

**1973 से की जा रही है पूजा :** प्रवीण सेवा संस्थान श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से वर्ष 2023 में गोल्डेन जुबली वर्ष मनाया गया था। इसके पहले जयराम यूथ स्पोटिंग क्लब की ओर से पूजा का आयोजन किया जाता था। यहां पर 1973 से ही दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। संरक्षक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह के अनुसार शुरू में छोटे आकार का पूजा होता था। अब लोगों के सहयोग से यह पूजा भव्य रूप ले चुका है।

### पूजा के माध्यम से कर रहे हैं विश्व शांति का आह्वान : मलखान सिंह

पूजा कमेटी के संरक्षक एवं पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रवीण सेवा संस्थान पूजा पंडाल के माध्यम से दुर्गा पूजा पर विश्व शांति का आह्वान किया जा रहा है। म्यांमार स्वर्ण मंदिर में खुद गौतम बुद्ध विराजमान हैं। मां दुर्गा के माध्यम से विश्व शांति की कामना करते हैं। पंडाल के भीतर भी बेहतर कीरागरी देखने को मिलेगी। म्यूजिकल लाइट भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

**सोने जैसा चमकेगा पूजा पंडाल :** म्यांमार का पूजा पंडाल तैयार होने के बाद सोने जैसा चमकेगा. पूजा घुमने आने वाले लोगों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र होगा। म्यांमार का यह स्वर्ण मंदिर बर्मी वास्तुकला शैली में निर्मित भगवान बुद्ध को समर्पित है।

**90 फीट उंचा होगा पूजा पंडाल :** म्यांमार का स्वर्ण मंदिर 90 फीट उंचा और 150 फीट चौड़ा होगा। इस काम के लिए 50 करीगरों ने काम शुरू कर दिया है। पंडाल का निर्माण कर रहे बंगाल कोंटाई नचिंदा के मुख्य कारीगर चिकेन ने बताया कि पंडाल की कारीगरी में शीशा, फाइबर समेत कुल 20 आयटमों का प्रयोग कर स्वर्ण मंदिर का रूप दिया जाएगा।

## झारखंड यूरोलाजी सोसाइटी का दो दिवसीय सेमिनार आज से



सेमिनार के बारे में जानकारी देते सबसे दायें डा संजय जौहरी व सहयोगी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड यूरोलाजी सोसाइटी का 5 वां वार्षिक कांफ्रेंस इस बार जमशेदपुर में होने जा रहा है। उक्त जानकारी गत बुधवार को सोसाइटी के पदाधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी। आयोजन समिति के सचिव डा. संजय जौहरी ने कहा कि शहर में दूसरी बार यह कांफ्रेंस होने जा रहा है। इसमें देशभर से करीब 80 विशेषज्ञ चिकित्सक भाग लेंगे। वहीं, हैदराबाद से डा. चंद्रमोहन, पूणे से डा. पंकज जोशी, कोलकाता से डा. अमित घोष व मुंबई से डा. संजय आएंगे, जो न सिर्फ देश में बल्कि विश्व में भी इनकी पहचान है। ये विशेषज्ञ अलग-अलग देशों में इलाज करने के साथ-साथ अपना अनुभव साझा करने जाते हैं।

## विधायक ने टीएमएच से कराया 87 हाजार का बिल माफ

**चांडिल।** चांडिल के बुरुडूंगरी डाकबंगला निवासी शांति वाला तंतुवाई का पैर में इंफेक्शन की समस्या होने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया था। इस दौरान वे स्वास्थ्य हुए और इलाज के दौरान उनका अस्पताल में बकाया बिल काफी हो गया। परिजनों ने कुछ बिल चुकाने के बाद बाकी बचे शेष बील चुकाने में असमर्थता जताते हुए बेटे बनमाली तंतुवाई ने इसकी जानकारी विधायक सविता महतो को दिया।

# मुख्यमंत्री जी... यह कैसा अबुआ राज? जहां आदिवासी बेटियां सुरक्षित नहीं

## एक थी पलामू की रूपा



- राज्य सरकार की मंशा पर प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने उठाया सवाल
- पलामू के रामगढ़ क्षेत्र के नावाडीह की बेटी का सासाराम में बलात्कार के बाद कर दी गयी थी हत्या

## दुष्कर्म के बाद मार डाली गयी आदिम जनजाति समाज की बेटी : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा है कि आदिम जनजाति की नबालिग की बलात्कार के बाद हत्या कोई सामान्य घटना नहीं है। लेकिन झारखंड के हेमंत राज में इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश हो रही है, लेकिन वह ऐसा होने नहीं देगी। यह लड़ाई सिर्फ पीड़िता की मां जीरा कुंवर की नहीं, बल्कि यह सवाल महिला सुरक्षा और आदिवासी समाज से जुड़ा हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार का यह निरंतर प्रयास है कि वर्षों से विकास के मामले में पीछे छूट गया। हमारा जनजाति समाज आगे बढ़े, पर राज्य सरकार के स्तर से इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी जा रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण नावाडीह गांव में देखने को मिल रहा है। आखिर यह कैसा अबुआ राज है? जहां आदिवासी समाज की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। प्रथम महापौर श्रीमती शंकर पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव जा कर नाबालिग रूपा कुमारी के परिजनों से मुलाकात करने के बाद यह बातें कही।

**...क्या बोलीं प्रथम महापौर :** परिजनों से मुलाकात के बाद प्रथम महापौर ने आदिवासी समाज की बेटी-बहनों की सुरक्षा के सवाल पर राज्य सरकार को घेरा। सवाल किया कि क्या आदिम जनजाति परिवार के नाबालिग की जान की कोई कीमत नहीं है? आदिवासी समाज की बेटियां मानव तस्करी की शिकार हो रही है, शासन-प्रशासन चुप है। नावाडीह के स्व जोसेफ कोरवा की बेटी की दुष्कर्म के बाद बिहार के सासाराम में तीन जून को हत्या की गयी है। नरेश कोरवा ईंट भट्ठा में काम करने के लिए ले गया था। उमा सिंह के भट्ठा में वह काम करती थी। 6 जून को नाबालिग की मां जीरा कुंवर की शिकायत पर रामगढ़ थाना में मामला दर्ज हुआ, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई पुलिस के स्तर से नहीं की गयी है। यह बताने के लिए काफी है कि झारखंड सरकार के लिए महिला सुरक्षा का सवाल कोई अहमियत नहीं रखता है। झारखंड में महिला सुरक्षित नहीं है। चार वर्षों में लगभग छह हजार से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है।




गांव पहुंचकर परिजनों से बातचीत करतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

**क्या कहते हैं आंकड़े :** आकंड़ों के मुताबिक प्रत्येक 6 घंटे में यहां एक महिला दुष्कर्म की शिकार हो रही है। इसे रोकने की दिशा में शासन-प्रशासन का रवैया क्या है उसे बताने के लिए नावाडीह की घटना ही काफी है। श्रीमती शंकर ने कहा कि आदिम जनजाति वर्ग से जुड़े इस मामले में पीड़ित परिवार को न्याय मिले, इसके लिए वह सक्रियता के साथ आवाज बुलंद करेगी। आदिवासियों के हित में काम करने का जो दावा हेमंत सरकार कर रही है वह खोखला है। इस सवाल पर भाजपा चुप नहीं बैठेगी। इंसाफ की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। यही भरोसा दिलाने के लिए वह पीड़ित परिवार से मिलने आयी है, ताकि दुख की घड़ी में यह परिवार अपने आप को अकेला न समझे।

### रामगढ़ थाना में हुआ था मामला दर्ज बावजूद नहीं की गयी कोई कार्रवाई

एक आदिवासी लड़की जिसका नाम रूपा (13) है। स्व जोसेफ कोरवा की बेटी, नावाडीह गांव, ब्लॉक रामगढ़, जिला पलामू के साथ 03 जून को सासाराम- बिहार में बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गयी। इस लड़की को रामगढ़ गांव के नरेश कोरवा सासाराम ले गया था। अक्टूबर/नवंबर 2023 में पलामू की लड़की रोहतास जिला उमा सिंह के स्वामित्व वाले सासाराम में एक ईंट भट्ठे में काम करती थी। आदिवासी लड़की की मां की शिकायत पर रामगढ़ पीएस, जिला में आईपीसी की धारा 302, 370, 370 (ए), 376, 34; एससी/एसटी अधिनियम की 3 (2) (बी) और पोक्सो अधिनियम की 4, 6 के तहत एक प्राथमिकी संख्या 27/2024 दिनांक 06.06.2024 को दर्ज किया गया था। आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

## स्पीड न्यूज

### रहमानिया उवि परिवार की अभिभावक संग बैठक



**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा पलामू में शिक्षक अभिभावक बैठक की गयी। शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा जारी गार्डलाइन को पूर्णतः पालन किया गया। बैठक में रामबांध पंचयात के मुखिया विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य और अभिभावक शिक्षक तथा छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने शिक्षा के महत्व बताये। साथ की साथ छात्र छात्राओं के अभिभावकों से बच्चों को स्कूल वेजने पर जोर दिये। बैठक में संतोष चौहान, अभिषेक कुमार, हरेंद्र सिंह यादव, बसंत सोनी, जागेश्वर प्रसाद, हसनैन रजा, सब्बा प्रवीण, राजहंस कुमार व ग्रामीण शिक्षक तहसीन अंसारी थे।

### लक्ष्मीनारायण ने की जनसंपर्क यात्रा



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के झारखंड प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने कई गांवों में जनसंपर्क यात्रा की। इस दौरान श्री तिवारी ने कुंडेलवा, जोड़, खनवां, सिगरा आदि कई गांवों में संपर्क किया। यात्रा के दौरान प्रो धर्मराज तिवारी, शंकर पांडेय, ललन पांडेय, अधिवक्ता बिंदेश्वर महतो, राम खेलावन राम, अनवर अहमद अंसारी, मुखराम यादव, सुरेश मिश्रा, संतोष शुक्ला, बिजय शुक्ला, सद्दाम हुसैन से संपर्क कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जदयू झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री ने किया भव्य स्वागत



**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की गई। इस दौरान पटना में मुख्यमंत्री आवास में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राज्यसभा सांसद संजय झा, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री एवं झारखंड के प्रभारी अशोक चौधरी को सामूहिक रूप से बुक के देकर जदयू नेताओं ने स्वागत किया। मौके पर जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो व झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, मधुकर सिंह आदि लोगों ने सामूहिक रूप से बुके देकर सभी का स्वागत किया।

### ज्योति ने युवाओं संग बनायी रणनीति



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता ज्योति पांडे ने डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के बंदूआ और बूढ़ीवीर गांव में युवाओं के साथ बैठक की। बैठक में श्री पांडेय ने समस्याओं से अवगत हुए। बैठक के दौरान युवाओं ने कई समस्याओं पर भाजपा नेता का ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि यहां की रोजगार की समस्या सबसे अधिक है। लोगों ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने मे असफल साबित हुई है। बालू के अभाव में लोग अपना घर नहीं बना पा रहे हैं तमाम विकास योजनाएं स्थिर पड़ी हुई है। बैठक में मुखिया दीनानाथ मांझी, उप मुखिया ओमप्रकाश चंद्रवंशी, मनोज सिंह, रविंद्र रजक, वीरेंद्र वर्मा, राणा प्रताप चंद्रवंशी, मुरारी सिंह, सूरज तिवारी, अभय वर्मा, रितिक पांडे आदि उपस्थित थे।

### छात्राओं को दी गयी महिला हेल्पलाइन बाल विवाह-चाईल्ड हेल्प लाइन की जानकारी

**पाटन पलामू।** समाज कल्याण विभाग की ओर से महिला केंद्रित विषयों पर 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शक्ति सदन के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षण पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री वंदना योजना, महिला हेल्पलाईन, पालना शक्ति निवास, शक्ति सदन, बाल विवाह, दहेज प्रथा, डायन प्रथा, भ्रूण हत्या, चाईल्ड हेल्प लाईन, लिंग भेद के बारे में छात्राओं को बताया गया। कस्तुरबा गांधी विद्यालय में बालिकाओं के नाम से पौधारोपण किया गया। मौके पर वर्गवार बाल विवाह, डायन प्रथा पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका लक्ष्मी, रीना, सरिता, रुपा, चंदा, प्रीति रीना श्रीवास्तव, भास्कर पाण्डेय उपस्थित थे।

### पाटन बीडीओ ने लिया सीओ का प्रभार



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के बीडीओ अमित झा ने पाटन सीओ के पद पर कार्यरत दीपक मिश्रा से सीओ का पदभार ग्रहण किया। पाटन सीओ के पद पर कार्यरत दीपक मिश्रा को श्रावणी मेला देवघर में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पदस्थापित किया गया है इसके बाद पाटन सीओ का पद खाली हो गया था। इस दौरान दीपक ने पाटन बीडीओ अमित को सीओ का पद सौंप दिया है। पाटन दीपक कुमार मिश्रा पलामू में उपसमाहर्ता के पद पर कार्यरत हैं। मौके पर पाटन बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, पाटन अंचल के सीआई प्रगास राम, प्रधान सहायक मो असलम, कनीय प्रधान सहायक दीपक शर्मा, कर्मचारी सीमा कुमारी, आशीष रंजन, युडीसी क्लर्क सुशील शर्मा, अमीन रफीक अहमद, नाजीर विकास, कनीय सहायक अमीत, अनुसेवक ददन कुमार, सरिता सिंह सहित पाटन अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### बुनियादी विद्यालय में बाल संसद का गठन

**मेदिनीनगर।** राज्य के सरकारी विद्यालय में 01 मई से नए सत्र की शुरूआत हो चुकी है। इस कड़ी में विद्यालय के सफल संचालन एवं लोकतंत्र में गुप्त मतदान द्वारा चुनाव की महता और लोकतंत्रात्मक मूल्यों की समझ का विस्तार करने के लिए मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत पोलपोल स्थित बुनियादी विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में बाल सांसद का चुनाव किया गया।

# विश्रामपुर अष्टभुजी-साईं मंदिर का चौथा स्थापना दिवस मना

- कई तरह का हुआ धार्मिक अनुष्ठान आयोजित
- भजन संध्या व रासलीला का भी हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद के नावाडीह कला स्थित मनोकामनापूर्ति अष्टभुजी व साईं मंदिर का चौथा वर्षीय उत्सव पूरे धूम-धाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव के मौके पर मंदिर में आज धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पूरे विधि-विधान के अनुसार विशेष पूजा-अर्चना की गयी। गायत्री परिवार के द्वारा यज्ञ व दीपोत्सव कराया गया। रुद्र महाकाल ग्रुप ने आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की। साथ हीं भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। विशेष पूजा अर्चना में बतौर मुख्य यजमान के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व संजय चंद्रवंशी शामिल हुए। वहीं पूजा के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। जहां हजारों श्रदालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, ग्रामीण मंडल अमरेश तिवारी, धीरेंद्र तिवारी, उपेंद्र तिवारी, सुनील चौधरी, दामोदर यादव, भोला चंद्रवंशी, शिवबंश मिश्रा, सहित कई लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम में पूजन करते भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर।

# पौधरोपण से धरती मां व पिंड पानी से मृतक की आत्मा को मिलती है शांति : डॉ कौशल व अमित

- पर्यावरणविद डॉ कौशल व पार्षद अमित ने श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पौधरोपण कर दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के बगिया पंचायत के धोबीडीह निवासी स्व देवमाती देवी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उनकी आत्मा के शांति के लिए पौधरोपण किया। डॉ कौशल ने मृतक के परिजनों के सहयोग से पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासियां आम का पौधा लगाकर कार्यक्रम को न सिर्फ यादगार बनाया बल्कि श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल परिजनों को डॉ, पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ भी दिलायी। मौके पर ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि यदि घर में गार्जियन का साया सर से हट जाय तो उनके नाम पर पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाना चाहिए। जिस तरह गार्जियन अपने परिवार के सुख सुविधा का ख्याल रखता हैं। ठीक उसी तरह एक वृक्ष मानव जीवन के लिए 10 कार्य करते हैं।



पौधा लगाते व शपथ दिलाते, डॉ पर्यावरणविद व पार्षद अमित, अन्य।

## 15वीं वित्त में बड़े पैमाने पर बरती गयी अनियमितता, डीसी से करेंगे शिकायत

- सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गयी जानकारी का अवलोकन करने पहुंचे आरटीआई सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर आर मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के पत्रांक 386 दिनांक 9 जुलाई के आलोक में आरटीआई सेल के राष्टीय अध्यक्ष सह एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमिटी के राष्ट्रीय सदस्य आर आर मेहता, संस्था के ईस्ट जॉन इंचार्ज धनंजय पांडेय, पलामू आर टी आई सेल के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां मांगे सूचना का उनके द्वारा अवलोकन किया गया। जहां अभिलेख में बड़े पैमाने पर अनियमिता व लापरवाही बरते जाने का मामला प्रकाश में आया। अभिलेख के अवलोकन में पाया कि कार्य योजना अभिलेख में मैटेरियल सामग्री विल वाउचर चालान नहीं है। किसी भी वाउचर में वेंडर व सप्लायर का हस्ताक्षर दिनांक अंकित नहीं है और न हीं सामग्री खरदारी का स्थान रिकॉड नहीं है। बताया कि इससे प्रतीत होता है कि चोरी का मैट्रियल सामग्री से योजना का कार्य किया जा रहा है।



## फरार आरोपित के घर पर ढोल नगाड़े लेकर पहुंची मनातू पुलिस

- सत्येंद्र यादव के घर पर चिपकाया इश्तेहार, कार्रवाई जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू/तरहसी पलामू।** न्यायालय के आदेश पर मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में मनातू थाना कांड संख्या 14/24 के आरोपित मनातू थाना ग्राम नावा निवासी सत्येंद्र यादव के घर ढोल नगाड़ा और बैंड बाजा बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। विदित हो कि सत्येंद्र यादव पिता कइल यादव द्वारा एक नाबालिक के साथ 14 अप्रैल 2024 को दुष्कर्म करने का मामले में नाबालिक के परिजनों द्वारा थाना में आवेदन दिया गया था जिसके आधार पर मनातू थाना प्रभारी द्वारा जांच कर मुकदमा पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया था तब से अपराधी सतेन्द्र यादव लगातार फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा अनेकों बार छापामारी के बाद भी अपराधी सत्येंद्र यादव द्वारा सरेंडर नहीं किया गया। शुक्रवार को मनातू थाना प्रभारी ने दलबल के साथ ढोल नगाड़ा और बैंड बजा बजाकर ग्रामीणों के बीच इश्तेहार चिपकाने का कार्य किया।



## एनएच 98 पर सड़क दुर्घटना, दो बाइकर्स घायल



**नावा बाजार पलामू।** पंडवा मोड़ औरंगाबाद मुख्य मार्ग कंडा मिलानी महुआ के पास सड़क दुर्घटना में जोरदार टक्कर से कंडा निवासी ममताज खलिफा व पतरिहा निवासी अनिल यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की खबर सुनकर बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, गिरजा शंकर राम समेत कई ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद तुरंत बेहतर इलाज के लिए मेदिनी नगर हॉस्पिटल भेज दिया गया है।

## वरीय अधिवक्ता संतोष कुमार दुबे बने भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय प्रभारी



**मेदिनीनगर।** वरीय अधिवक्ता संतोष कुमार दुबे को भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश के सदस्य एवं प्रभारी मेदिनीनगर गढ़वा व लातेहार का मनोनीत किया गया है। उक्त आशय का पत्र प्रदेश संयोजक डॉक्टर उमाशंकर केडिया ने अपने हस्ताक्षर से जारी किया है। संतोष कुमार दुबे को भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का सदस्य एवं प्रभारी मेदनीनगर, गढ़वा एवं लातेहार मनोनीत किए जाने पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ के शैलेंद्र कुमार तिवारी,देवेंद्र कुमार पांडेय, आतिश कुमार दुबे, ज्वाला दुबे, अनिल पांडेय, बिंदु शंकर पांडेय, मुक्तिनाथ तिवारी आदि लोगों ने बधाई दी है।

## झारखंड क्रांति मंच का नावा बाजार प्रखंड-अंचल में धरना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नावा बाजार पलामू।** झारखंड क्रांति मंच के बैनर तले नावाबाजार स्थित प्रखण्ड व अंचल कार्यालय के प्रांगण में प्रखंड व अंचल कार्यालय का घेराव व एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन जेकेएम के प्रखण्ड अध्यक्ष सह रबदा ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य संतोष राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन मंच के केन्द्रीय संयुक्त सचिव युगल किशोर राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु उपस्थित थे। आन्दोलनकारियों ने तुकबेरा के दलितों का पचास साल पुराना रास्ता खोलना होगा, गैरमजरुवा जमीन की अवैध जमाबंदी रद्द कर अवैध कब्जा हटाना होगा।

## पदाधिकारी ने आरेदाना व मेराल पीडीएस डीलर को किया निलंबित

**पाटन पलामू।** पलामू जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रिति किस्कु ने पाटन आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार के जांच रिपोर्ट पर पाटन के आरेदाना पीडीएस डीलर ओम प्रकाश तिवारी एवं मेराल के पीडीएस डीलर संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह को निलंबित कर दिया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरों पर राशन वितरण में लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की है। मालूम हो कि पाटन आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार को दोनों पीडीएस डीलर के लाभुकों ने वितरण में घोर लापरवाही बरती है।

## बजरंग दल के सदस्यों को नियमित प्रशिक्षण देकर पारंगत बनाया जायेगा : दीपक सोनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर के परी मैरिज हॉल में पांच प्रखंडों की प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में छतरपुर, नावा बाजार, नौडीहा बाजार, पिपरा और हरिहरगंज के बजरंगियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण तीन सत्र में चला।

संगठन की बारीकियां और तौर तरीके से सभी बजरंगियों को परिचित कराया गया। प्रशिक्षण शिविर में बजरंग दल के प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर ने सभी बजरंगियों का उन्हें शस्त्र और शास्त्र के ज्ञान में पारंगत होने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से बजरंग दल के सदस्यों को और भी कुशल और पारंगत बनाया जायेगा।

## कुंदरी घटना की जांच कर केवल दोषियों को ही गिरफ्तार करे पुलिस, निर्दोषों को नहीं



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** जिला प्रशासन पिछले दिनों हुई पांकी रोड अंतर्गत ग्राम कुंदरी में दुर्घटना के बाद बाद आगजनी और मॉब लिंचिंग की घटना में जांच कर गुनहगार को ही पुलिस गिरफ्तार करे। पुलिस अनावश्यक लोगों को परेशान न करें और बेगुनाह लोग गिरफ्तार न हो, इसका ख्याल रखा जाये। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वे डीआइजी व पुलिस कप्तान से मिलकर सारी स्थिति से अवगत करायेंगे। कहा कि घटना के दिन भीड़ अधिक थी कई लोग उक्त घटना में नहीं थे कुछ बाहर थे और कई लोगों को पुलिस खोज रही है। कहा कि उन्हें जिला प्रशासन पर पूरा भरोसा है कि जांच कर उचित कार्रवाई पुलिस करेगी फिर भी वे वरीय अधिकार से मिलकर अपने बात और लोगों की बात रखेंगे, जिसमें बेगुनाह लोगों के साथ न्याय होगा।

# रामगढ़ उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच 25 साइकिल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के रामगढ़ स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को एक सादे समारोह के दौरान नौवीं के छात्र-छात्राओं के बीच 25 साइकिल का वितरण किया गया। रामगढ़ के मुखिया उमाशंकर प्रसाद एवं प्राचार्य महेन्द्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से साइकिल का वितरण किया। साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं में उत्साह के साथ हर्ष देखा गया।



साइकिल देते मुखिया एवं प्राचार्य।

बता दें कि रामगढ़ का इलाका जिले का सबसे सुदूरवर्ती माना जाता है। इस क्षेत्र में अभावग्रस्त लोगों की संख्या अधिक है और उनके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते हैं। बच्चों को दूर-दूर से पढ़ाई करने के लिए स्कूल आना पड़ता है। साइकिल मिलने से वे अब समय पर एवं सुविधा से स्कूल पहुंच सकेंगे। मौके पर मुखिया उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि हाई स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे दूर दराज से किसी तरह स्कूल पहुंचते हैं। एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक 25 बच्चों को आज साइकिल दी गयी है। 101 का लक्ष्य रखा गया है। जल्द बाकी की साइकिल का भी वितरण कर दिया जाएगा। प्राचार्य ने साइकिल देते हुए छात्र-छात्राओं को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

# झारखंड प्रदेश के शिक्षकों को मिले सम्मान उनकी समस्याओं का करें निदान : रामाशीष

- क्षेत्र भ्रमण के दौरान रामाशीष ने मध्य विद्यालय चेचरिया में छात्र छात्राओं के बीच लेखन सामग्री वितरण कर किया प्रोत्साहित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** युवा भाजपा नेता रामाशीष यादव का बिश्रामपुर विधानसभा में लगातार दौरा जारी है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई लोगों से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। शुक्रवार को उंटारी रोड प्रखंड में क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री रामाशीष मध्य विद्यालय चेचरिया पहुंचे जहां विद्यालय में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा प्रायोजित रेल प्रोजेक्ट प्रोग्राम के तहत साप्ताहिक परीक्षा ली जा रही थी। इस दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षिक विकास में रेल प्रोजेक्ट कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन समिति से बातचीत के दौरान जानकारी मिली कि विद्यालय में शिक्षकों की घोर अभाव है। राज्य सरकार के अनदेखी रवैया से शिक्षकों में व्याप्त असंतोष की भावना है। शिक्षकों की लंबित मांगो पर अब तक कोई पहल नही की गयी है। साथ ही संसाधनों और सुविधाओं के अभाव में स्कूल के बच्चों को उचित शिक्षण व्यवस्था नही मिल पा रही है। श्री यादव ने सभी बिंदुओं को सुनने के बाद कहा कि राज्य सरकार को गंभीरता से शिक्षकों की मांग को पूरी करनी चाहिए। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होतें हैं। इनकी मेहनत से कई परिवार के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होता है।



स्कूली बच्चों के बीच लेखन सामग्री बांटते युवा भाजपा नेता।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की बीडीओ को हटाने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केतार बीडीओ सह सीओ विकास कुमार सिंह के द्वारा अमवाडीह निवासी नागेन्द्र प्रजापति जो भाजपा के मंडल कार्यसमिति सदस्य सह परती पंचायत के प्रभारी हैं उनके साथ जो दुर्व्यवहार किया गया है। यह बिल्कुल गलत हुआ है। एक पदाधिकारी का जनता के साथ इस तरह का रवैया कहीं से भी अच्छा नहीं है। ऐसे प्रखंड विकास पदाकिारी सह अंचल पदाधिकारी के प्रति निंदा करते हुए श्री बंशीधर नगर एसडीओ एवं गढ़वा डीसी से मांग किया है कि ऐसे व्यवहार के पदाधिकारी के उपर नियम संगत कानूनी कार्रवाई करते हुए केतार के प्रभार से तत्काल हटाया जाय। साथ ही किसी दूसरे पदाधिकारी को केतार का प्रभार दिया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि यदि बीडीओ पर कार्रवाई नहीं हुई तो केतार भाजपा मंडल के नेता व कार्यकर्ता बाय होकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे तथा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अनिश्चित कालीन धरना देंगे।

## बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से मिले अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया से सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिले में भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं के अतिशीघ्र निदान हेतु बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से मुलाकात की। पटना स्थित राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्रालय में हुई इस औपचारिक मुलाकात में सांसद ने मंत्री ने जिले में भूमि विवाद से बढ़ते अपराध पर जल्द से जल्द अंकुश लगाने की मांग की।

# विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। गश्ती में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। रात्रि गश्ती और तेज करें। रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिये वरीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करें। सीएम ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सभी पूरी तन्मयता से काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके। कानून व्यवस्था




को बनाये रखने के लिये पुलिस और प्रशासन मुश्तैदी से कार्य करें तथा अपराध नियंत्रण के लिए पूरी सख्ती से कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिये विभिन्न श्रेणियों में 2,29,139 पद स्वीकृत किये जा चुके हैं। 1,06,436 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। शेष रिक्त पदों पर बहाली शीघ्र करें। हमने वर्ष 2013 से ही पुलिस में महिलाओं के लिये 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। अभी बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या लगभग 30 हजार हो गयी है। बिहार पुलिस में महिलाओं की भागीदारी देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ने से थानों में जो महिलायें शिकायत लेकर आतीं हैं, उन्हें समस्याओं के समाधान में सहूलियत हो रही है और उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है। हर थाने में महिला पदाधिकारी एवं महिला पुलिस कर्मियों का पदस्थापन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार हो, उनकी बातें सुनी जाय, यह सुनिश्चित किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं, जो अब घट रहा है। जानकारी दी गयी है कि 46.69 प्रतिशत हो गया है, यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लैंड सर्वे एंड सेटलमेंट का काम तेजी से पूर्ण हो ताकि भूमि विवाद को लेकर होनेवाली अपराध की घटनाओं में पूरी तरह कमी आए। शराबबंदी के क्रियान्वयन पर विशेष नजर रखें, गड़बड़ी करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। इसमें जो पदाधिकारी संलिप्त हैं, उनको भी चिह्नित कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिये सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि बिहार में साम्प्रदायिक सद्भाव का माहौल कायम है, इसके लिये पुलिसकर्मियों ने अच्छा काम किया है। प्रशासन और पुलिस पूरी मुश्तैदी के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये रखें।

## खबर एक नजर में

### सहरसा हवाई अड्डा का होगा विकास, लोगों को होगी बहुत सहूलियत : डॉ आलोक

एजेंसी

**सहरसा।** स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने बताया कि सहरसा हवाई अड्डा का विकास राज्य सरकार अपने फंड से करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि विगत विधानसभा सत्र के दौरान हमने संकल्प के माध्यम से सहरसा हवाई अड्डा को चालू कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया था। सरकार ने सकारात्मक जवाब भी दिया था। उसके बाद हमने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर सहरसा का पांच प्राथमिकता का ज्ञापन दिया था। मेरे ज्ञापन में से एक सहरसा हवाई अड्डा को चालू करना था। हमने आग्रह किया कि सहरसा हवाई अड्डा के चालू होने से इस क्षेत्र के लोगो को बड़ी सुविधा होगी के साथ साथ बगल के ज़िला मधेपुरा, सुपौल, खगड़िया सहित अन्य ज़िले के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में इस आशय की जानकारी दी गई कि सहरसा, बेगूसराय, मुंगेर, डीहरी और राजगीर हवाई अड्डा को बिहार सरकार अपने फंड से निर्माण करवाएगी। इस कार्य के लिए हम समस्त सहरसा और कोसी वासी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिंहा सहित एन डी ए सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। ज्ञात हो कि सहरसा के बगल में अंतराष्ट्रीय सीमा अवस्थित होने के कारण यह हवाई अड्डा का सामरिक महत्व भी है।वही हवाई यात्री को अभी दरभंगा या पटना जाना पड़ता है। जिसके कारण लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। सहरसा हवाई अड्डा चालू होने पर काफी सहूलियत होगी।

### देवाकी बाबाधाम पुल पर ट्रक व चार चक्का वाहन में सीधी भिड़ंत, बाल बाल बचे चालक

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र देवाकी बाबा धाम पुल पर शुक्रवार को दिन के 12 बजे बॉक्साइट ट्रक और चार चक्के वाहन की सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे चार चक्के वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में चार चक्के वाहन चालक बाल बाल बच गया। घटना के बाद सड़क जाम हो गई। जिसके बाद पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ पहुंच। वाहन को हटाने की प्रक्रिया में जुट गई। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार बॉक्साइट ट्रक आदर की ओर से घाघरा आ रहा था। वही विपरीत दिशा से इको स्पोर्ट चार चक्का वाहन बिशनपुर की ओर जा रहा था।

### युवा कांग्रेस के महासचिव के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त

**गुमला।** जिला युवा कांग्रेस के महासचिव मंगल खड़िया के आसमयिक निधन के सूचना पर शुक्रवार को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत, प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने सरना टोली स्थित उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किया। साथ ही मृतक की मां एवं परिवार को सांत्वना दी। अभिनव भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपना एक सच्चा सिपाही खो दिया। जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है।

# बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन



फोटो 1-कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के गुरुपद संभवराम जी सभागार में आपराधिक कानून साइबर अपराध एवं डायल 112 पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो. एमके सिंह, रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह एवं पुलिस अवर निरीक्षक गढ़वा शशि कुमार शर्मा ने गुरुपद संभवराम जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार रवि चौधरी ने व्यवहार न्यायालय गढ़वा द्वारा परिवर्तित तीन अपराधी कानून के संबंध में जागरूक करते हुए नागरिक सुरक्षा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता न्याय संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम 23 के विभिन्न पहलू पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमके सिंह ने नए प्रमुख आपराधिक कानून के संबंध में जो की तीन नए कानून में बदलाव किया गया उस पर प्रकाश डाला। रंका एसडीपीओ ने तीन नए कानून के संबंध में जो भारतीय नागरिक नागरिकता सुरक्षा 2023 भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 23 जो की 01 जुलाई 24 से पूरे भारत में लागू किया गया उस पर विस्तृत प्रकाश डाला।

साथ ही सभागार में बैठे लोगों के प्रश्नों का उत्तर देकर नए कानून के प्रति जागरूक किया। गढ़वा थाना के पुलिस निरीक्षक ने साइबर अपराध एवं डायल 112 के संबां में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. पीडी तिवारी, सुभाष कुमार, प्रवीण सिंह, मुकेश सिंह, राकेश कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, पंकज कुमार सिन्हा, शंभू राम सहित काफी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## भाजपा ने उपनेता, उपमुख्य सचेतक और सचेतक की लिस्ट जारी की

**पटना।** बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र आगामी 22 जुलाई सोमवार से शुरू हो रहा है। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने शुक्रवार को उपनेता, उपमुख्य सचेतक और सचेतक की लिस्ट जारी की है। बिहार विधान परिषद के उप नेता डॉ राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को बनाया गया है। जबकि उपमुख्य सचेतक संजय प्रकाश बने हैं। वही बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह को बनाया गया है।छह सचेतक भी बनाया गया है। सचेतक की लिस्ट में विजय कुमार मंडल,आलोक रंजन,कृष्ण कुमार ऋषि, हरीभूषण ठाकुर,संजय सरावगी और वीरेंद्र सिंह का नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि आगामी 22 जुलाई से बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू हो जाएगा। 26 जुलाई तक चलने वाले मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में पांच-पांच बैठकें होंगी। पांच दिनों के सत्र के दौरान सरकार अनुपूरक बजट के साथ साथ अन्य विधेयक को सदन में पेश करेगी। अनुपूरक बजट पर 25 जुलाई को विधानसभा जबकि 26 जुलाई को परिषद में मुहर लगेगी। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने उपनेता, उपमुख्य सचेतक और सचेतक की लिस्ट जारी की है।

# पंचायत सचिवों ने प्रखंड मुख्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन




धरना प्रदर्शन करते पंचायत सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर मझिआंव प्रखंड के पंचायत सचिव प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के समीप दो सूत्री मांग को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश जायसवाल ने बताया कि विभाग की शिथिलता के कारण दो सूत्री मांग में मूल ग्रेड पे 2400 रुपए करने, एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पद पर 25 प्रतिशत में शेष प्रोन्नति वरीयता के आधार पर दिया जाए और आरक्षित 25 प्रतिशत पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा तीन बार अवसर देते हुए रिक्तस्थान भरा जाए, को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित तमाम विकास योजनाओं को धरातल में उतारने का दायित्व पंचायत सचिव के कंधों पर हैं।

दुर्गम से दुर्गम स्थान से निकालकर जिला तक पहुंचाना 24 घंटा दायित्व के बोझ से समर्पित होकर काम करना सभी पंचायत सचिवों की जीवन शैली बन गया है। इसके बावजूद भी संघ की वर्षों लंबित जायज मांगों पर विभाग की शिथिलता के कारण संघ को आंदोलन के लिए दिवस होना पड़ा।

# प्रशिक्षण के बाद 27 छात्रों को मिली नौकरी



छात्रों के साथ बीडीओ व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 27 छात्रों को बैंगलोर के शोभा कंपनी मे नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम, प्राचार्य बृजकिशोर ने नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वालो युवक जो कम पढ़े लिखें है, उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हो गई है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से कम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 41वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं, अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1241 छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की। मौके पर ट्रेनर रमेश उरांव, सिंटु कुमार, निरंजन पाठक, जनक राम, रामबिलाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच बीपीएससी संयुक्त परीक्षा संपन्न

**गोपालगंज।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा के सफल संचालन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी की निगरानी में अंबेडकर भवन वज्र ग्रह से प्रश्न पुस्तिका की निकासी जिला पदाधिकारी मो मकसूद आलम अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा एवं कोषागार पदाधिकारी शशिकांत आर्य, दंडाधिकारी कुमार कुंदन की उपस्थिति में ससमय सभी केंद्रों के लिए संबंधित मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ भेजा गया। इसके बाद वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए बज्रगृह को उक्त सभी अधिकारियों की उपस्थिति में सील कर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार द्वारा सदर अनुमंडल के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी परीक्षार्थियों की फिक्सिंग आयोग के निदेर्शानुसार की जा रही थी और सभी केंद्रों पर जैमर ,सीसीटीवी कार्यरत पाए गए। सभी केंद्रों के मार्ग की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ पाई गई। केंद्र के अंदर एवं बाहर सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी पुलिसकर्मी तैनात पाए गए। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग के मध्य विद्यालय वर्ग 6 से 8 के शिक्षक परीक्षा 19 जुलाई को परीक्षा केंद्र एसएस बालिका उच्च विद्यालय हजियापुर जहां 1044 अभ्यर्थी, बी एम इंटर कॉलेज में 672 अभ्यर्थी,डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड में 864 अभ्यर्थी, एमएम मेमोरियल उर्दू उच्च माध्यमिक विद्यालय केंद्र पर 828 अभ्यर्थी, मुखी राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल थावे पर 480 अभ्यर्थी को शामिल होने के लिए आए।

## नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार चार छात्रों के मामले में पटना एम्स प्रबंधन की आन्तरिक समिति लेगी फैसला

एजेंसी

**पटना।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पटना एम्स के चार छात्रों की गिरफ्तारी के बाद पटना एम्स प्रबंधन के कार्यकारी निदेशक जीके पॉल ने शुक्रवार को कहा कि हमन सीबीआई की जांच रिपोर्ट का देखा है। रिपोर्ट को पटना एम्स की आन्तरिक समिति के पास दे दिया गया है, जो इस पर फैसला लेगी। जीके पॉल ने कहा कि हमारे लिए ये चौंकाने वाली बात है कि हमारे स्टूडेंट्स ऐसी बात में शामिल हैं। हमने सीबीआई की रिपोर्ट को देखा है। उन्होंने कहा कि जिन चारों छात्रों पर फैसला लेना है उनमें हमारे संस्थान के चंदन सिंह, राहुल आनंद, कुमार शानू और करण जैन शामिल हैं।

# बेतिया में बारिश नहीं होने से खेतों में पड़ने लगी दरार, किसान मायूस

एजेंसी

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला मे कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों को चिंता में डाल दिया है। किसानों के फसल से अब हरियाली गायब होने लगी है। पिछले कई दिनों से चिलचिलाती धूप गर्मी के कारण फसलों की हरियाली मद्धिम पड़ने लगी है। धान के फसल में सिंचाई की अति आवश्यकता महसूस होने लगी है। पिछले सप्ताह बारिश होने के कारण किसानों के चेहरे खिल उठे थे। बेहतर बारिश की आशा में जैसे भी हुआ कहीं बारिश के पानी से कहीं पंपसेट के सहारे आनन फानन में धान की रोपनी तो कर ली है किसान फसलों का अच्छा रुझान देख काफी खुश भी थे पर अचानक एक बार फिर मौसम का तेवर गर्म दिख रहा है और धरती फिर से तपने लगी है।



गर्मी से लोगों का हाल जहां बेहाल है। विभिन्न प्रकार के फसलों का पानी के अभाव में हालत खराब होने लगी है।अधिकांश खेतों में दरारें पड़ने लगी है। खेतों में दरारें को देख धान फसल किसानों के चेहरे पर चिंताओं की लकीरें स्पष्ट देखी जा रही है। जबकि आर्थिक रूप से संपन्न किसान पंपसेट से पटवन कर फसलों को बचाने में लगे हैं। जबकि दर्जनों किसान मौसम की मेहरबानी के इंतजार में उपलक निहार रहे हैं। किसानों का मानना है कि एक तो शुरूआती दौर में धान का बिचड़ा बचाने के फसल में काफी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। जिस कारण खेती में लागत ज्यादा पड़ा। इसके बाद जितनी भी बारिश हुई हर किसान अपने-अपने सुविधा अनुसार इस उम्मीद पर आनन फानन में धान की रोपनी तो कर ली और पहली बारिश से गन्ना व हरि सब्जी को भी फायदा हुआ।किसानों के अंदर यह उम्मीद जगी की अब बारिश होगी और विभिन्न प्रकार के फसलों का उत्पादन बेहतर होगा। आज कल एक बार फिर आसमान से सूरज आग उगलने लगा है जिस से फसल बर्बाद होता दिख रहा है। साथ ही किसानों का चेहरा काला पढ़ता दिख रहा है।

## पत्रकार एक साथ कई मोर्चो पर और कई चुनौतियों का सामना करता है : डॉ उदयकांत

**पटना।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत ने कहा कि पत्रकारिता एक कठिन डगर है। पत्रकार एक साथ कई मोर्चों पर और कई चुनौतियों का सामना कर रहा होता है। मानवीयता और संवेदनशीलता के बगैर पत्रकारीय धर्म का ईमानदारी से निर्वहन संभव नहीं है। उपाध्यक्ष डॉ उदयकांत ने पत्रकारिता पर आयोजित कार्यशाला में शुक्रवार को पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों और पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

## पेज एक का शेष

### माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में ....

भारतीय बैंकों पर असर नहीं : माइक्रोसॉफ्ट क्राइसिस का भारतीय बैंक और इसकी भुगतान प्रणाली में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। हालांकि दुनिया भर के कई वित्तीय संस्थान प्रभावित हुए। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि सब ठीक है। एसबीआई ने कहा कि वैश्विक समस्या से उसके कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा है।

**क्या हुई परेशानी :** शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट ने क्लाउड आउटेज हो जाने से विंडो पर करने वाले लाखों सिस्मट पर ब्लू स्क्रीन या शटडाउन होने की शिकायत आने लगी। इसके बाद पूरी दुनिया की रफ्तार पर मानो ब्रेक लग गया। विमानें कैंसिल हो गई, बैंकिंग सेवा प्रभावित हुई और रेल सेवा भी बाधित हुईं। दुनिया भर में विंडोज 10 के उपयोगकर्ता नये क्राउडस्ट्राइक अपडेट के कारण बड़े पैमाने पर आउटेज से प्रभावित हुए है।

### सुरभि तीन दिन ...

ये घटना सामने आने के बाद से इस मकान में कई दिनों से ताला बंद है। सभी लोग कहां गये हैं इसकी जानकारी आसपास के लोगों को भी नहीं है। मोबाइल भी बंद है। पिता संतोष मेहता बिजली विभाग में ठेकेदार के अंदर मेसेंजर का काम करते हैं। इनका मूल घर बिक्रमगंज के पिरो में बताया गया है। उनका बेटा कोलकाता में पढ़ाई करता है। बेटी रिम्स में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही थी।

### किसानों के हित...

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को सुनें और समाधान निकालें। आपकी जिम्मेदारी बनती है सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को भी मिल सके। इसमें कोताही और लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना से ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़कर उन्हें फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें। यह राज्य सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मकसद किसानों की आय बढ़ाना है।

**भाजपा पर कसा तंज :** भाजपा के बड़े नेताओं के झारखंड में दौरा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपना काम करने में लगी है। यहां कौन आ रहा है कौन जा रहा है यह पता नहीं। वैसी भी उनके दौरे से कुछ होने जानेवाला नहीं है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा, सभी दल का अपना अपना कार्यक्रम होता है लोग कर रहे हैं। सूबे में समय से पहले चुनाव होने की चर्चा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव संवैधानिक प्रक्रिया है। संवैधानिक प्रक्रिया से ही चुनाव होगा बाकी जिन्हें जो शिगुफा छोड़ना है छोड़ते रहें किसने रोका है। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ पर सीएम ने कहा कि यह सब पोलिटिकल एजेंडा है। यह कोई विषय नहीं है।

### गिग वर्कर्स को...

**कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए :** श्रमायुक्त सह मिशन निदेशक झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी संजीव कुमार बेसरा ने कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, विभागीय अधिकारियों, आईएलओ के प्रतिनिधियों एवं दूसरे राज्यों से आये विभागीय पदाधिकारियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गिग वर्कर्स के लिए एक हितकारी कानून एवं नीति निर्माण की दिशा में आपके सुझाव उपयोगी साबित होंगे। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, तेजी से बढ़ रही गिग अर्थव्यवस्था में संलग्न गिग वर्कर्स को वर्क फॉर्म की किस श्रेणी में रखते हैं, ये महत्वपूर्ण है। मिचिको मियामोतो, कंट्री डायरेक्टर, आईएलओ ने विभाग की इस पहल के लिए झारखंड सरकार की सराहना करते हुए कहा, गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और हमें इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों से खुद को अवगत कराते रहने की आवश्यकता है। मौके पर

मोटो कंट्री आईएलओ डायरेक्टर मिचिको, श्रम विभाग सचिव मुकेश कुमार, कर्नाटक श्रम विभाग अपर सचिव डॉ. मंजुनाथन, तेलंगाना श्रमायुक्त डॉ ए. गंगाधर, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा, श्रम संगठनों के प्रतिनिधि गण, गिग वर्कर्स प्रतिनिधि समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# सेना व नौसेना प्रमुख सहित 31 अधिकारियों को मिला परम विशिष्ट सेवा पदक

एजेंसी

▶▶ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी व अन्य को किया सम्मानित

▶▶ अति विशिष्ट सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल एस हरिमोहन अय्यर और मेजर जनरल राजेश कुमार झा (सेवानिवृत्त) को प्रदान किया

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी सहित 31 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को शुक्रवार को परम विशिष्ट सेवा पदकों से सम्मानित किया । श्रीमती मुर्मू राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह के दूसरे चरण के दौरान सैन्य कर्मियों को विशिष्ट और लेखनिया सेवा के लिए ये पदक के प्रदान किए। उन्होंने सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल के 94 कर्मियों को विशिष्ट सेवा अलंकरण भी प्रदान किए। इन अलंकरणों में 31 परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम), चार उत्तम युद्ध सेवा पदक (यूवाईएसएम), दो बार सहित अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम), और 57 एवीएसएम पदक शामिल हैं। हाल ही में सेना प्रमुख और नौसेना प्रमुख नियुक्त किए गए जनरल दिवेदी और एडमिरल त्रिपाठी को भी परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और वरिष्ठ सैन्य




अधिकारियों के साथ-साथ अनेक गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, परम विशिष्ट सेवा मेडल पाने वालों में लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमण्य, लेफ्टिनेंट जनरल जॉनसन पी मैथ्यू, एयर मार्शल रवि गोपाल कृष्ण कपूर, लेफ्टिनेंट जनरल बसंत कुमार रेप्सवाल, लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच, लेफ्टिनेंट जनरल जगदीश बलिराम चौधरी, लेफ्टिनेंट जनरल समीर गुप्ता, एन लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल कुलभूषण हनुमंत गवास, लेफ्टिनेंट जनरल सुरिंदर सिंह महल (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), एयर मार्शल चालपति जोन्नालागेड्डा (सेवानिवृत्त), एयर मार्शल विक्रम सिंह (सेवानिवृत्त), एयर मार्शल विभास पांडे (सेवानिवृत्त), एयर मार्शल आर राधीश (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल माधवन उन्नीकृष्णन नायर (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल अरुण अनंतनारायण (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र प्रताप पांडे (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल रविन खोसला (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल पी गोपालकृष्ण मेनन (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल अशोक कुमार जिंदल (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट जनरल अजीत नीलकांतन (सेवानिवृत्त), वाइस एडमिरल संदीप नैथानी (सेवानिवृत्त), वाइस एडमिरल संजय महेंद्रू (सेवानिवृत्त), एयर मार्शल बी चंद्र शेखर (सेवानिवृत्त), मेजर जनरल हरिहरन धर्मराजन (सेवानिवृत्त), मेजर जनरल रवि मुरुगन (सेवानिवृत्त) शामिल थे। उत्तम युद्ध सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल वीरेश प्रताप सिंह कौशिक, लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली, लेफ्टिनेंट जनरल मनीष मोहन एरी, लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही को दिया गया।

अति विशिष्ट सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सूरी, लेफ्टिनेंट जनरल मंजीत कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया, लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर, लेफ्टिनेंट जनरल जगमोहन सिंह सिडाना, लेफ्टिनेंट जनरल एनए विनीत सिंह सरना, लेफ्टिनेंट जनरल संजय सेठी, लेफ्टिनेंट जनरल उल्हास वीरप्पा तालूर, लेफ्टिनेंट जनरल विपुल सिंघल, लेफ्टिनेंट जनरल के विनोद कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह, सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, वाइस एडमिरल संजय भल्ला, वाइस एडमिरल विनीत मैककार्टी, वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह एयर कमोडोर पंकज कुमार श्रीवास्तव, एयर कमोडोर मुकेश कुमार यादव, एयर कमोडोर प्रदीप अरुण शाह को दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### फिल्म देवा में शाहिद कपूर का लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं ।फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया गया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी।

### बांग्लादेश के हालात पर भारत की नजर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में जारी असंतोष की स्थिति पर भारत नजर बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि बांग्लादेश में आंतरिक असंतोष के संबंध में विदेश मंत्री एस जयशंकर स्वयं घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में साढ़े आठ हजार विद्यार्थियों सहित 15 हजार भारतीय नागरिक हैं। ये लोग भारत के राजनयिक मिशनों के संपर्क में हैं।

### क्वात्रा होंगे अमेरिका में भारत के राजदूत

नयी दिल्ली। विनय मोहन क्वात्रा को संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। वह शीघ्र ही कार्यभार संभाल लेंगे। उल्लेखनीय है कि 1988 बैच के आईएफएस अधिकारी क्वात्रा इस महीने की शुरूआत में भारत के विदेश सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले लॉकहीड मार्टिन के सीइओ

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉकहीड मार्टिन की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना को साकार करने की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेक्ले ने गुरुवार को श्री मोदी से मुलाकात की। लॉकहीड मार्टिन भारत-अमेरिका एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक सहयोग का एक प्रमुख साझेदार है। हम मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में इसकी प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।

### रूसी सेना से जल्द छूटेंगे 50 भारतीय

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना में भर्ती करीब 50 भारतीयों ने वापस लौटने के लिए भारतीय दूतावास से अनुरोध किया है जिस पर भारत एवं रूस सकारात्मक कोशिश कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम लगभग 50 भारतीय नागरिकों के बारे में जानते हैं जो वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों में अपना रोजगार समाप्त करना चाहते हैं। ये ऐसे मामले हैं जहां व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों ने अपनी शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने में सहायता के लिए हमसे संपर्क किया है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत द्वारा शीर्ष नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर इस मुद्दे को उठाया गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया रूस यात्रा के दौरान यह मामला उठाया था। रूसी पक्ष ने हमारे अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

# यूपी में अब कांवड़ रूटों पर सभी दुकानों में लगानी होगी नेम प्लेट

## हलाल प्रोडक्ट बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

एजेंसी

▶▶ पवित्र श्रावण महीने की शुरूआत से पहले यूपी के सीएम योगी ने शिवभक्तों के लिए बड़ा कदम उठाया

▶▶ खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों का नाम और पहचान बतानी होगी



▶▶ समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढती रहती है भाजपा : अखिलेश

▶▶ मांस बिक्री पर रोक पूर्णत: असंवैधानिक : मायावती

**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास की शुरूआत से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवभक्तों के लिए बड़ा कदम उठाया। प्रदेशभर में कहीं भी कांवड़ मार्गों पर खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों का नाम और पहचान बतानी होगी। कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक कांवड़ मार्गों पर खाने-पीने की दुकानों पर नेम प्लेट लगानी होगी। नेम प्लेट में दुकान संचालक और उसके मालिक का नाम लिखा जाएगा। कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इसके साथ ही हलाल सर्टिफिकेशन वाले उत्पाद उत्तर प्रदेश में नहीं बेचे जा सकेंगे। ऐसे उत्पाद बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। कई बार पुलिस को यह शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग अपना धर्म छुपाकर व्यापार कर रहे हैं। मसलन रेस्टोरेंट व अन्य खाने-पीने की दुकानें संचालित कर रहे हैं। वे दुकान पर हिंदू देवी-देवताओं की फोटो भी लगाए हुए हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को डर है कि ऐसी दुकानों पर उन्हें अंधेरे में रखकर मांस परोसा जा सकता है। लिहाजा ऐसे लोगों को अपनी दुकान के सामने नाम लिखना चाहिए ताकि शिवभक्त उन्हीं दुकानों पर जाएं जहां उन्हें स्वच्छता एवं पवित्रता का भरोसा है। योगी ने शिवभक्तों की समस्या को समझते हुए यह कदम उठाया है।

इस फैसले का सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कड़ा विरोध किया है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है और वह समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों विभाजनकारी हैं, जिसे जनता समझ चुकी है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने इस फैसले को असंवैधानिक बताया है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार का कांवड़ यात्रा मार्ग के व्यापारियों को अपनी-अपनी दुकानों पर मालिक व स्टॉफ का पूरा नाम प्रमुखता से लिखने व मांस बिक्री पर रोक का यह आदेश पूर्णतः असंवैधानिक है। धर्म विशेष के लोगों का इस प्रकार से आर्थिक बायकाट करने का प्रयास अति निंदनीय है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के लिए मांगा सुझाव

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 जुलाई को होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि विशेष रूप से कई युवा समाज को बदलने के उद्देश्य से किए गए सामूहिक प्रयासों को उजागर कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अभी तक अपने सुझाव माईगॉव या नमो ऐप पर साझा नहीं करने वाले लोगों से भी ऐसा करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि मुझे इस महीने के मन की बात के लिए बहुत से इनपुट मिल रहे हैं, जो रविवार 28 तारीख को होगा। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि कई युवा खास तौर पर हमारे समाज को बदलने के उद्देश्य से किए जा रहे सामूहिक प्रयासों को उजागर कर रहे हैं। आप माईगॉव, नमो एप पर इनपुट साझा कर सकते हैं या 1800-11-7800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड कर सकते हैं। प्रधानमंत्री प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हैं।

## सेनाओं के हथियार भारत में ही विकसित हों : एयर मार्शल

एजेंसी

▶▶ वायु सेना उप प्रमुख एपी सिंह ने डीआरडीओ, डीपीएसयू और निजी उद्योगों से सहयोग का किया आह्वान



**नयी दिल्ली।** आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य के लिए सेनाएं जिन हथियारों की बात कर रही हैं, उन्हें भारत में ही विकसित और निर्मित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम आत्मनिर्भरता की राह पर चल रहे हैं लेकिन यह आत्मनिर्भरता राष्ट्र की रक्षा की कीमत पर नहीं हो सकती। भारतीय सेनाओं की आत्मनिर्भरता तभी संभव है, जब डीआरडीओ से लेकर डीपीएसयू और निजी उद्योग तक सभी हमारा हाथ थामे और हमें उस रास्ते से भटकने न दें। नई दिल्ली में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए एयर मार्शल ने कहा कि दुनिया में जीवित रहने के लिए जरूरी व्यवस्था और हथियार के न मिलने पर हमें अपने रास्ते से भटकने की मजबूरी होगी। उन्होंने आह्वान किया कि हम एक ऐसी व्यवस्था बनाएं, जहां हम समग्र लक्ष्य को प्राप्त करने में एक-दूसरे की मदद कर सकें। अगर हमें राष्ट्र की रक्षा करनी है तो यह किसी और का नहीं, यह हमारा अपना लक्ष्य है। यह हर किसी का काम है, यह सिर्फ.वदीर्धारी व्यक्ति का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कुछ ऐसा है, जिसमें हमें अपना दिल और आत्मा लगाने की जरूरत है। हम जिन तकनीकों और हथियारों के बारे में बात कर रहे हैं, वे सभी भारत में विकसित और निर्मित हों, ताकि हम किसी बाहरी एजेंसी पर निर्भर न रहें। यानी बाहरी ताकतें हमारे देश में हथियारों के प्रवाह रोककर समय आने पर हमें मुश्किल में न डाल सकें।

# आतंकी नेटवर्क और उनके सहायकों के इको-सिस्टम को खत्म करें एजेंसियां

एजें

**नयी दिल्ली।** गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के खिलाफ समन्वित तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित कराने वाले मल्टी एजेंसी सेंटर (मैक) में बड़े तकनीकी और ऑपरेशनल सुधार का संकेत दिया। खुफिया ब्यूरो (आईबी) के तहत काम करने वाले मैक की कार्यप्रणाली की समीक्षा के दौरान शाह ने साफ किया कि देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक इको-सिस्टम को खत्म करना जरूरी है और इसके लिए सभी एजेंसियों को बेहतर तालमेल के साथ काम करना होगा। मैक के माध्यम से देश भर की सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकी गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता है और इन सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। मैक की समीक्षा बैठक के दौरान सुरक्षा व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुख मौजूद थे। उन्हें संबोधित करते हुए अमित शाह ने साफ किया कि एजेंसियों को अलग-अलग काम करने बजाय सरकार की एकजुट सोच के तहत काम करना चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सातों दिन और 24 घंटे सतर्क रहना जरूरी है। इसके लिए मैक में शामिल सभी एजेंसियों और उनकी सूचना के आधार पर अंतिम कार्रवाई करने वालों के बीच रियल टाइम सूचनाओं का आदान-प्रदान लगातार सुनिश्चित करना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि मैक के फ्रेमवर्क की पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने की जरूरत है और मोदी सरकार इसमें बड़े बदलाव की तैयारी में जुटी है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 24 घंटे सतर्क रहना जरूरी : अमित शाह



## यूपीएससी ने प्रशिक्षू आइएएस पूजा पर दर्ज की एफआइआर



**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र केडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के कदाचार की विस्तृत और गहन जांच करने के बाद उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और उसका चयन रद्द करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए उसे कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा कि जांच में पाया कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। यूपीएससी ने कहा कि जांच से पता चला है कि प्रशिक्षु आईएएस ने धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया जिसके लिए उसने अपना नाम, अपने पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर अपनी फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया। इसके लिए उसके खिलाफ पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। उसका चयन रद्द करने और भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए उसे कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस महाविकास आघाड़ी के साथ लड़ेगी चुनाव :केसी वेणुगोपाल

एजेंसी

▶▶ विधान परिषद चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर जल्द होगी कार्रवाई



**मुंबई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को मुंबई में कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी के साथ मिलकर मजबूती से विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधान परिषद चुनाव में पार्टी के साथ गद्दारी करने वालों पर जल्द कठोर कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस पार्टी के नेताओं की शुक्रवार को मुंबई के गरवारे क्लब में पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र में विधानसभा कांग्रेस महाविकास आघाड़ी के साथ मिलकर मजबूती से लड़ेगी और तीनों पार्टियां साथ मिलकर सीटों के बटवारे पर चर्चा करेंगीं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव और उसके बाद देशभर में हुए उपचुनावों में भाजपा को करारी शिकस्त मिल रही है। उन्होंने कहा कि लोग महाराष्ट्र में भी बदलाव चाहते हैं। इसलिए कांग्रेस महाविकास अघाड़ी के साथ मिलकर अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी और तीनों पार्टियां एक साथ बैठकर सीटों के बंटवारे पर चर्चा करेंगी। कांग्रेस पार्टी का संकल्प राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है। केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी वे हार गये। अयोध्या के बाद बदरीनाथ में भी भाजपा को जनता ने हरा दिया है। महाराष्ट्र की स्वाभिमानी जनता प्रदेश की भ्रष्ट और असंवैधानिक सरकार को हटाने जा रही है। नाना पटोले ने कहा कि विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और महाराष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा के लिए लड़ेगी। 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव जी गांधी की जयंती बड़े पैमाने पर मनाई जाएगी।

# सियाचिन में ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात हुयीं पहली महिला कैप्टन सीटी

एजेंसी

▶▶ पति-पत्नी ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर एक साथ किया था मार्च

▶▶ सियाचिन योद्धाओं की लीग में शामिल हो गयी हैं सुप्रीथा सीटी : सेना



नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में कैप्टन सुप्रीथा सीटी को पहली बार ऑपरेशनल भूमिका में तैनात किया है। उनके पति ब्लेज भी सेना में मेजर हैं और वे मद्रास रेजिमेंट से हैं, जबकि सुप्रीथा कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस दल का हिस्सा हैं। दोनों ने जून, 2023 में शादी की और इस जोड़े ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर एक साथ मार्च किया था। इससे पहले महिला कैप्टन शिवा चौहान को तीन माह के लिए सियाचिन ग्लेशियर पर कुमार पोस्ट में तैनात किया गया था। भारतीय सेना ने आधिकारिक बयान में कहा कि बाधाओं को तोड़ना... चुनौतियों पर विजय पाना...कैप्टन सुप्रीथा सीटी सियाचिन योद्धाओं की लीग में शामिल हो गई हैं। अपनी दृढ़ शक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ वह अब दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में परिचालन के लिए तैनात हैं। कैप्टन सुप्रीथा ने कहा कि यह योजनाबद्ध तरीके से नहीं हुआ। यह महज संयोग है। शुरूआत में मैंने अपनी चयन परीक्षा दी और पास हो गई। फिर मेरे पति भी अपनी रेजिमेंट से चयनित हो गए। वे कॉलेज के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का हिस्सा थे। सुप्रीथा ने 2016 में एनसीसी दल के हिस्से के रूप में गणतंत्र दिवस परेड में भी भाग लिया था, जबकि उनके पति ब्लेज ने 2014 में भाग लिया था। मेजर ब्लेज ने कहा कि मेरे लिए गणतंत्र दिवस 2024 में कर्तव्य पथ पर अपनी रेजिमेंट को गौरवान्वित करने के मौकों में से एक था। कैप्टन सुप्रीथा कर्नाटक के मैसूर से हैं और शहर के जेएसएस लॉ कॉलेज से कानून स्नातक हैं। मेजर ब्लेज तमिलनाडु के वेलिंगटन से हैं और उन्होंने जैन विश्वविद्यालय, बेंगलुरु से स्नातक किया है। पिछले साल जनवरी में सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स की महिला कैप्टन शिवा चौहान को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर कुमार पोस्ट में तीन माह के लिए तैनात किया गया था। वहऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं थीं।

### शून्य से नीचे रहता तापमान

दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र माना जाने वाला सियाचिन ग्लेशियर पृथ्वी पर सबसे कठोर इलाकों में से एक है। वहां का तापमान शून्य से 50 डिग्री सेल्सियस नीचे रहता है। सियाचिन ग्लेशियर हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है, जहां भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा समाप्त होती है। काराकोरम रेंज हिमाच्छादित हिस्से में यूरेशियन प्लेट को भारतीय उपमहाद्वीप से अलग करता है, जिसे कभी-कभी 'तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। यह दुनिया के गैर-ध्रुवीय क्षेत्रों में दूसरा सबसे लंबा ग्लेशियर है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !